राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com





# गौरवशाली भारत

नई दिल्ली से प्रकाशित

वर्ष : 12
अंक : 42
पृष्ठ : 08
नई दिल्ली
शनिवार 27 अगस्त 2022
मूल्य : 1.50/-

RNI No .DELHIN/2011/38334



मुख्य अपडेट
पेज 3 जनपद के समस्त दिव्यांगजन यूडीआईडी कार्ड बनवाने के लिए विभागीय पोर्टल पर कर सकते हैं ऑनलाइन आवेदन
पेज 5 यमुना होगी साफ, प्रदूषण कम करने को आगरा में लगेगा 583 करोड़ रुपये की लागत का सीवेज प्लांट
पेज 7 मंगोलिया और जापान में राजनाथ सिंह के पग-पग पर रहेगी ड्रैगन की नजर





केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन, श्रम और रोजगार मंत्री, श्री भूपेंद्र यादव 26 अगस्त, 2022 को तिरुपति आंध्र प्रदेश में राष्ट्रीय श्रम सम्मेलन के समापन सत्र में।

# 5 लोगों को मारकर लगाया फंदा

## सुसाइड नोट में 2 लोगों पर लगाए आरोप, लिखा- वे जबरन 10 लाख मांग रहे, कहां से लाऊ

अंबाला। हरियाणा के अंबाला जिले के गांव बलाना में एक युवक ने परिवार के 5 सदस्यों को मारकर खुदकुशी कर ली। युवक ने पहले अपने माता-पिता, पत्नी व बच्चों को मारा। इसके बाद खुद फांसी लगा ली। सुखविंदर सिंह निजी इंश्योरेंस कंपनी में नौकरी करता था। आज ही बेटी आशु का आज जन्मदिन था।

भांजे ने विश करने के लिए सुबह फोन किया तो किसी ने नहीं उठाया। जब काफी देर घर में किसी का फोन नहीं उठा तो परिजनों ने पड़ोसियों के जरिए पता कराय। इस दौरान मामले की खुलासा हुआ। मरने वालों में 65 वर्षीय संगत राम, उनकी पत्नी महिंद्रो कौर, 34 वर्षीय सुखविंदर सिंह, उनकी पत्नी रीना, 5 वर्षीय अस्मीत उर्फ आशु और 7 वर्षीय जसमीत उर्फ जस्सी शामिल हैं। संगत राम गांव के नंबरदार थे।

### मृतकों का पोस्टमार्टम

सीन ऑफ क्राइम टीम के अनुसार, गला घोंट कर पांचों की हत्या की गई,





लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट में ही मौत के सही कारणों का खुलासा होगा। पुलिस ने शव सिविल अस्पताल अंबाला सिटी भेज दिए। छ्रस्क्कजोगिंद्र शर्मा ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि 5 की गला घोंटकर हत्या की गई। उसके बाद सुखविंदर ने फंदा लगाकर सुसाइड किया। एक सुसाइड नोट भी मिला है, जिसमें 10 लाख रुपए जबरन मांगें जाने के आरोप लगाए गए हैं।

### सुसाइड नोट भी बरामद हुआ

DSP जोगिंदर शर्मा ने बताया कि मौके से पुलिस को एक सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है, जिसके पहले पेज पर आज की लास्ट बात लिखा है। पेज के कोने पर फंदा जैसे 6 प्रतीकात्मक चित्र भी बनाए हैं।

### सुखविंदर सिंह ने सुसाइड नोट में लिखा-

आज मैं सुखविंदर सिंह अपने जीवन की अंतिम बात लिख रहा हूं। मेरी तरफ से मेरे परिवार और दोस्तों को माफी, अगर मैंने कोई गलती की हो तो। मुझे यह कदम मजबूरी में उठाना पड़ रहा है और इसके पीछे सिर्फ 2 बंदों का हाथ है। एक नाम बाल किशन ठाकुर और दूसरा कवि नरूला साई होंडा यमुनानगर का मालिक है। उक्त दोनों मुझसे जबरदस्ती 10 लाख रुपए मांग रहे हैं और अगर न दूं तो मेरे को और मेरी फैमिली को नुकसान पहुंचा देंगे।

मैं एक गरीब बंदा हूं और बाल किशन रोजाना नौकरी से निकालने की धमकी देता है। जो भी मेरे मित्र और संबंधी हैं, आप सबसे निवेदन है कि हो सके तो इनके खिलाफ उचित कार्रवाई की जाए। ढ्ढस्नस्नष्टह्र कंपनी के सभी सीनियर्स से भी निवेदन है कि आप इस तरह का स्टाफ न रखें, जो अपने पर्सनल फायदे के लिए स्टाफ को परेशान करते हैं। मुझे पता है कि मामला दब जाएगा। कोई कार्रवाई नहीं होगी, क्योंकि पैसे के पीछे सब कुछ दब जाता है।

### मेरी जायदाद के दोनों भांजे बराबर के हकदार

सुखविंदर ने लिखा है कि मैं अपने परिवार वालों से एक ही विनती करता हूं कि आप अपने जीवन को मेरे कारण खराब न करें, क्योंकि मेरी स्थिति उन दोनों आदमियों ने बहुत खराब कर दी है। बंदा अपनी मेहनत से तरक्की करता है। उसका कोई साथ नहीं देता और अंतिम मेरा मैसेज मेरे सबसे नजदीकी परिवार को- जो भी मेरा और मेरे घर में माता-पिता का है, उस पर मेरे दोनों भांजों का बराबर का हक है। चाहे वह मेरे पिताजी की जमीन घर और मेरे व मेरी पत्नी के खातों में पैसा है। मेरे दोनों भांजे मोहित और करणदीप में बांट दिया जाए।

मेरी लास्ट इच्छा है कि आप इस कार्रवाई में दखल न दें, क्योंकि बुरे इंसान के खिलाफ कोई कार्रवाई करने में आप बुरा मत बनो। अब मैं अपने परिवार पिताजी, माता जी, पत्नी और दो बच्चों की तरफ से सबसे अंतिम माफी मांगता हूं।

मेरी लाइफ खत्म करने में दो बंदों बाल किशन ठाकुर और कभी नरूला और उनके साथी ही जिम्मेदार हैं। पोस्टमार्टम के बाद गमहीन माहौल में एक साथ सभी का अंतिम संस्कार किया गया।

# भारत का 'जोरावर' करेगा पहाड़ों पर चीन के दांत खट्टे

नयी दिल्ली। चीन के साथ उत्तरी सीमा पर सैन्य गतिरोध तथा भविष्य की चुनौतियों और लड़ाईयों को देखते हुए सेना ऐसा स्वदेशी बहुद्देशीय हल्का लेकिन बेहद मजबूत अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी से लैस टैंक 'जोरावर' खरीदने जा रही है जो हजारों किलोमीटर की ऊंचाई पर दुर्गम पर्वतीय क्षेत्रों सहित हर जगह और सभी मौसम में दुश्मन के दांत खट्टे कर सके।

दरअसल चीन के साथ पूर्वी लद्दाख में दो वर्ष से भी अधिक समय से चले आ रहे सैन्य गतिरोध के दौरान सेना ने मौजूदा टैंकों और अपने जोश तथा जज्बे के साथ चीन को करारा जवाब दिया लेकिन उसे ऐसे हल्के लेकिन मजबूत और अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी से लैस टैंक की कमी बहुत अधिक खली जिसे ऊंचाई वाले दुर्गम क्षेत्रों में आसानी से ले जाकर तुरंत तैनात किया जा सके। दूसरी ओर चीनी सेना इस तरह के हल्के टैंकों से लैस है जिन्हें पहाड़ों पर आसानी से एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाया जा सकता है। इसे देखते हुए सेना भी इस कमी को दूर करने की योजना पर आगे बढ रही है।

चीन और पाकिस्तान के दो मोर्चों से एक साथ उत्पन्न होने वाली चुनौती , भविष्य के खतरों, दुनिया भर में अलग अलग जगहों पर चल रहे सैन्य संघर्षों तथा लड़ाईयों और अभियानों के खतरों का बारिकी से अध्ययन कर रही सेना इन से सीख तथा सबक भी ले रही है।

इसी सीख के आधार पर सेना भविष्य की सुरक्षा चुनौतियों तथा खतरों से निपटने के लिए दूरगामी रणनीति की तहत तैयारी करते हुए अपने आप को भविष्य की मजबूत सेना बनाने की दिशा में काम रही है।

# झारखंड सीएम हेमंत सोरेन की विधानसभा सदस्यता रद्द

## राज्यपाल ने चुनाव आयोग की सिफारिश पर लिया फैसला, चुनाव लड़ने को लेकर निर्णय नहीं

रांची। झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन की विधानसभा की सदस्यता रद्द कर दी गई है। सूत्रों के अनुसार ऑफिस ऑफ प्रॉफिट मामले को लेकर राज्यपाल ने सोरेन की विधानसभा सदस्यता रद्द करने की अनुशंसा कर दी है। सोरेने के सीएम रहते हुए खदान लीज का पट्टा लेने के मामले में चुनाव आयोग ने गुरुवार को राज्यपाल से सोरेन की सदस्यता रद्द करने की सिफारिश की थी।

राज्यपाल रमेश बैस ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से इस मामले में राय ली थी। उन्होंने झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के साथ आयोग के लीगल एक्सपर्ट व अन्य बड़े अधिकारियों से भी बात की, उसके बाद फैसला लिया। हालांकि सोरेन को चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य घोषित करने के मामले में अभी कोई फैसला नहीं हुआ है। राजभवन ने इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। चुनाव आयोग इसकी अधिसूचना जारी करेगा। संभवत: शनिवार को इसके



जारी होने की संभावना है।

सोरेन की विधानसभा सदस्यता रद्द होने की खबर आने के बाद सीएम हाउस में मंत्री-विधायकों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। शुक्रवार को दिन में ही सीएम हाउस में महागठबंधन विधायक दल की बैठक हुई थी, जिसमें जेएमएम, कांग्रेस और राजद के विधायक सीएम शामिल हुए। बैठक में ताजा राजनीतिक हालात पर चर्चा की गई।

### हेमंत ने पद से इस्तीफा दिया तो पत्नी कल्पना बन सकती हैं सीएम

झामुमो सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अगर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की कुर्सी गई तो उनकी पत्नी कल्पना सोरेन को मुख्यमंत्री बनाया जा सकता है। भाजपा ने हेमंत सोरेन पर मुख्यमंत्री पद पर रहते हुए रांची के अनगड़ा में 88 डिसमिल पत्थर माइनिंग लीज लेने का आरोप लगाया था। इसके बाद राज्यपाल ने चुनाव आयोग से इस मामले में राय मांगी थी। गुरुवार को विशेष दूत ने नई दिल्ली से रांची आकर सीलबंद लिफाफे में चुनाव आयोग की राय राजभवन को सौंपी थी।

# देश में कोरोना से ठीक होने वालों की संख्या बढ़कर 4.37 करोड़ से अधिक

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना संक्रमण (कोविड-19) से 13,528 लोग मुक्त हुए हैं। अभी तक कुल 4,37,70,913 लोग कोरोना से स्वस्थ हो चुके हैं। स्वस्थ होने की दर 98.61 प्रतिशत है।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि सुबह सात बजे तक 211.13 करोड़ टीके दिये जा चुके हैं। मंत्रालय ने बताया कि पिछले 24 घंटों में कोविड संक्रमण के 10,256 नये मरीज सामने आए हैं। इनके साथ ही देश में कोरोना रोगियों की संख्या 4,43,89,176 हो गयी है। यह सक्रिय मामलों का 0.20 प्रतिशत है। दैनिक संक्रमण दर 2.43 प्रतिशत हो गयी है।

मंत्रालय ने बताया कि इसी अवधि कोरोना महामारी से 39 लोगों की मौत होने से मृतकों की संख्या 527556 तक पहुंच गई है। देश में पिछले 24 घंटे में 4,22,322 कोविड परीक्षण किए गये हैं। देश में कुल 88.43 करोड़ से अधिक कोविड परीक्षण किए हैं।

पंजाब में 231 कोरोना सक्रिय मामले बढ़ने से इनकी कुल संख्या बढ़कर 17210 हो गयी है और इससे निजात पाने वालों की संख्या 747101 हो गयी है। इस महामारी से दो और मरीजों की जान जाने से मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 17890 हो गया है।

# पति ने धोखे से बेची पत्नी की किडनी

## इलाज करवाने के बहाने सौदा किया; 5 साल बाद दर्द होने पर पता चला

**एजेंसी**

भुवनेश्वर। ओडिशा के मलकानगिरी जिले के कोटामेटा गांव की रहने वाली रंजीता कुंडू ने अपने पति पर किडनी बेचने का आरोप लगाया है। रंजीता ने कहा कि उसके पति प्रशांत ने 2018 में उसे बिना बताए प्रशांत कुंडू ने उसकी एक किडनी बेच दी।

अब रंजीता ने अपने पति और भाभी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। रंजीता को किडनी गायब होने की बात 2021 में तब पता चली जब वह पेट दर्द का इलाज कराने डॉक्टर के पास गई।

### स्टोन निकलवाने के बहाने हॉस्पिटल ले गया था प्रशांत

रंजीता ने कहा, 2018 में मेरे पति ने मुझे एक स्टोन का इलाज कराने के लिए भुवनेश्वर के एक निजी अस्पताल



में भर्ती कराया और वहां उन्होंने मेरी जानकारी या सहमति के बिना मेरी एक किडनी बेच दी। रंजीता ने कहा कि वह पूरी घटना से अनजान थीं क्योंकि उन्हें एनेस्थीसिया दिया गया था। कुंडू ने अपने पति प्रशांत और भाभी सीमा नंदी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। रंजीता का आरोप है कि उसके पति ने गांव में रहने वाले आसिम हलदर नाम के किसी व्यक्ति को किडनी बेची थी।

### बांग्लादेशी है पति

रंजीता कुंडू के मुताबिक उसका पति बांग्लादेश का रहने वाला है। दंपति की 12 साल पहले शादी हुई थी और उनके दो बच्चे हैं, एक बेटा और एक बेटी। वह कोटमेटा गांव में ही रह रहा था। कुंडू ने बताया कि उसका पति काम के सिलसिले में आंध्र प्रदेश चला गया और अब उसने दूसरी लड़की से शादी कर ली है।

रंजीता ने यह भी कहा कि उसकी भाभी पति के हर काम में उसका साथ देती है और प्रताड़ित करती है। पति के जाने के बाद से रंजीता अपने पिता के घर में रहने के लिए मजबूर है।

पुलिस ने कहा कि कुंडू की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच शुरू कर दी गई है।

मलकानगिरी थाने के पुलिस अधिकारी ने कहा कि घटना 2018 की है और महिला चार साल बाद शिकायत लेकर आई है। सभी एंगल से जांच की जा रही है और शिकायतकर्ता के पति और भाभी से पूछताछ की जाएगी।

# कोविड टीकाकरण में 211.13 करोड़ से अधिक टीके लगे

नयी दिल्ली। देश भर में राष्ट्रीय कोविड टीकाकरण अभियान के अंतर्गत 211.13 करोड़ से अधिक कोविड टीके लगाए गए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने शुक्रवार को यहां बताया कि सुबह सात बजे तक दो अरब 11 करोड़ 13 लाख 94 हजार 649 टीके दिये जा चुके हैं। मंत्रालय ने बताया कि पिछले 24 घंटों में कोविड संक्रमण के 10,227 नये मामले सामने आयें हैं। इनके साथ ही देश में सक्रिय मामलों की संख्या 90,707 रह गयी है। यह संक्रमित मामलों का 0.20 प्रतिशत है। दैनिक संक्रमण दर 2.43 प्रतिशत हो गयी है। मंत्रालय ने बताया कि इसी अवधि में 13,528 लोग कोविड से मुक्त हुए हैं।अभी तक कुल चार करोड़ 37 लाख 70 हजार 913 रोगी कोविड से उबर चुके हैं। स्वस्थ होने की दर 98.61 प्रतिशत है। देश में पिछले 24 घंटे में चार लाख 22 हज़ार 322 कोविड परीक्षण किए गये हैं।

# मूसेवाला हत्याकांड में 1850 पन्नों की चार्जशीट

## चालान में 24 कातिलों के नाम और 122 गवाह; विदेश बैठे 4 गैंगस्टर भारत लाए जाएंगे

**एजेंसी**

**चंडीगढ।** मानसा पुलिस ने पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड के कत्ल की 1850 पन्नों की विस्तृत चार्जशीट दायर कर दी है। इस चार्जशीट में कुल 36 आरोपियों में से 24 कातिलों के नाम दिए गए हैं। जिनमें मास्टरमाइंड गैंगस्टर लॉरेंस है। इसके अलावा विदेश में बैठे 4 गैंगस्टर गोल्डी बराड़, लिपिन नेहरा, सचिन थापन और अनमोल के नाम हैं।

पुलिस चार्जशीट में 122 गवाह शामिल किए गए हैं। जिनमें चश्मदीद, मूसेवाला के साथ कत्ल के वक्त मौजूद दोस्त, पोस्टमार्टम करने वाले डॉक्टर, शूटरों के ठहरने वाले होटल के स्टाफ समेत कई लोग शामिल किए गए हैं। मानसा के एसएसपी गौरव तूरा ने बताया कि इस केस में अब तक 20 लोग गिरफ्तार किए जा चुके हैं। 2 शूटर्स का एनकाउंटर हो चुका है।



इस चार्जशीट में मूसेवाला की रेकी करने वाले संदीप केकड़ा का नाम भी शामिल है। इसके अलावा शूटर प्रियवर्त फौजी, अंकित सेरसा और कशिश उर्फ कुलदीप का नाम भी है। अमृतसर में एनकाउंटर में मारे गए शूटर मनप्रीत मन्नू और जगरूप रूपा का भी नाम दिया गया है। इसके अलावा इनकी मदद करने वाले गैंगस्टर मनप्रीत भाऊ, मनप्रीत मन्ना, सराज मिंटू, मनमोहन मोहना, सचिन भिवानी का भी ब्यौरा दिया गया है।

### पूरी साजिश बेनकाब करेगी एसआईटी

मानसा के एसएसपी गौरव तूरा ने बताया कि मूसेवाला के परिवार का कहना है कि यह बहुत बड़ी साजिश है। जिसके बाद एसआईटी इस पूरी साजिश को बेनकाब करने में लगी हुई है। उनकी पुरानी रंजिश या विवाद की भी जांच की जा रही है। इसके लिए पुलिस मूसेवाला के माता-पिता के संपर्क में है।

### विदेश बैठे गैंगस्टर्स को वापस लाने की प्रक्रिया शुरू

विदेश में बैठे गैंगस्टर्स का चालान कोर्ट में दिया जा चुका है। इनके प्रत्यर्पण की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। यह प्रक्रिया चालान पेश होने के बाद ही हो सकती थी। अब पंजाब पुलिस भारत सरकार के साथ मिलकर इसे तेजी से सिरे चढ़ाएगी।

### कत्ल में इस्तेमाल 3 हथियार मिले

मानसा के एसएसपी ने कहा कि मूसेवाला के कत्ल में इस्तेमाल्र्य47 और ग्लॉक समेत 2 पिस्टल बरामद हो चुके हैं। यह हथियार अमृतसर पुलिस एनकाउंटर में मारे गए मन्नू और रूपा से बरामद हुए थे।

नदीमर्ग नरसंहार

## सेना की वर्दी में आए थे आतंकी, नाम पुकारा और 24 पंडितों को लाइन में खड़ा कर गोली मार दी

# जम्मू-कश्मीर हाईकोर्ट ने नदीमर्ग नरसंहार केस फिर खोला

जम्मू/श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर हाईकोर्ट ने पुलवामा के नदीमर्ग में हुए कश्मीरी पंडितों का नरसंहार केस दोबारा खोलने का आदेश दिया है। नदीमर्ग में 23 मार्च 2003 की रात को सेना की वर्दी पहनकर आए लश्कर-ए-तैयबा के आतंकियों ने 24 कश्मीरी पंडितों की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इनमें 11 महिलाएं और दो साल का बच्चा भी शामिल था।

जम्मू-कश्मीर हाईकोर्ट के जस्टिस धर ने अपने आदेश में कहा कि ऐसा लगता है कि केस की सुनवाई में हो रही देरी के बाद प्रॉसिक्यूशन ने ट्रायल कोर्ट से कमीशन के जरिए गवाहों के बयान लेने की अनुमति मांगी थी, क्योंकि ये गवाह कश्मीर छोड़ चुके थे और डर के कारण शोपियां में निचली अदालत के सामने पेश होने से हिचक रहे थे।

### सेशन कोर्ट और हाईकोर्ट ने पहले खारिज कर दी थी याचिका

हत्याकांड के बाद जैनापुर में एफआईआर दर्ज की गई थी। पुलवामा सेशन कोर्ट में 7 लोगों के खिलाफ चार्जशीट पेश की गई थी। बाद में केस शोपियां सेशन कोर्ट में शिफ्ट कर दिया गया था। ट्रायल में हो रही देरी के बाद प्रॉसिक्यूशन ने दलील दी थी कि इनमें से कई गवाह कश्मीर



से बाहर जा चुके हैं और खतरे की वजह से बयान देने के लिए नहीं आना चाहते।

सेशन कोर्ट ने 9 फरवरी 2011 को इस केस के गवाहों के बयान कमीशन के जरिए लेने की मांग खारिज कर दी थी। इसके बाद प्रॉसिक्यूशन ने जम्मू-कश्मीर और लद्दाख हाईकोर्ट क्रिमिनल रिवीजन पिटीशन दाखिल की थी। हाईकोर्ट ने 21 दिसंबर 2011 को इस याचिका को बिना कोई कारण बताए खारिज कर दिया था।

क्या है नदीमर्ग नरसंहार मामला ?

1990 के दशक में कश्मीरी पंडितों को घाटी से भागने पर मजबूर किया गया था।

इसके बाद भी कश्मीर में बचे हिंदुओं पर अत्याचार जारी रहे। इसी कड़ी में नदीमर्ग में आतंकियों ने 23 मार्च 2003 की रात 24 कश्मीरी पंडितों को मौत के घाट उतार दिया था। लश्कर-ए-तैयबा के 7 आतंकी सैन्य वर्दी में पुलवामा जिले के नदीमर्ग में आए। सभी हिंदुओं को उनके नाम से पुकार कर घर से बाहर बुलाया।

इसके बाद महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार किया और सबके सामने उनके कपड़े फाड़े गए। फिर 24 कश्मीरी पंडितों को लाइन में चिनार के पेड़ के नीचे इकट्ठा किया। इसके बाद उन्हें गोलियों से भून डाला। इस नरसंहार में जान गंवाने वालों में 11 पुरुष, 11 महिलाएं और 2 छोटे बच्चे शामिल थे, जिनमें से एक 2 साल का था। इसके बाद आतंकियों ने महिलाओं के शवों से गहने उतारे और घरों में लूटपाट भी की। रिपोर्ट्स के अनुसार पॉइंट ब्लैंक रेंज से उनके सिर में गोलियां मारी गईं थीं।

# सीरियल किलर की तरह चुनी हुई सरकारों को हटा रही भाजपा: सिसोदिया

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि भाजपा आज एक सीरियल किलर की तरह जनता द्वारा चुनी हुई सरकारों को मारने में जितनी उर्जा लगाती है उससे कम मेहनत में बच्चों के लिए स्कूल-अस्पताल बनवाकर लोगों को बेहतर शिक्षा-इलाज दे सकती है।

सिसोदिया ने शुक्रवार को दिल्ली विधानसभा के विशेष सत्र में कहा कि भाजपा आज एक सीरियल किलर की तरह जनता द्वारा चुनी हुई सरकारों को मारने में जितनी उर्जा लगाती है, उससे कम मेहनत में बच्चों के लिए स्कूल-अस्पताल बनवाकर लोगों को बेहतर



शिक्षा-इलाज दे सकती है। उन्होंने कहा कि हमें दिल्ली की जनता ने प्यार के साथ चुना है। हमारे साथ दिल्ली की जनता की वोट की ताकत है। कोई हमें खरीद नहीं सकता। इसलिए ये लोग मेरे खिलाफ एक बार नहीं एक हजार बार रेड करवा लें पर इन्हें कुछ नहीं मिलेगा। मेरे खिलाफ एक पैसे की बेईमानी का सबूत नहीं मिलेगा। मैंने ईमानदारी के साथ काम किए ,। बच्चों के लिए शानदार स्कूल बनवाए। दिल्ली में पढ़ाई का शानदार माहौल तैयार किया।

उन्होंने कहा कि श्री केजरीवाल अच्छा काम करने पर प्रोत्साहित करते है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अच्छा काम करने वालों के घर रेड डलवाते है, फर्जी एफआईआर करवाते है। कही भी कोई अच्छा काम करे तो प्रधानमंत्री असुरक्षित महसूस करने लगते है। यही कारण है कि आजादी के 75 सालों बाद भी भारत शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में इतना पिछड़ा हुआ है क्योंकि देश में अच्छा काम करने वालों को प्रोत्साहित करने के बजाय उन्हें काम करने से रोका जाता है।

## शार्ट न्यूज

### दिल्ली हाईकोर्ट ने बाबा रामदेव के खिलाफ सुनवाई 30 अगस्त तक टाली

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने शुक्रवार को पतजंलि की कोरोनिल दवा के उपयोग को लेकर डॉक्टरों के विभिन्न संगठनों की याचिका पर सुनवाई 30 अगस्त तक के लिए स्थगित कर दी। अदालत ने कहा कि न्यायिक औचित्य और अनुशासन को ध्यान में रखते हुए कार्यवाही को तब तक रोका जाए, जब तक कि सुप्रीम कोर्ट के समक्ष कथित रूप से इसी तरह के मुद्दों के लंबित होने के संबंध में कुछ स्पष्टता नहीं हो। जस्टिस अनूप जयराम भंभानी ने कहा कि %इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) द्वारा सुप्रीम कोर्ट के समक्ष लंबित याचिका की एक कॉपी हाईकोर्ट के समक्ष पेश की जाए, ताकि वह इस पर निर्णय ले सके कि क्या इस मामले में कोई समानता है और क्या उसे इस पर आगे बढ़ना चाहिए? डॉक्टरों के कई संगठनों ने पिछले साल हाईकोर्ट का रुख कर यह आरोप लगाया था कि रामदेव जनता को यह कहकर गुमराह कर रहे हैं कि एलोपैथी कोविड??-19 से संक्रमित कई लोगों की मौत के लिए जिम्मेदार रही। याचिका में आरोप लगाया गया कि रामदेव यह दावा कर गलत जानकारी पेश कर रहे हैं कि पतंजलि की %कोरोनिल% कोरोना वायरस का इलाज है। संगठनों की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अखिल सिब्बल ने कहा कि उन्हें सुप्रीम कोर्ट के समक्ष याचिका के तथ्यों के बारे में पता नहीं है। हालांकि, उन्होंने मामले को जनहित से जुड़ा बताकर तत्काल सुनवाई का अनुरोध किया।

### आजाद का इस्तीफा कांग्रेस के लिए बड़ा झटका : उमर

श्रीनगर। एक अप्रत्याशित राजनीतिक घटनाक्रम में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गुलाम नबी आजाद के इस्तीफा दिये जाने को नेशनल कांफ्रेंस के उपाध्यक्ष एवं जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने पार्टी के लिए एक बड़ा झटका बताया। अब्दुल्ला ने श्री आजाद के इस्तीफे पर अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि अपने में एक भव्य इतिहास को समेटे कांग्रेस जैसी पुरानी पार्टी को इस तरह बिखरते देखना बेहद दुखद और भयावह है। उन्होंने अपने ट्वीट में कहा, वैसे तो लंबे समय से अफवाह उड़ रही थी लेकिन आज कांग्रेस के लिए यह एक बड़ा झटका है। शायद हाल के दिनों में पार्टी छोड़ने वाले सबसे वरिष्ठ नेता का इस्तीफा पत्र बहुत दर्द समेटे हुए हैं।

### सेना में अग्निवीर भर्ती रैली के 8वें दिन पहुंचे 4565 अभ्यर्थी

कोटद्वार/देहरादून। उत्तराखंड में भारतीय सेना के अग्निवीर अभियान के अंतर्गत, चल रही भर्ती रैली के शुक्रवार को 08वें दिन कुल 4565 अभ्यर्थी उपस्थित हुये जबकि 5903 अभ्यर्थियों द्वारा पंजीकरण कराया गया था। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि सहायक भर्ती अधिकारी (एआरओ), लैंसडाउन के अन्तर्गत, सात जिलों में कुल 63,360 उम्मीदवारों ने अग्निवीर सैनिक सामान्य ड्यूटी, तकनीकी, क्लर्क, एसकेटी, ट्रेड्समैन की विभिन्न श्रेणियों के तहत पंजीकरण कराया है। रैली के आयोजन में नागरिक प्रशासन सहायता प्रदान कर रहा है और अधिकतम संसाधन जुटाए हैं। उल्लेखनीय है उत्तराखंड राज्य भर में भर्ती के लिए 1,08,000 से अधिक उम्मीदवारों ने अपना पंजीकरण कराया है।

### भालू की पित्त की थैली के साथ महिला समेत दो तस्कर गिरफ्तार

नैनीताल। उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में विशेष अभियान समूह (एसओजी), पुलिस व वन विभाग की टीम ने संयुक्त कार्यवाही कर भालू की पित्त के थैली के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों में एक महिला भी शामिल है। दो आरोपी फरार हैं। पिथौरागढ़ पुलिस के अनुसार मुनस्यारी पुलिस को मुखबिर से भालू की पित्त की थैली की तस्करी की सूचना मिली थी। इसके बाद तस्करों को पकड़ने के लिये एसओजी की अगुवाई में वन विभाग व पुलिस की टीम की ओर से गुरूवार रात को भारतीय तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) मुनस्यारी बैंड पर जाल बिछाया गया। संयुक्त टीम ने दोनों आरोपियों भवानी देवी उर्फ गीता देवी निवासी दुआधबगढ़ थाना जौलजीबी व राजेन्द्र प्रकाश निवासी ग्राम मटेना थाना मुनस्यारी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों को वन विभाग की टीम के सुपुर्द कर दिया गया। दोनों के खिलाफ भारतीय वन्य जीव अधिनियम के तहत कार्यवाही अमल में लायी जा रही है। बरामद थैली का वजन आधा किलोग्राम है। इसकी कीमत लाखों में आंकी गयी है। इस मामले में दो और लोगों के नाम और प्रकाश में आये हैं। दोनों आरोपी चंदू उर्फ चंद्र कुमार ग्राम मटेना, थाना मुनस्यारी व कृष्णा निवासी तोमिक थाना मुनस्यारी फरार हैं। पुलिस दोनों की तलाश में जुट गयी है।

### दो दिन भारी बारिश होने का अनुमान

हैदराबाद। तेलंगाना में 27-28 अगस्त को भारी बारिश हो सकती है। मौसम विज्ञान केन्द्र ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मौसम विभाग ने आज यहां बुलेटिन में बताया कि राज्य के खम्मम, नलगोंडा, सूर्यपेट, यादाद्री भुवनगिरी, रंगारेड्डी, मेडचल मलकाजगिरी, विकाराबाद, संगारेड्डी, मेडक, महबूबनगर, नागरकुरनूल, वानापर्थी, नारायणपेट और जोगुलम्बा गडवाल जिलों में शनिवार को अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है। बुलेटिन में कहा कि राज्य के जयशंकर भूपालपल्ली, मुलुगु, भद्राद्री कोठागुडेम, खम्मम, नलगोंडा, सूर्यपेट और महबूबाबाद जिलों में रविवार को भी भारी बारिश होने का अनुमान है। तेलंगाना में अगले पांच दिनों के दौरान कुछ जिलों के अलग-अलग हिस्सों में गरज के साथ बौछार होने का अनुमान जताया गया है। इस अवधि में राज्य के अधिकतर या फिर कई स्थानों में हल्की से मध्यम बारिश और गरज के साथ बौछार पड़ सकती है। बुलेटिन के मुताबिक राज्य में पिछले 24 घंटों में दक्षिण-पश्चिम मानसून सामान्य रहा है। इसी अवधि के दौरान राज्य के जोगुलम्बा गडवाल और वानापर्थी जिलों के अलग-अलग हिस्सों में भारी बारिश हुई। इस अवधि के दौरान कुछ स्थानों पर बारिश हुई।

### येदियुरप्पा की होगी मुलाकात मोदी व नड्डा के साथ

बेंगलुरु। भारतीय जनता पार्टी संसदीय बोर्ड के सदस्य व कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बी एस येदियुरप्पा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा पार्टी के अन्य नेताओं से मुलाकात करने शुक्रवार को दिल्ली जाएंगे। श्री येदियुरप्पा ने यहां संवाददाताओं से कहा,आज मैं दिल्ली जा रहा हूं। आज शाम मैं मोदी जी से मुलाकात करूंगा। आज या कल में सर्वश्री अमित शाह, जे पी नड्डा और राजनाथ सिंह से मुलाकात करुंगा। कल शाम को वापस लौट जाऊंगा। उन्होंने कहा, यह मेरा कर्तव्य है कि मैं उनके साथ इस पर विचार करूं कि मुझे नई जिम्मेदारी के साथ क्या करना चाहिए। यदि दत्तात्रेय होसबाले (आरएसएस महासचिव) उपलब्ध हैं, तो मैं उनसे भी मिलूंगा। श्री येदियुरप्पा की दिल्ली यात्रा कर्नाटक भाजपा के नलिन कुमार कतील के अध्यक्ष पद की समाप्ति के बाद हो रही है। गौरतलब है कि गत 17 अगस्त को श्री येदियुरप्पा को 2023 की शुरुआत में कर्नाटक विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी के संसदीय बोर्ड और केंद्रीय चुनाव समिति में सदस्य के तौर पर नियुक्त किया गया है।

### अरुणाचल में कोविड संक्रमितों की संख्या बढ़कर 66,614 हुई

ईटानगर। अरुणाचल प्रदेश में पिछले 24 घंटे में करोना संक्रमण के 15 मामले सामने आए हैं, जिससे राज्य में संक्रमितों की कुल संख्या बढ़कर 66,614 हो गई है। इसी दौरान कोविड के 27 मरीज ठीक हुए हैं जिससे इस बीमारी से स्वस्थ होने वालों की कुल संख्या बढ़कर 66,234 हो गई है। एक वरिष्ठ स्वास्थ्य अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी को दी। राज्य निगरानी अधिकारी-आईडीएसपी डॉ लोबसांग जंपा ने कहा कि इससे पूर्वोत्तर राज्य में सक्रिय मरीजों की संख्या घटकर 84 हो गई है। उन्होंने कहा कि 15 नए मामलों में अधिकांश मामले (12) लक्षण वाले और तीन बिना लक्षण वाले पाए गए। डॉ. जंपा ने कहा कि दैनिक सक्रिय दर 9.74 प्रतिशत रही, जो पिछले दिन 8.64 प्रतिशत थी। राज्य में कोविड से स्वस्थ होने की दर 99.43 प्रतिशत है, जबकि सक्रिय दर 0.13 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि अब तक कुल 296 लोगों की मौत हो चुकी है और मृत्यु दर 0.44 प्रतिशत पर बनी हुई है।

# राहुल के राजनीति में आते ही व्यवस्था ध्वस्त

## पार्टी छोड़ते हुए खूब सुना गए गुलाम नबी आजाद

नई दिल्ली। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रहे गुलाम नबी आजाद ने पार्टी से नाता तोड़ लिया है और सभी पदों से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने 5 पन्नों का एक लंबा पत्र सोनिया गांधी को लिखकर अपनी नाराजगी भी पार्टी से जाहिर की है। यही नहीं कांग्रेस से 51 साल पुराना नाता तोड़ते हुए उन्होंने राहुल गांधी पर भी सीधा हमला बोला। गुलाम नबी आजाद ने इंदिरा गांधी से लेकर अब तक के दौर को याद दिलाते हुए सोनिया गांधी से कहा कि आपकी अध्यक्षता में पार्टी अच्छे से काम कर रही थी और सबसे मशविरा लिया जाता था। गुलाम नबी आजाद ने कहा कि कांग्रेस की यह व्यवस्था राहुल गांधी की 2013 में एंट्री के बाद खत्म होती चली गई।



गुलाम नबी आजाद ने लिखा, दुर्भाग्य से राहुल गांधी की राजनीति में एंट्री के बाद और खासतौर पर जनवरी 2013 में कांग्रेस का उपाध्यक्ष बनने के बाद सलाह-मशविरे के साथ चलने की जो परंपरा थी, वह ध्वस्त हो गई। गुलाम नबी आजाद ने कहा कि राहुल गांधी के आने के बाद सारे वरिष्ठ और अनुभवी नेताओं को किनारे लगा दिया गया।

उनकी जगह गैर-अनुभवी और चापलूस दरबारियों ने ले ली। यही नहीं इन्हीं लोगों के हाथों में पार्टी के मामलों की जिम्मेदारी भी सौंप दी गई। इसका अपरिपक्वता का बड़ा उदाहरण वह था, जब राहुल गांधी ने मीडिया की मौजूदगी में सरकार के अध्यादेश को ही फाड़ दिया। उस अध्यादेश पर कांग्रेस के कोर ग्रुप में चर्चा हुई थी और कैबिनेट से मंजूरी भी दी गई थी। ऐसे बचकाना व्यवहार ने प्रधानमंत्री और भारत सरकार की गरिमा को ही कमजोर कर दिया था।

यही नहीं उन्होंने 2014 में कांग्रेस की हार के लिए भी इस वाकये को जिम्मेदार ठहराया। गुलाम नबी आजाद ने कहा कि तमाम मामलों से अलग यह एक ही वाकया हार की वजह बन गया। गुलाम नबी आजाद ने पिछले दिनों ही जम्मू-कश्मीर की कैंपेन कमेटी और राजनीतिक मामलों की समिति के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था। यही नहीं नाराजगी जताते हुए उन्होंने कहा था कि मैं 37 सालों तक कांग्रेस का महासचिव रहा हूं और मुझे इस तरह प्रदेश में जिम्मेदारी देना डिमोशन करने जैसा है। उसके बाद से ही गुलाम नबी आजाद के भविष्य को लेकर कयास लगाए जाने लगे थे।

सोनिया गांधी को लिखे लेटर में गुलाम नबी आजाद ने कांग्रेस से अपने रिश्ते और गांधी परिवार की कई पीढ़ियों के साथ काम करने का जिक्र किया।

उन्होंने कहा कि मैंने आपके दिवंगत पति राजीव गांधी, इंदिरा गांधी, संजय गांधी के साथ काम किया था। आधी सदी से ज्यादा का वक्त मैंने कांग्रेस को दिया है, लेकिन अब बेहद भारी मन से मैं कांग्रेस के सभी पदों से तत्काल इस्तीफा देता हूं और पार्टी से भी अपने संबंध समाप्त कर रहा हूं। बता दें कि गुलाम नबी आजाद कांग्रेस पार्टी से नाराज बताए जाने वाले जी-23 समूह के सबसे सीनियर नेता थे।

# भागवत त्रिपुरा के शाही परिवार से करेंगे मुलाकात

अगरतला। त्रिपुरा के अगरतला में शुक्रवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत के आगमन के मद्देनजर यहां एमबीबी हवाई अड्डा, उज्जयंत महल और आरएसएस मुख्यालय की सुरक्षा बढ़ा दी गई है, क्योंकि उन्हें जेड प्लस सुरक्षा प्राप्त है।

भागवत आज दोपहर के बाद नई दिल्ली से अगरतला जाएंगे और हवाईअड्डा से सीधे शाही महल जाकर राजमाता विभु कुमारी देवी से मुलाकात करेंगे, जो त्रिपुरा जनजातीय क्षेत्र स्वायत्त जिला परिषद (एडीसी) के सत्तारूढ़ तिपरा मोथा अध्यक्ष प्रद्योत किशोर देववर्मन की मां हैं।

भागवत द्वारा शाही परिवार से मुलाकात को श्री प्रद्योत किशोर का विश्वास प्राप्त करने वाली भारतीय जनता पार्टी की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है, जो त्रिपुरा में आतंकवादी रणनीति और कुशासन का आरोप लगाते हुए अपनी पूर्व पार्टी के खिलाफ लड़ रहे हैं।

इससे पहले भाजपा कई बार प्रद्योत को राज्य सभा की सीट और केंद्रीय मंत्री जैसी पेशकश कर चुकी है लेकिन उसे सफलता प्राप्त नहीं हुई है।

पिछले वर्ष भाजपा एडीसी चुनावों में श्री प्रद्योत के राजनीतिक मोर्चा मोथा से हार गई थी जिसके बाद भाजपा का राज्य के पहाड़ी और आदिवासी बहुल इलाकों में आधार समाप्त हो गया, जिसका वर्चस्व 60 सदस्यीय सदन में कम से कम 25 विधानसभा सीटों पर है। प्रद्योत ने स्पष्ट किया कि भागवत ने शाही सिंहासन, महल देखने और राजमाता से मिलने की इच्छा व्यक्त की।

# मीरवाइज पर जुमे की नमाज अदा करने पर रोक

श्रीनगर। जम्मू- कश्मीर के मुख्य मौलवी एवं हुर्रियत कांफ्रेंस के अध्यक्ष मीरवाइज उमर फारूक को पुलिस ने शुक्रवार को जुमे की नमाज के लिए उनके आवास से निकलने से रोक दिया।

जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा समाप्त किए जाने के बाद मीरवाइज के पुराने शहर के बीचों-बीच स्थित ऐतिहासिक जामिया मस्जिद में पहले शुक्रवार को संबोधन करने की उम्मीद थी।

मीरवाइज मंजिल ने एक ट्वीट में कहा,मीरवाइज उमर फारूक को भारतीय सुरक्षा बलों के एक दल द्वारा अपना आवास छोड़ने से रोक दिया गया है।

राज्यपाल के 'स्वतंत्र' होने की घोषणा करने के एक हफ्ते बाद ही वह आज जामिया मस्जिद में शुक्रवार का संबोधन करने जा रहे थे।

जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने ठीक एक सप्ताह पहले मीरवाइज को आजाद व्यक्ति कहा था।

प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि मीरवाइज को पुलिस ने श्रीनगर में उनके नगीन आवास से गिरफ्तार किया और उन्हें घर से बाहर नहीं निकलने दिया गया।

मीरवाइज ने पुलिस को बताया कि जम्मू-कश्मीर के सर्वोच्च अधिकारी उपराज्यपाल ने दावा किया है कि वह एक स्वतंत्र व्यक्ति हैं, तो उन्हें जामिया मस्जिद में जुमे की नमाज अदा करने से क्यों रोका जा रहा है।

श्री सिन्हा ने पिछले शुक्रवार को कहा था कि मीरवाइज फारूक नजरबंद नहीं हैं। श्री सिन्हा के दावे पर हालांकि मुख्यधारा और अलगाववादी दोनों खेमों ने कड़ी प्रतिक्रिया दी।

### आईआईटी-एम के पूर्व छात्रों ने लॉन्च की वेबसाइट

चेन्नई। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान-मद्रास (आईआईटी-एम) के पूर्व छात्रों ने आईआईटी के उम्मीदवारों के लिए एक वेबसाइट 'डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यूआस्कआईआईटी एम.कॉम' लॉन्च की। इस साइट के माध्यम से विद्यार्थी आईआईटी-एम प्लेसमेंट, फैकल्टी और शिक्षाविदों से लेकर कैंपस संस्कृति से संबंधित प्रश्न पूछ और देख सकते हैं। यह संस्थान के पूर्व विद्यार्थियों द्वारा संचालित पहल है। इस वेबसाइट बनाने के पीछे का मकसद, आईआईटी-मद्रास के इच्छुक विद्यार्थियों की मदद करना है। आईआईटी-एम के निदेशक प्रो. वी.कामकोटी ने कहा, यह वेबसाइट उन विद्यार्थियों के लिए ज्यादा उपयोगी है जो जेईई परीक्षा के उम्मीदवार है और वे सोशल मीडिया पर विषय से संबंधित ज्यादा से ज्यादा और सटीक जानकारी पाने के लिए खोजते हैं लेकिन वह भ्रमित हो जाते हैं।

# सोनाली की ड्रिंक में कुछ मिलाया गया था, फिर जबरदस्ती पिला दिया; पुलिस का खुलासा

**पणजी।** भाजपा नेता और सोशल मीडिया स्टार सोनाली फोगाट की मौत के मामले में पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। गोवा पुलिस ने दावा किया है कि सोनाली फोगाट की ड्रिंक में कुछ मिलाया गया है। यही नहीं पुलिस का कहना है कि ऐसा करने वाले दो लोगों को जल्दी ही अरेस्ट कर लिया जाएगा। गोवा आईजी ओमवीर सिंह बिश्नोई ने कहा कि सीसीटीवी फुटेज से पता चलता है कि सोनाली फोगाट के साथ उनके सहयोगी सुधीर सांगवान और सुखविंदर सिंह एक क्लब में उनके साथ पार्टी कर रहे थे। वीडियो से पता चलता है कि उन दो लोगों में से एक ने सोनाली फोगाट को जबरदस्ती ड्रिंक पिलाई थी।

बिश्नोई ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि पूछताछ में सुधीर सांगवान और सुखविंदर सिंह ने मान लिया है कि उन लोगों ने जानबूझकर फोगाट की ड्रिंक में एक केमिकल मिला दिया था। इसके बाद वह ड्रिंक उसे जबरदस्ती ही पिला दी गई। सोनाली फोगाट को 23 अगस्त को सेंट एंथनी अस्पताल ले जाया गया था, लेकिन वहां उन्हें डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।



शुरुआत में कहा गया था कि हार्ट अटैक के चलते सोनाली फोगाट की मौत हुई है। लेकिन कुछ घंटों बाद ही कहानी पलट गई, जब परिजनों ने कहा कि वह एकदम फिट थीं और उन्हें हार्ट अटैक नहीं हो सकता। उनके परिजनों ने यह भी आरोप लगाया था कि उनके सहयोगियों ने ही हत्या की है।

सोनाली के परिवार के लोगों के आरोप के बाद ही मर्डर का केस दर्ज कर नए ऐंगल से पुलिस जांच कर रही है।

फिलहाल पुलिस ने सोनाली के दोनों सहयोगियों को हिरासत में ले लिया है और उन्हें जल्द अरेस्ट किया जा सकता है। बता दें कि सोनाली फोगाट के पति की भी कुछ साल पहले ही संदिग्ध मौत हो गई थी। फिलहाल सोनाली फोगाट का हिसार में अंतिम संस्कार कर दिया गया।

इस मौके पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। बता दें कि सोनाली फोगाट ने हरियाणा की आदमपुर विधानसभा सीट से चुनाव लड़ा था। उन्हें टिकटॉक के चलते लोकप्रियता मिली थी और उसके चलते ही राजनीति में उनकी एंट्री हुई थी।

# बिजली (संशोधन) विधेयक, 2022 उपभोक्ताओं को लाभ नहीं पहुंचाएगा

**जालंधर।** विद्युत (संशोधन) विधेयक, 2022 पर मंगलवार को विशाखापत्तनम में एक गोलमेज सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें केन्द्र सरकार से बिजली संशोधन विधेयक वापस लेने की मांग की गई। यूपीएससी के पूर्व सदस्य और द्रविड़ विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति के एस चलम की अध्यक्षता में आयोजित इस सम्मेलन में केंद्र के दावों का खंडन किया कि संशोधन उपभोक्ताओं को लाभ पहुंचाएगा। अन्य वक्ताओं में एआईपीईएफ के अध्यक्ष शैलेंद्र दुबे, ईईएफआई के महासचिव प्रशांत एन. चौधरी, प्रो. पी. जॉर्ज विक्टर पूर्व कुलपति आदिकवि नन्नया विश्वविद्यालय, पी.रथनाकर राव महासचिव/एआईपीईएफ, टी.जयंती, महासचिव टीएनईएफ और अन्य ट्रेड यूनियन नेता शामिल थे।

आल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन (एआईपीईएफ) के प्रवक्ता वी के गुप्ता ने शुक्रवार को कहा कि सभी हितधारकों के बीच जागरुकता पैदा करने वाला यह पहला गोलमेज सम्मेलन है, जिसमें बताया गया कि संशोधन उन्हें कैसे प्रभावित करेगा और कॉर्पोरेट समूहों को लाभ होगा। सभी राज्य अगले दो महीनों में इस तरह की जागरुकता बैठकें करेंगे। बिजली (संशोधन) विधेयक 2022 को रोकने की रणनीति पर चर्चा करने के लिए 18 सितंबर को श्रीनगर में एआईपीईएफ की संघीय कार्यकारी बैठक आयोजित की जाएगी के.एस.चालम ने कहा कि नयी आर्थिक नीतियां निजीकरण की बीमारी का मूल कारण हैं। विश्व बैंक सार्वजनिक उपक्रमों के निजीकरण के माध्यम से दुनिया भर की सरकारों पर अपने विचार थोपने की कोशिश कर रहा है। बिजली (संशोधन) विधेयक सरकार द्वारा संचालित उत्पादन कंपनियों से बिजली खरीदने के लिए कई निजी डिस्कॉम को अनुमति देगा।

सरकार द्वारा संचालित डिस्कॉम का बुनियादी ढांचा का उपयोग करने और लाभदायक क्षेत्र को बिजली की आपूर्ति करेंगे और वह ग्रामीण क्षेत्रों की उपेक्षा करेंगे, जहां खपत तुलनात्मक रूप से कम है। सरकार द्वारा संचालित डिस्कॉम द्वारा गैर-लाभकारी क्षेत्रों की सेवा करनी होगी और वे घाटे में चलेंगे। दुबे ने राज्य के स्वामित्व वाली डिस्कॉम के नुकसान के लिए राज्य सरकारों द्वारा कृषि क्षेत्र को दी गई सब्सिडी की प्रतिपूर्ति नहीं करने और सरकारी प्रतिष्ठानों द्वारा देय बकाया का भुगतान न करने के लिए जिम्मेदार ठहराया। प्रशांत एन. चौधरी, रत्नाकर राव, और कई अन्य वक्ताओं ने कहा कि टैरिफ में कमी के दावों के विपरीत कई डिस्कॉम की उपस्थिति, निजी कंपनियां शुरू में हो सकती हैं शुल्क कम करें, लेकिन एक बार सरकार के स्वामित्व वाली डिस्कॉम को धक्का लग गया और दौड़ से बाहर होने पर निजी डिस्कॉम अपने अनुसार टैरिफ बढ़ाएगी।

# बीएसएफ ने फायरिंग कर पाकिस्तानी ड्रोन को मार भगाया

गुरदासपुर। पंजाब में गुरदासपुर सेक्टर में बी.ओ.पी.चंड़ीगढ़ के पास अंतरराष्ट्रीय सीमा पर तैनात सीमा सुरक्षा बल की 73वीं बटालियन के जवानों ने कल रात भारतीय क्षेत्र में प्रवेश कर रहे पाकिस्तानी ड्रोन पर फायरिंग कर उसे भागने के लिए मजबूर कर दिया।

बीएसएफ के गुरदासपुर सेक्टर के डी.आई.जी. प्रभाकर जोशी ने गुरुवार को बताया कि सीमा सुरक्षा बल की 73वीं बटालियन के जवानों ने बी.ओ.पी.चंडीगढ़ पर रात लगभग 1-15 बजे भारतीय क्षेत्र मे प्रवेश कर रहे पाकिस्तानी ड्रोन की आवाज सुनते ही उस पर फायरिंग शुरू कर दी तथा रोशनी छोड़ने वाले इल्लू बम भी छोड़े। उन्होंने बताया कि सुरक्षा बल के जवानों ने फायरिंग कर पाकिस्तानी ड्रोन को वापस जाने के लिए मजबूर कर दिया।

उप-महानिरीक्षक श्री जोशी ने बताया कि सीमा सुरक्षा बल तथा पुलिस ने आज संयुक्त रूप मे सुबह से ही तलाश अभियान चलाया हुआ है। जवानों की चौकसी के कारण पाकिस्तानी ड्रोन को वापस जाना पड़ा।

# नर्स का हत्यारा मंडी गोबिंदगढ़ से गिरफ्तार

एजेंसी

जालंधर। पंजाब के जालंधर में पर्ल अस्पताल में काम करने वाली नर्स की हत्या के मामले में पुलिस ने हत्यारे को मंडी गोबिंदगढ़ से गिरफ्तार किया है।

पुलिस आयुक्त गुरशरण सिंह संधू ने शुक्रवार को बताया कि एक तरफा प्यार में विफल रहने पर सिरफिरे आशिक ने बुधवार देर रात ग्रीन माडल टाउन के पास स्थित पर्ल अस्पताल की नर्स की पीठ पर चाकू मारकर हत्या कर दी थी। नर्स को बचाने आई उसकी सहेली पर भी चाकू से कई वार किए थे। सहेली की हालत आज भी गंभीर बनी है। मृतका की पहचान बलजिंदर कौर और उसकी घायल सहेली ज्योति के रूप में हुई है। पुलिस ने 24 घंटे के भीतर मामला ट्रेस करते हुए आरोपी सतिगुरू निवासी गांव टिब्बा जिला फतेहगढ़ साहिब को नगर परिषद कार्यालय मंडी गोबिंदगढ़ से गिरफ्तार कर लिया है। घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में आरोपी कैद हो गया था।

मृतका के मोबाइल फोन में भी आरोपी की तस्वीर थी और उसका नंबर ब्लाक किया हुआ था जिसके बाद पुलिस का शक गहरा गया। पचास से ज्यादा सीसीटीवी कैमरे खंगाले तो पता चला कि आरोपी हत्या के बाद बस स्टैंड गया और वहां से मंडी गोबिंदगढ़ के लिए निकल गया था।

### गरम भगोने में गिरने से मासूम बालक की मौत

भरतपुर। राजस्थान के धौलपुर में सैंपऊ कस्बे के शिव नगर मोहल्ला मैं भैंस के लिए बनाए जा रहे गरम दलिए के भगोने में गिरने से आज तीन वर्षीय एक मासूम की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मासूम बालक सत्यम बघेल के घर अन्य दिनों की तरह शुक्रवार को भी भैंस के लिए चूल्हे पर भगोने में दलिया बनाया जा रहा था। इसी दौरान घर में खेलते हुए सत्यम गरम दलिया में गिरकर बुरी तरह झुलस गया। गर्दन और दोनों पैरों के पंजों को छोड़कर बालक का पूरा शरीर गरम दलिया से बुरी तरह झुलस गया। भगोने में गिरते ही बालक की चीख सुनकर पिता श्यामवीर दौड़ कर पहुंचा और उसे भगोने से बाहर निकाला। घटना से पूरे घर में कोहराम मच गया।

# कोटकपुरा गोलीकांड घटना की निष्पक्ष जांच से असली अपराधियों का होगा पर्दाफाश

चंडीगढ़। पंजाब के कैबिनेट मंत्री कुलदीप सिंह धालीवाल ने कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह पर बादल परिवार को बचाने और उनका साथ देने का आरोप लगाया है।

उन्होंने कहा कि सिख संगत पिछले सात सालों से गुरु ग्रंथ साहिब की बेअदबी मामलों में इंसाफ की मांग कर रही है,लेकिन बादल-कैप्टन ने उन्हें हमेशा गुमराह किया। आप सरकार सिख संगत को न्याय दिलाएगी।

पंजाब भवन में शुक्रवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान मीडिया को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि श्री गुरु ग्रंथ साहिब की बेअदबी के लिए न्याय की मांग करने वाले दो सिखों की कोटकपुरा में पुलिस फायरिंग में मौत हो गयी थी। उनकी मौत के लगभग सात साल बाद भी न अकाली दल और न कांग्रेस की सरकार में उन्हें न्याय मिला। उन्होंने कहा कि अकाली दल और कांग्रेस की सरकारों ने सिख संगत की भावनाओं को हमेशा नज़रअंदाज़ किया और मामले को टालते रही।



धालीवाल ने कहा कि पूरा पंजाब जानता है कि बादल और कैप्टन आपस में मिले हुए थे। उनकी आपसी सांठगांठ के कारण बरगाड़ी और बहबल कलां फायरिंग कांड के दोषियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई, लेकिन मान सरकार किसी भी दोषी को नहीं बख्शेगी। जल्द सभी दोषी जेल के अंदर होंगे। उन्होंने अफसोस जताते हुए कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने 2017 के विधानसभा चुनाव से पहले गुटका साहिब की सौगंध खाकर कहा था कि वह गुरु ग्रंथ साहिब की बेअदबी के मामले में सिख संगत को न्याय दिलाएंगे लेकिन बादलों के साथ उनकी मिलीभगत के कारण उन्होंने दोषियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। बेअदबी की घटना के आरोपी मोहिंदर पाल बिट्टू को भी कांग्रेस के शासन के दौरान जेल में मार दिया गया।

# कोविड के दौर में स्वत: सिद्ध हुआ आर्युवेद का महत्व: मिश्र

एजेंसी

जयपुर। राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा है कि कोविड काल में आर्युवेद की प्राचीन भारतीय परम्परा का महत्व और उपयोगिता एक बार फिर व्यापक स्तर पर स्वत: सिद्ध हुई है।

मिश्र आज राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान एवं विश्व आयुर्वेद परिषद राजस्थान द्वारा अग्निकर्म एवं जीवनशैली जनित विकारों पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला के उद्घाटन समारोह में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गैर संक्रामक रोगों में भी आयुर्वेद के अंतर्गत और अधिक प्रमाणीकरण के साथ शोध कार्य किए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद राज्यों की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और वृहद स्तर पर रोजगार सृजन में भी सहायक हो सकता है, दक्षिणी राज्य केरल इसका बड़ा उदाहरण है।



उन्होंने कहा कि आयुर्वेद प्रकृति से जुड़ा अद्भुत चिकित्सकीय विज्ञान है जिसमें व्यक्ति के शरीर और उससे जुड़े पर्यावरणीय घटकों को ध्यान में रखते हुए चिकित्सा की जाती है। उन्होंने कहा कि वेदों में आयुर्वेद से जुड़े महत्वपूर्ण उल्लेख हैं। चरक, सुश्रुत, काश्यप आदि आयुर्वेदाचार्यों के ग्रंथों से पता चलता है कि प्राचीन काल में आयुर्वेद चिकित्सा का रूप कितना विकसित था। उन्होंने कहा कि प्राचीन ग्रंथों के संदर्भों के आधार पर आयुर्वेद में नवीनतम शोध और अनुसंधान किए जाने चाहिए, इससे असाध्य रोगों और महामारियों की चिकित्सा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रगति की जा सकेगी।

श्री मिश्र ने कहा कि पुरानी पीढ़ी के वैद्यों से संवाद कर उनके ज्ञान को सहेजने और प्राचीन ग्रंथों को हिंदी व अन्य भारतीय भाषाओं में उपलब्ध कराने के लिए भी कार्य किया जाना चाहिए। उन्होंने नाड़ी परीक्षण के प्रत्यक्ष अनुभव का वर्णन करते हुए नाड़ी परीक्षण के ज्ञान के संरक्षण और शोध के लिए प्रभावी प्रयास किए जाने पर बल दिया।

# आजाद की टिप्पणी मानवता एवं संवेदनशीलता के खिलाफ : गहलोत

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कांग्रेस को अलविदा कहने वाले वरिष्ठ नेता गुलाब नबी आजाद की टिप्पणी को मानवता एवं संवेदनशीलता के खिलाफ बताते हुए कहा है कि पार्टी से पहचान बनाने एवं 42 वर्ष तक विभिन्न पदों पर रहकर इस मुकाम तक पहुंचने के बाद इस्तीफा देना और इस तरह की टिप्पणी करके किस तरह का संदेश देना चाह रहे हैं समझ के परे हैं।

गहलोत ने श्री आजाद के इस्तीफा के बाद मीडिया के इस बारे में सवाल करने पर आज यहां यह बात कही। उन्होंने कहा कि श्री आजाद को कांग्रेस ने सब कुछ दिया और पार्टी के नेता इंदिरा गांधी, राजीव गांधी एवं सोनिया गांधी ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया और आज उन्होंने जिस प्रकार की भावना प्रकट की हैं उसे उचित नहीं कहा जा सकता।

उन्होंने कहा कि श्री आजाद कांग्रेस नेता संजय गांधी के समय के नेता हैं और वह उनके करीब रहे हैं, नौजवान संजय गांधी के साथ नहीं थे और उनके विचारों के खिलाफ थे।

## शार्ट न्यूज

### कुत्ते को बचाने के दौरान बाइक सवार फिसला, वैन से टकराकर मौके पर ही मौत

**नई दिल्ली।** उत्तरी दिल्ली के वजीराबाद इलाके में एक कुत्ते को बचाने की कोशिश के दौरान हुई सड़क दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार की मौत हो गई। पुलिस ने शुक्रवार को इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि मृतक की पहचान राहुल के रूप में की गई है और वह बिहारीपुर में रहता था। पुलिस ने कहा कि उन्हें गुरुवार रात करीब 11.29 बजे सूचना मिली कि पुस्ता रोड पर एक मोटरसाइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हालत में मिला है। पुलिस के मुताबिक, मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि गली के एक कुत्ते को बचाने की कोशिश में मोटरसाइकिल पर सवार राहुल फिसल कर गिर गया और वहां से गुजर रही एक पिकअप वैन की चपेट में आ गया। उत्तरी दिल्ली के पुलिस उपायुक्त सागर सिंह कलसी के मुताबिक, मोटरसाइकिल से गिरने के बाद राहुल को वहां से गुजर रही एक पिकअप वैन ने टक्कर मार दी। सिर में चोट लगने से राहुल की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के समय राहुल ने हेलमेट नहीं पहना हुआ था। पुलिस की एक टीम ने घटनास्थल का दौरा किया और वहां की सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद वजीराबाद पुलिस थाने में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। राहुल अविवाहित था और पिछले करीब एक साल से कड़कड़डूमा अदालत परिसर के पास लीला होटल में सहायक एवं रसोइए का काम करता था। पुलिस ने बताया कि उसके पिता यहां दीनदयाल उपाध्याय अस्पताल के किचन में काम करते हैं।

### दिल्ली के दक्षिणपुरी इलाके में पति ने पत्नी को मारा चाकू, शराब पीने को लेकर हुआ था विवाद

नई दिल्ली । राजधानी दिल्ली के दक्षिणपुरी इलाके में एक 29 वर्षीय महिला को उसके शराबी पति ने कथित तौर पर कई बार चाकू मारकर घायल कर दिया। पुलिस के मुताबिक, घटना गुरुवार की है। पूर्व की शराब पीने की आदत को लेकर पति-पत्नी में विवाद हो गया था। पुलिस ने बताया कि गुरुवार दोपहर करीब तीन बजे एक महिला ने पुलिस को फोन किया और कहा कि उसके पति ने उसे चाकू मार दिया है। पुलिस मौके पर पहुंची और घायल महिला को एम्स ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण) बेनीता मैरी जैकर ने कहा कि मेडिको-लीगल केस (एमएलसी) के अनुसार, चाकू से पेट, बाएं स्तन, बाएं हाथ और बाएं कोहनी पर चोट लगने की सूचना मिली थी। पूछताछ में पता चला कि पीड़िता की शादी करीब 11 साल पहले बॉबी (32) से हुई थी। पुलिस ने बताया कि वह सोफा रिपेयर का काम करता है और उसके दो बच्चे हैं। पुलिस ने बताया कि बॉबी शराब पीने का आदी है और दोनों के बीच पिछले काफी समय से पारिवारिक विवाद चल रहा था, जिसके चलते महिला पिछले तीन महीने से छतरपुर में अपने माता-पिता के साथ अलग रह रही थी।

### जेवर पुलिस ने सट्टा खेलने वाले एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार

ग्रेटर नोएडा। थाना जेवर क्षेत्रान्तर्गत जहाँगीरपुर पुलिस चौकी प्रभारी एसआई नीलकान्त ने अपने पुलिस बल के साथ चेकिंग के दौरान गुरुवार को सट्टा खेलने वाले एक अभियुक्त आस मौहम्मद उर्फ आसू पुत्र यामीन खाँ निवासी मौहल्ला व्यापारियान कस्बा जहांगीरपुर थाना जेवर गौतमबुद्धनगर को थाना क्षेत्र के रामलीला ग्राउण्ड के पास से गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया।पकड़े गए अभियुक्त के कब्जे से पुलिस ने पर्चा सट्टा, एक पैन और 1350 रूपये नगद बरामद किए हैं। अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है।जो सट्टा खिलाने एवं खेलने कार्य करता है। जिसके विरूद्ध पुलिस ने आवश्यक वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

### जेवर पुलिस ने जुआ खेल रहे छः अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

ग्रेटर नोएडा। थाना जेवर पुलिस ने जुआ खेल रहे छः अभियुक्त इसरायल पुत्र सलीमुद्दीन निवासी किला कालौनी कस्बा व थाना जेवर गौतमबुद्धनगर, नईम पुत्र एमननूर निवासी मौहल्ला कम्बूहान कस्बा व थाना जेवर गौतमबुद्धनगर, राशिद पुत्र ताज निवासी मौहल्ला कम्बूहान कस्बा व थाना जेवर गौतमबुद्धनगर, यूसूफ पुत्र रशीद निवासी मौहल्ला किला कालौनी कस्बा व थाना जेवर गौतमबुद्धनगर, इकबाल पुत्र शेरू निवासी मौहल्ला कम्बूहान कस्बा व थाना जेवर गौतमबुद्धनगर, शरीफ पुत्र हकीमुद्दीन निवासी मौहल्ला कम्बूहान कस्बा व थाना जेवर गौतमबुद्धनगर को थाना क्षेत्र के कस्बा जेवर से बैना को जाने वाले रास्ते पर नीम के बाग के पास से गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया।पकड़े गए अभियुक्तों के कब्जे से पुलिस ने 52 पत्ते ताश, 2850 रुपये नगद और चार मोटरसाइकिल बरामद की है।अभियुक्तगण हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे थे।जिनके विरुद्ध पुलिस ने आवश्यक वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

### एनसीआर मे लूट करने वाले अन्तर्राज्यीय गिरोह के दो अभियुक्त गिरफ्तार



नोयडा। थाना सेक्टर-142 पुलिस ने एनसीआर मे लूट करने वाले अन्तर्राज्यीय गिरोह के दो अभियुक्तों सन्नी धामा पुत्र सुरज धामा निवासी ग्राम बली निबाली थाना कोतवाली, जिला बागपत वर्तमान पता-सजवान नगर थाना विजय नगर गाजियाबाद, अनुज पुत्र पुरूषोत्तम निवासी ग्राम जटवाड़ा जिला गाजियाबाद वर्तमान पता सजवान नगर थाना विजय नगर गाजियाबाद को थाना क्षेत्र के एडवान्ट बिल्डिंग के सामने सेक्टर 144 की तरफ से गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए अभियुक्तों के कब्जे से पुलिस ने लूटी गई एक चैन पीली धातू की, 11 मोबाइल फोन भिन्न-भिन्न कम्पनियो के,एक चाकू, एक तमंचा तीन सौ पन्द्रह बोर मय एक कारतूस जिन्दा और घटना में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल नंबर यूपी 16 सीएस 8817 बरामद की है। अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि उनका एक गैंग है जो एनसीआर मे सुबह व शाम के समय अकेले घुमने वाले व्यक्तियों से सुनसान जगह पर हाई स्पीड बाईक पर सवार होकर फोन व चेन छीनकर ले जाते थे। और लूटे गये सामान को बेचकर अधिक धन अर्जित करते थे। इस तरह की घटनाएं पिछले करीब सात आठ साल से करते आ रहे है।अभियुक्तगण शातिर किस्म के अपराधी हैं।जिनके विरुद्ध पुलिस ने आवश्यक वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

### कम्पनी से चोरी करने वाले दो चोर गिरफ्तार

ग्रेटर नोएडा। कासना पुलिस ने कम्पनी में चोरी करने वाले दो अभियुक्तों दीपक पुत्र प्रेम सिंह निवासी ग्राम चिल्मापुर डिबाई थाना डिबाई बुलंदशहर वर्तमान पता अजब सिंह का मकान ग्राम लुक्सर गौतमबुद्धनगर, पिन्टू सिंह उर्फ विजय पुत्र राजपाल सिंह निवासी दौलतपुर करैला थाना भूता बरेली वर्तमान पता अजब सिंह का मकान ग्राम लुक्सर गौतमबुद्धनगर को एशियन पेन्ट कम्पनी के सर्विस रोड से गिरफ्तार कर लिया।पकड़े गए अभियुक्तों के कब्जे से पुलिस ने एक इलैक्ट्रोनिक कटिंग मशीन बरामद की है। गौरतलब है कि 26 अगस्त 2022 को वादी एस के लोहुम क्लीनटच प्राईवेट लिमिटेड डी 7 साईट वी कासना इन्डस्ट्रियल एरिया नोएडा ने दो अज्ञात बाइक सवार चोरों द्वारा वादी की फैक्ट्री लोहुम क्लीनटच प्राईवेट लिमिटेड डी 7 साईट वी कासना इन्डस्ट्रियल एरिया नोएडा से एक इलैक्ट्रोनिक कटिंग मशीन चोरी कर ले जाने के सम्बन्ध में थाना कासना पर मुकदमा अपराध संख्या 199/2022 धारा 380 भादवि के तहत पंजीकृत कराया गया था। जिसमें तत्काल घटना का सफल अनावरण कर उपरोक्त दोनों अभियुक्तगणों को गिरफ्तार कर लिया। जिनके विरुद्ध पुलिस ने आवश्यक वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

# गालीबाज नेता श्रीकांत त्यागी को मिली जमानत, पर अभी जेल से नहीं आएगा बाहर

नोएडा। नोएडा की ग्रैंड ओमैक्स सोसाइटी में महिला से बदसलूकी करने वाले गालीबाज नेता श्रीकांत त्यागी को शुक्रवार को तीन मामलों में जमानत मिल गई है, लेकिन गैंगस्टर एक्ट में उसे जमानत नहीं मिली है। इसके चलते श्रीकांत को अभी जेल में ही रहना होगा।

जानकारी के अनुसार, श्रीकांत त्यागी को आईपीसी की धाराओं 354, 420 और गाली-गलौज के मामले में जमानत मिल गई है। हालांकि, गैंगस्टर एक्ट केस में जमानत अभी नहीं मिली है। श्रीकांत के ऊपर चार मुकदमे दर्ज किए गए थे, जिनमें से तीन में जमानत मिल गई है। श्रीकांत त्यागी के वकील सुशील भाटी ने बताया गैंगस्टर एक्ट मामले में भी जल्द जमानत होगी।

गौरतलब है कि, नोएडा में 5 अगस्त को ग्रैंड ओमैक्स सोसाइटी में एक महिला से अभद्रता करने के मामले में नोएडा पुलिस ने श्रीकांत त्यागी को 9 अगस्त को सुबह मेरठ से तीन अन्य साथियों के साथ गिरफ्तार कर लिया था। इसके बाद सूरजपुर कोर्ट ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

बता दें कि, श्रीकांत त्यागी कथित तौर पर खुद को भाजपा नेता बताकर लोगों पर रौब झाड़ता था, लेकिन महिला के साथ बदसलूकी के मामले में श्रीकांत त्यागी का वीडियो वायरल होने के बाद भाजपा ने उससे पल्ला झाड़ लिया था। स्थानीय भाजपा सांसद डॉ. महेश शर्मा ने त्यागी के भाजपा सदस्य होने से इनकार किया था।

इस घटना के कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए थे, जिनमें से एक में त्यागी महिला के खिलाफ कथित तौर पर गंदी-गंदी गालियां देने के साथ अपशब्दों का इस्तेमाल करते और हाथापाई करते दिख रहा था।



राष्ट्रीय विद्वत परिषद के तत्वावधान में श्रीपीठम द्वारा आयोजित 108 कुण्डिय महालक्ष्मी महायज्ञ में आज परम पूजनीय निरंजन पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरी जी महाराज और श्री श्री 1008 स्वामी कालीदास जी महाराज तथा माननीय बड़े दिनेश जी भाईसाहब (अंतरराष्ट्रीय संरक्षक- विश्व हिंदू परिषद) की दिव्य उपस्थिति रही और राष्ट्रीय विद्वत परिषद के मुख्य-प्रबंधक स्वामी ब्रह्मचारी महेश स्वरूप जी, अध्यक्ष आचार्य चंद्रमणि जी, महामंत्री श्री रूपक शर्मा जी द्वारा परम पूज्य निरंजन पीठाधीश्वर जी का अभिनंदन किया गया।इस अवसर पर हरियाणा के कमिश्नर IAS जयबीर सिंह जी, आरएसएस के दिल्ली सहप्रांत कार्यवाह श्री अनिल जी , आरएसएस के सक्षम के प्रांत संगठन मंत्री श्री देवेंद्र जी , आरएसएस के विभाग प्रचारक श्री सुबोध जी , आरएसएस के विभाग कार्यवाह श्री छोटे दिनेश जी व अन्य समाजसेवियों व संतों व राजनेताओं तथा उद्योगपतियों की दिव्य उपस्तिथि रही।

# एनएचपीसी द्वारा 46वीं वार्षिक आम बैठक का आयोजन

**प्रफुल्ल राय/गौरवशाली भारत**

**फरीदाबाद।** एनएचपीसी लिमिटेड ने 25 अगस्त 2022 को निगम मुख्यालय, फरीदाबाद से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अपनी 46वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) आयोजित की । कंपनी के सदस्यों ने वर्ष 2021-22 के लिए 1.81/- रुपए प्रति इक्विटी शेयर के लाभांश को मंजूरी दी, जिसमें मार्च, 2022 में भुगतान किए गए 1.31/- रुपए प्रति इक्विटी शेयर का अंतरिम लाभांश भी शामिल है।

श्री ए.के. सिंह, सीएमडी, एनएचपीसी ने वार्षिक आम बैठक में शेयरधारकों को संबोधित किया ।इस वार्षिक आम बैठक में श्री वाई.के. चौबे, निदेशक (तकनीकी), श्री आर.पी. गोयल, निदेशक (वित्त), श्री बिश्वजीत बासु, निदेशक (परियोजनाएं) और स्वतंत्र निदेशकगण डॉ. उदय सखाराम निर्गुडकर, प्रो. (डॉ.) अमित कंसल, डॉ. रश्मि शर्मा रावल , श्री जिजी जोसफ के साथ श्रीमती रूपा देब, कंपनी सचिव, एनएचपीसी भी उपस्थित रही ।



सीएमडी ने एनएचपीसी द्वारा की गई विभिन्न प्रमुख उपलब्धियों के बारे में उल्लेख किया । श्री सिंह ने बताया कि एनएचपीसी ने वित्तीय वर्ष 2020-21 में 3,245 करोड़ रुपये की तुलना में 9% की वृद्धि दर्ज करते हुए, वित्तीय वर्ष 2021-22 में कर पश्चात 3,538 करोड़ रुपये (एकल आधार पर) का वार्षिक लाभ अर्जित किया जो अब तक का सर्वाधिक अर्जित लाभ है ।श्री सिंह ने वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान एनएचपीसी की उपलब्धियों के बारे में विस्तार से बताया कि एनएचपीसी के पावर स्टेशनों ने 23,540 मिलियन यूनिट की डिजाइन ऊर्जा के मुकाबले 24,855 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन किया है । एनएचपीसी के पावर स्टेशनों ने अब तक का उच्चतम 88.19 प्रतिशत वार्षिक पीएएफ भी दर्ज किया है ।

उन्होंने आगे यह भी कहा कि भारत सरकार के राजकोष में लाभांश के माध्यम से 1,183.05 करोड़ रुपये का नकद योगदान (वित्त वर्ष 2020-21 के लिए 249.44 करोड़ रुपये का अंतिम लाभांश और वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए 933.61 करोड़ रुपये का अंतरिम लाभांश) दिया गया ।

ए.के. सिंह, सीएमडी, एनएचपीसी ने यह भी बताया कि एनएचपीसी लिमिटेड ने नेपाल में दो जलविद्युत परियोजनाओं नामत: पश्चिम सेती (750 मेगावाट) और सेती नदी 6 परियोजना (450 मेगावाट) के विकास के लिए नेपाल, काठमांडू में 18.08.2022 को इन्वेस्टमेंट बोर्ड नेपाल, नेपाल सरकार के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं।

ए.के. सिंह ने बताया कि एनएचपीसी ने जम्मू एंड कश्मीर स्टेट पावर डेवलपमेंट विकास कॉरपोरेशन लिमिटेड से 11 दिसंबर, 2021 को 1856 मेगावाट की सावलकोट जलविद्युत परियोजना का अधिग्रहण किया गया। उन्होंने यह भी कहा कि ओडिशा में विभिन्न जल निकायों पर 500 मेगावाट की फ्लोटिंग सौर परियोजनाओं के विकास के लिए ग्रीन एनर्जी डेवलपमेंट कॉरपोरेशन ऑफ़ ओडिशा लिमिटेड (जीईडीसीओएल) के साथ प्रमोटर्स एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर किए गए । एनएचपीसी और जीईडीसीओएल के बीच संयुक्त उद्यम में प्रस्तावित इक्विटी भागीदारी 74:26 के अनुपात में होगी । परियोजना पूरी होने पर यह विश्व की सबसे बड़ी फ्लोटिंग सोलर परियोजना में से एक होगी ।

एनएचपीसी ने राजस्थान रिन्यूएबल एनर्जी कॉर्पोरेशन लिमिटेड और राजस्थान ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड के साथ राजस्थान में 10000 मेगावाट अक्षय ऊर्जा पार्क / परियोजनाओं के विकास के लिए आशय पत्र पर हस्ताक्षर किया । इंडियन रिन्यूएबल एनर्जी डेवलपमेंट एजेंसी लिमिटेड (इरेडा) द्वारा आयोजित ई-रिवर्स नीलामी में सीपीएसयू स्कीम , चरण- 2, भाग - 3 के तहत 44.90 लाख / मेगावाट की व्यवहार्यता अंतराल वित्तपोषण (वीजीएफ) पर 1000 मेगावाट क्षमता की सौर ऊर्जा परियोजना प्राप्त की।

# भाजपा अब तक 277 विधायकों को खरीद चुकी है, 5,500 करोड़ रुपये किए खर्च : केजरीवाल

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को आबकारी नीति मामले हो रही कार्रवाई को लेकर विधानसभा के एक दिन के विशेष सत्र में केंद्र की भाजपा सरकार को जमकर घेरा। केजरीवाल ने कहा कि भाजपा का गुजरात का किला खतरे में है और टूट रहा है। आगामी गुजरात विधानसभा चुनाव के कारण ही हम पर ईडी और सीबीआई के छापे डलवाए जा रहे हैं। ये लोग हर हाल में दिल्ली की चुनी हुई सरकार को गिराने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ये गुजरात चुनाव तक हमारे खिलाफ ऐसे ही झूठे मामले गढ़ते रहेंगे। केजरीवाल ने आरोप लगाया कि इन्होंने कई राज्यों में 277 विधायकों की खरीद पर 5,500 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। यह पैसा कहां से आया ? विधायकों को खरीदने के लिए भाजपा जीएसटी कलेक्शन, पेट्रोल और डीजल के दामों में बढ़ोतरी से जुटाई गई रकम का इस्तेमाल कर रही है। जब महाराष्ट्र की सरकार गिरानी थी तब इन्होंने दूध, छाछ, दही पर जीएसटी लगा दिया। जनता को पीसकर अरबपतियों के पैसे माफ कर रहे हैं।

### भाजपा का ऑपरेशन लोटस दिल्ली में 'ऑपरेशन कीचड़' बन गया

उन्होंने ने बताया कि यह कहा जा रहा है कि उन्होंने कई विधायकों को तोड़ दिया। मुझे फोन आए, लोगों ने मुझसे पूछा कि क्या सब ठीक है। मैं लोगों को यह दिखाने के लिए सदन में एक विश्वास प्रस्ताव लाना चाहता हूं कि हमारा एक भी विधायक नहीं गया। भाजपा का ऑपरेशन लोटस यहां ऑपरेशन कीचड़ बन गया। केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली की आप सरकार के खिलाफ तमाम देश विरोधी ताकतें एक साथ आ गई हैं, हमारी सबसे लोकप्रिय सरकार है, ये ताकतें हमें तोड़ना चाहती हैं, लेकिन हमारे सभी विधायक एकजुट हैं। वे गुजरात चुनाव तक हमारे खिलाफ झूठे मामले गढ़ेंगे। सीबीआई को मनीष सिसोदिया के घर 14 घंटे तक चले छापे के दौरान एक फूटी कौड़ी भी नहीं मिली और तो और छापे का खर्च भी नहीं निकल सका।

### अच्छे कामों को रोकना चाहते हैं उपराज्यपाल

इसके साथ ही अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली विधानसभा में कहा कि उपराज्यपाल ने अब हमारे स्कूलों की जांच शुरू की है, वे स्कूलों, अस्पतालों में किए जा रहे अच्छे कामों को रोकना चाहते हैं।

# जनपद के समस्त दिव्यांगजन यूडीआईडी कार्ड बनवाने के लिए विभागीय पोर्टल पर कर सकते हैं ऑनलाइन आवेदन

ग्रेटर नोएडा। जिला अधिकारी गौतमबुद्धनगर सुहास एल वाई के निर्देशों के क्रम में जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी गौतम बुद्ध नगर ने जनपद के समस्त दिव्यांगजन का आह्वान करते हुए जानकारी दी है कि जनपद के ऐसे समस्त दिव्यांगजन जिनके दिव्यांग प्रमाण-पत्र पुराने बने हुए है एवं जिनके दिव्यांग प्रमाण-पत्र नहीं बने हुए हैं अपना यूडीआईडी कार्ड (यूनिक डिसेबिलिटी आईडेन्टीफिकेशन) बनवाने के लिए www.swavlambancard.gov.in पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर आवेदन पत्र की हार्ड कापी मुख्य चिकित्साधिकारी गौतमबुद्धनगर के कार्यालय में प्राप्त कराना सुनिश्चित करें। जिन दिव्यांगजनों के यूडीआईडी कार्ड निर्गत नहीं है उन सभी दिव्यांगजनों को विभागीय योजनाओं से वंचित होना पड सकता है। किसी भी सरकारी योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए यूडीआईडी कार्ड का होना अनिवार्य है।उन्होंने बताया कि समस्त दिव्यांगजन जिनके यूडीआईडी कार्ड नहीं बने हैं वे अपना यूडीआईडी कार्ड शीघ्र बनवाने के लिए मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय से सम्पर्क करें। मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा गठित मेडिकल बोर्ड के द्वारा सप्ताह में दो दिवस सोमवार एवं शुक्रवार को परीक्षणोपरान्त यूडीआईडी कार्ड बनाया जायेगा।

# देवेश चंद्र श्रीवास्तव के सम्मान में नेडरा ने किया भव्य कार्यक्रम का आयोजन

## देवेश चंद्र श्रीवास्तव ने विश्व में देश का नाम किया रोशन : मनोज तिवारी

**आनंद राय/गौरवशाली भारत**

नई दिल्ली। विश्व में भारत का नाम रोशन करने वाले डीजीपी मिजोरम देवेश चंद्र श्रीवास्तव के सम्मान में नॉर्थ ईस्ट दिल्ली डिस्ट्रिक्ट राइफल एएसोसिएशन (नेडरा) द्वारा कनॉट प्लेस में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें दिल्ली के दिग्गज नेताओं, वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों और नेडरा के पदाधिकारियों ने शिरकत की। इस अवसर पर सभी ने मिलकर कामयाबी का केक काटकर श्रीवास्तव को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए बधाई दी।



इस मौके पर भारतीय तटरक्षक बल के महानिदेशक वी एस पठानिया, उत्तर पूर्वी दिल्ली से सांसद मनोज तिवारी, दिल्ली सरकार में नेता विपक्ष एवं विधायक रामवीर सिंह बिधूड़ी, स्पेशल सीपी मधुप कुमार तिवारी, डीसीपी नॉर्थ ईस्ट डिस्ट्रिक्ट संजय कुमार सेन, डीसीपी रोहिणी प्रणव तायल, अरुणाचल प्रदेश पुलिस के एसपी दिनेश गुप्ता, आरपी मीणा, एडिशनल डीसीपी साउथ ईस्ट डिस्ट्रिक्ट राजीव कुमार अंबास्ता, नॉर्थ ईस्ट दिल्ली डिस्ट्रिक्ट राइफल एसोसिएशन की जनरल सेक्रेटरी आयशा फलक, वाइस प्रेसिडेंट सतेन्द्र त्रिपाठी, सेक्रेटरी मोहन सिंह बिष्ट, कोच फलक शेर आलम आदि मौजूद रहे।

इस मौके पर सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि देवेश चंद्र श्रीवास्तव ने अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए देश का नाम पूरे विश्व में रोशन किया है। विश्व धरोहर वन्य जीवों को तस्करों से बचाना और 23 अरब रुपए से अधिक की ड्रग्स को नष्ट कर नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करना काबिले तारीफ है।

यहां बता दें कि देवेश चंद्र श्रीवास्तव के नेतृत्व में मिजोरम पुलिस ने हाल ही में 23 अरब से अधिक की अवैध ड्रग्स को नष्ट करने और 468 विदेशी वन्यजीवों को तस्करी से बचाकर देश का नाम वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड के पन्नों पर सुनहरे अक्षरों में दर्ज कराया था। मिजोरम के मुख्यमंत्री जोरमथंगा ने भी देवेश चंद्र श्रीवास्तव के इन ऐतिहासिक कार्यों को वैश्विक स्तर पर एक बहुत बड़ी उपलब्धि बताया था।यक वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

# अवैध शराब को लेकर आबकारी विभाग एवं पुलिस के संयुक्त तत्वाधान में चलाया गया गहन सर्च अभियान

ग्रेटर नोएडा। जनपद में अवैध शराब के निष्कर्षण एवं अवैध शराब के व्यापार के विरूद्ध चलाए जा रहे प्रवर्तन अभियान के तहत जिला आबकारी अधिकारी गौतमबुद्धनगर राकेश बहादुर सिंह ने जानकारी देते हुये बताया कि विगत दिवस आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 1 गौरव चन्द द्वारा झुंडपुरा पर चेकिंग के दौरान एक महिंद्रा एक्सयूवी 500 नम्बर क्क४ष्ट्य 0194 से दो पेटी में कुल 48 केन टूवर्ग बियर व एक पेटी में कुल 48 पव्वें ऑफिसर चॉइस ब्लू ब्राण्ड के विदेशी शराब के साथ चार व्यक्ति मोहित पुत्र ओमप्रकाश, विक्की शर्मा पुत्र अशोक शर्मा, विकास कुमार पुत्र बाबूलाल व विशाल कुमार पुत्र स्वर्गीय मोहन सिंह को गिरफ्तार कर आबकरी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत करते हुये जेल भेजा गया है।



इसी प्रकार आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 2 रवि जायसवाल व आबकारी निरीक्षक गौरव चन्द द्वारा कोंडली चेक पॉइन्ट पर दविश देकर एक होंडा सिटी से 2 पेटी टूवर्ग ब्राण्ड के कुल 48 केन बियर के साथ दो व्यक्ति पुनित कुमार पुत्र सुरेश व अजय भंडारी पुत्र राकेश भंडारी को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत करते हुये जेल भेजा गया है। जिला आबकारी अधिकारी राकेश बहादुर सिंह ने कहा कि आगे भी जिलाधिकारी के निर्देशन में अवैध शराब की बिक्री को लेकर आगे भी जनपद में निरंतर गहन सर्च अभियान जारी रहेगा।

उन्होंने अवैध शराब का कारोबार करने वालों को सचेत करते हुए कहा है कि उनके विरूद्ध आबकारी अधिनियम के तहत सख्त से सख्त कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

### थाना सेक्टर-24 ने एक वाहन चोर को किया गिरफ्तार, कब्जे से चोरी का ई-रिक्शा बरामद

नोयडा। थाना सेक्टर-24 पुलिस ने एक वाहन चोर शानू पुत्र अली मोहम्मद निवासी ग्राम कासिमपुर थाना कासिमपुर जिला हरदोई वर्तमान पता ग्राम मोरना सेक्टर-35 थाना सेक्टर-24 नोएडा को सेक्टर-34 मैट्रो स्टेशन के पास से गिरफ्तार कर लिया।पकड़े गए अभियुक्त के कब्जे से पुलिस ने एक चोरी का ई-रिक्शा बरामद किया है। 25 अगस्त 2022 को थाना सेक्टर-24 पर सेक्टर 34 पार्क के पास से ई-रिक्शा यूपी 16 ईटी 7769 चोरी की घटना सम्बन्ध में मुकदमा अपराध संख्या 311/2022 धारा 379 भादवि के तहत पंजीकृत हुआ था। अभियुक्त शातिर किस्म का चोर है। जिसके विरूद्ध पुलिस ने आवश्यक वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

# बैंक को आर्थिक क्षति पहुंचाने वाले दो अभियुक्त गिरफ्तार



**ग्रेटर नोएडा।** थाना दनकौर पुलिस ने सीडीएम मशीन से छेड़छाड़ कर बैक को आर्थिक क्षति पहुँचाने वाले दो अभियुक्तों .शीलू यादव उर्फ रामनरेश यादव पुत्र रामसेवक यादव निवासी बंगाली कॉलोनी हरजिन्द्र नगर कानपुर, सागर उर्फ रविन्द्र यादव पुत्र ओमप्रकाश यादव निवासी वर्ल्ड बैंक कॉलोनी बर्रागाव कानपुर को एसबीआई एटीएम/सीडीएम मशीन के पास से गिरफ्तार कर लिया।पकड़े गए अभियुक्तों के कब्जे से पुलिस ने 17 एटीएम डेबिट कार्ड विभिन्न बैक के,दो मोबाइल फोन और घटना में प्रयुक्त एक कार आई-10 ग्रैंड बरामद की है। गौरतलब है कि 23 जुलाई 2022 को डौली लोटन ब्रान्च मैनेजर भारतीय स्टेट बैंक दनकौर गौतमबुद्धनगर द्वारा सूचना अंकित करायी कि कुछ अज्ञात लोग ब्रान्च के एटीएम रूम में लगी सीडीएम मशीन से छेडछाड़ कर बैंक को लाखो रूपये का नुकसान पहुँचा रहे हैं। जिसके सम्बन्ध में थाना दनकौर पर मुकदमा अपराध संख्या 260/22 धारा 420 भादवि के तहत पंजीकृत किया गया था। अभियुक्तों द्वारा सीडीएम मशीन के स्लाट को पैसा लेने के बाद हाथ से बन्द होने से रोका जाता है जिस कारण सीडीएम मशीन उस ट्रान्जेक्शन के लिये एक एरर मैसेज ट्रान्जेक्शन फेलियर रेस्पान्स देती है और साथ साथ ट्रान्जेक्शन एरर स्लिप भी देती है। उसके बाद उक्त लोगों द्वारा कस्टमर केयर पर एरर स्लीप का हवाला देते हुये कम्पलेन्ट दर्ज कराकर निकाला हुआ पैसा दोबारा रिफन्ड कराने के लिये आवेदन किया जाता है जो कि कुछ दिन पश्चात इनके बैक एकाउन्ट में दे दिया जाता है।अभियुक्तगण शातिर किस्म के जालसाज अपराधी हैं।जिनके विरुद्ध पुलिस ने आवश्यक वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

# आगामी 15 सितंबर तक समस्त दिव्यांगजन पेंशन में कराएं आधार ऑथेन्टीकेशन

**संवाददाता**

ग्रेटर नोएडा। जिलाधिकारी गौतमबुद्धनगर सुहास एल वाई के निर्देशों के क्रम में जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी गौतमबुद्धनगर ने जानकारी देते हुए बताया कि दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा संचालित दिव्यांग भरण-पोषण अनुदान (दिव्यांग पेंशन) तथा कुष्ठावस्था पेंशन योजना के तहत समस्त दिव्यांगजनों को पेंशन में आधार ऑथेन्टीकेशन आगामी 15 सितंबर 2022 तक कराना अनिवार्य कर दिया गया है।

अत: आधार ऑथेन्टीकेशन के लिए लाभार्थी स्वयं या किसी साइबर कैफे, जन लोकवाणी केंद्र के माध्यम से https:/sspy-up.gov.in वेब पोर्टल पर उपलब्ध विकल्प में जाकर मोबाइल पर ओटीपी प्राप्त कर आधार ऑथेन्टीकेशन की प्रक्रिया को पूर्ण कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा उपलब्ध करायी गयी उपर्युक्त व्यवस्था में यह सुविधा प्रदान की गई है कि यदि लाभार्थी के आधार कार्ड व विभागीय डेटा बेस में अंतर आ रहा है। जिसके कारण ऑथेन्टीकेशन प्रक्रिया पूर्ण नहीं हो रही है तो विभागीय डेटा बेस में युक्ति युक्त परिवर्तन कर ऑथेन्टीकेशन की प्रक्रिया पूर्ण की जा सकती है।

उन्होंने दिव्यांगजनों का यह भी आह्वान किया कि यदि दिव्यांगजनों को पेंशन में आधार ऑथेन्टीकेशन की प्रक्रिया पूर्ण करते समय यदि कोई कठिनाई उत्पन्न होती है, तो वह किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी विकास भवन गौतमबुद्धनगर कक्ष संख्या 107 में बैंक पासबुक, आधार कार्ड एवं मोबाइल नंबर के साथ उपस्थित होकर अपना आधार ऑथेन्टीकेशन करा सकते हैं।

## संपादकीय



# पुलिस प्रशासन का डरावना व्यवहार

सामान्य तौर पर इसको सही ठहराना कठिन है कि जिस व्यक्ति को पुलिस प्रशासन और मीडिया अपराधी घोषित कर चुका भारी संख्या में समाज के प्रतिष्ठित लोग उसके समर्थन में सड़कों पर प्रदर्शन करें। जिस समय पुलिस श्रीकांत त्यागी के पीछे पड़ी थी, उस पर इनाम घोषित किया जा रहा था उस समय यह कल्पना कठिन थी। आज स्थिति बदल चुकी है। पश्चिम उत्तर प्रदेश के कई जिलों में श्रीकांत त्यागी के समर्थन में लोग सामने आ रहे हैं। कुछ लोगों का आरोप है कि त्यागी होने के कारण उसके समाज के लोग अपने प्रभाव का इस्तेमाल कर पुलिस प्रशासन और उत्तर प्रदेश सरकार को दबाव में लाने की कोशिश कर रहे हैं। जरा दूसरी ओर देखिये। गौतमबुद्ध नगर यानी नोएडा के भाजपा के सांसद डॉ महेश शर्मा का पूरा तेवर बदल गया है। पहले वे कैमरे के सामने श्रीकांत त्यागी के विरुद्ध पुलिस अधिकारियों को डांट लगाते देखे जा रहे थे। आज अपने विरुद्ध जनता के गुस्से को देखते हुए क्षमा याचना की मुद्रा में है। श्रीकांत त्यागी के घर पर आने के कारण गिरफ्तार नौजवानों के जमानत होने की सूचना वे स्वयं उसके करीबियों को दे रहे हैं और वायरल ऑडियो क्लिप बता रहा है कि उनकी आवाज में नमनीयता है जबकि सामने वाला बता रहा है कि किस तरह उनकी भूमिका राजनीतिक तौर पर महंगी पड़ने वाली है। जाहिर है, सांसद का तेवर अनायास नहीं बदला है। गौतम बुद्ध पुलिस प्रशासन का भी पहले की तरह बयान नहीं सुनेंगे। कुछ सुनाई पड़ रहा है तो यही कि श्रीकांत त्यागी और उसके परिवार के साथ ज्यादती हुई है। श्रीकांत की गिरफ्तारी के पूर्व तक दिन-रात सुर्खियां देने वाले चैनल भी शांत हैं। तो पूरी स्थिति को कैसे देखा जाए ? एक प्रकरण, जो राष्ट्रीय मुद्दा बन गया था उसका यह असर हमें कई पहलुओं पर विचार करने को बाध्य करता है।

वास्तव में श्रीकांत त्यागी प्रकरण में स्थानीय सांसद, पुलिस प्रशासन और मीडिया की आक्रामक सक्रियता किसी विवेकशील व्यक्ति के गले नहीं उतर रही थी। श्रीकांत एक महिला को भद्दी- भद्दी गालियां देते हुए वीडियो में देखा जा रहा है। इस तरह की भाषा का प्रयोग शर्मनाक है,निंदनीय है। इसे आप अस्वीकार्य सामाजिक अपराध कह सकते हैं। किंतु भारतीय दंड संहिता में यह जघन्य या गंभीर अपराध की श्रेणी में नहीं आता। जिसका जितना अपराध हो उसी अनुसार उसका चित्रण होना चाहिए तथा पुलिस को भी कानून के अनुसार भूमिका निभानी चाहिए। हमारे देश की समस्या यह हो गई है कि जब भी किसी की सनसनाहट भरी गतिविधि वीडियो या ऑडियो में सामने आती है उसे महाखलनायक बना दिया जाता है और पुलिस, प्रशासन ,मीडिया पीछे पड़ जाती है। श्रीकांत प्रकरण में यही हुआ। इसके पहले शायद ही कभी ऐसा हुआ हो जब एक महिला के साथ अभद्र गाली – गलौज के आरोपी पर हफ्ते भर के अंदर 25 हजार का ईनाम रख दिया गया हो, संपत्ति की छानबीन आरंभ हो गई हो ,पत्नी बच्चे को उठाकर थाने में 6 घंटे पूछताछ की गई हो। इसमें घर की बिजली, पानी और गैस तक के कनेक्शन काट देने का भी यह पहला ही मामला होगा। जो लोग यह जानकर कि उसके परिवार में खाने पीने की व्यवस्था नहीं है मदद करने पहुंचे उनको भी अपराधी बनाकर जेल में डाल दिया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार कानून के शासन स्थापित करने वाली सरकार मानी जाती है। श्रीकांत त्यागी प्रकरण में उत्तर प्रदेश पुलिस – प्रशासन कानून के शासन स्थापित करने वाले वाली व्यवस्था की भूमिका में थी या कानून के भयानक दुरुपयोग की ?

सच यह है कि स्थानीय सांसद अगर अति सक्रियता न दिखाते तो मामला जितने अपराध का था वहीं तक सीमित रहता। महिला थाने में एफआईआर दायर करती, मामला न्यायालय में जाता और न्यायालय साक्ष्य के आधार पर फैसला करता। संभव था सुलह भी हो जाता। यह गहरे रहस्य का विषय है और भाजपा को स्वयं इसकी जांच करानी चाहिए कि स्थानीय सांसद इस मामले में इतना सक्रिय क्यों हुए कि न केवल उन्होंने पुलिस आयुक्त से लेकर सभी अधिकारियों से बात की बल्कि गृह सचिव तक पहुंच गए ? टीवी चैनलों पर ऐसा लग रहा था जैसे सांसद गौतम बुद्ध नगर जिले के अपराध के उन्मूलन का झंडा लिए हुए आगे बढ़ रहे हो।

# भारत की विविधता, बहुलता भारतीय लोकतंत्र की अंतर्निहित शक्ति

पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने अपनी किताब डिस्कवरी ऑफ इंडिया में लिखा है कि भारत स्वयं में एक लघु विश्व है। निसंदेह भारत पर अध्ययन करने वाले सभी चिंतकों तथा विद्वानों ने एकमत से यह माना है की भारत विविधताओं व बहुलताओं के मामले में विश्व का अनूठा एवं दिलचस्प देश है। अनेक प्रकार की भाषाएं, रीति रिवाज, खान-पान, रहन-सहन, लोकगीत,नृत्य, धर्म, संप्रदाय, सामाजिक संरचनाएं और संस्थाएं इस देश को बेहद बहुलतावादी और वैविध्यपूर्ण राष्ट्र बनाती है। इस विशाल, बहु भाषाई, बहु सांस्कृतिक देश की अपनी विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक, आर्थिक, ऐतिहासिक, भौगोलिक, दार्शनिक, धार्मिक, आध्यात्मिक, जनसांख्यिकी और भाषाई विभिन्नताएं, विषमताऐ और विशेषताएं विद्वमान है। जो इस देश की विविधता में एकता की खूबी को प्रदर्शित करती है। भारत की सामाजिक संरचना स्वयं में काफी जटिल है। देश में समाज बहुत सारे वर्गों उप वर्गों में बटा हुआ है, इसी तरह यहां समाज में ग्रामीण, उपनगरीय, नगरीय, महा नगरीय, जनजातीय, पहाड़ी कैसे वर्गों में विभाजित हुआ है। भारत में सामाजिक वर्ग भेद के साथ अंदरुनी अंतर्द्वंद भी बहुत ज्यादा है,जैसे कि एकल परिवार और संयुक्त परिवार जातिवादी जाति विहीन समाज ग्रामीण नगरीय द्वंद विवाह सन्यास का द्वंद जो अनेक रूपों में भारतीय समाज में जनमानस के रूप में दिखाई देता है और यह द्वंद स्वतंत्रता के पश्चात से दिखाई देने लगा है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जहां ग्राम स्वराज को आर्थिक विकास की धुरी मानते हुए सर्वोदय पंचायती राज स्वरोजगार एवं परस्पर सहयोग को बढ़ावा देना चाहते थे,दूसरी तरफ पंडित जवाहरलाल नेहरू का झुकाव औद्योगिक दृष्टि से पिछड़े क्षेत्र को तीव्र औद्योगिकरण , कल कारखानों को मजबूत करने की ओर था। इसीलिए भारतीय समाज में मिश्रित अर्थव्यवस्था की नई व्यवस्था के माध्यम से इसका समुचित समाधान निकाला गया था।

भारत के राजनीतिक द्वंद भी बहुतायत में रहे हैं। आजादी से पहले कांग्रेस के गरम पंथ हुआ नरम पंथ का द्वंद चलता रहा है और पूर्ण स्वराज की मांग का उहापोह तथा आजादी के बाद संविधान निर्माण के समय संविधान की संघात्मक तथा एकात्मक रचना का विवाद या समाजवाद पूंजीवाद का द्वंद इसी तरह भारत दोनों में उलझता रहा है, और उसके बाद समाधान निकाल कर उससे बाहर भी आया है। भारत धार्मिक ,दार्शनिक व आध्यात्मिक दृष्टि से एक बेहद समृद्ध राष्ट्र रहा है। विश्व के चार प्रमुख धर्मों हिंदू, सिख, बौद्ध ,जैन की जन्मस्थली भारत ही रही है। इसी तरह भारत वेद पुराणों, उपनिषदों ,ब्राह्मणों, समितियों और आरण्यकों के प्राचीन साहित्य से लबालब भी रहा है। इसके अलावा इस्लाम ,ईसाई ,पारसी जैसे धर्मों को देश में स्वयं सम्मानित कर अपनी मुख्यधारा में समाहित भी किया है। भारत अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विदेश नीति के मामले में गुटनिरपेक्षता की नीति को अपना कर किसी भी गुट में न रहते हुए स्वतंत्र विकास की नीति को अपनाया था। जो कालांतर में भारत की विदेश नीति का आधार स्तंभ रहा है। भारत में बहुआयामी विविधता भी रही है। स्वतंत्रता संग्राम में राजनेताओं ने जहां एक स्वर में हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाने का पक्ष लिया था वहीं दूसरी तरफ देश के कुछ हिस्सों में हिंदी विरोधी आंदोलन तक हुए हैं। भारत में संविधान में हिंदी को राजभाषा का दर्जा देते हुए कुल 22 भारतीय भाषाओं को आठवीं अनुसूची में सम्मिलित कर भाषाई सौहार्द्र और समन्वय का बखूबी परिचय भी दिया है। और भारत में भारतीय संस्कृति के बहुलतावादी चरित्र को बनाए रखने की भविष्य में भी निरंतर आवश्यकता बनी रहेगी। भारतीय समाज की विविधता पूर्ण सांस्कृतिक,साहित्यिक, दार्शनिक व्यवस्था के बीच विद्वानों ने चिंतन मनन कर किसके बीच का समाधान भी निकाला है एक का सबसे बड़ा उदाहरण भारत में सार्वजनिक और निजी दोनों क्षेत्रों को महत्व देते हुए मिश्रित अर्थव्यवस्था का अंगीकार करना है। भारत की विजेताओं के विभिन्न नेताओं ने भारत देश के अंदरूनी मामले को लेकर देश की अर्थव्यवस्था सामाजिक व्यवस्था तथा राजनीतिक व्यवस्था को काफी मजबूत तथा पुख्ता भी किया है।

# चिकित्सा क्षेत्र में क्रांति का शंखनाद है अमृता अस्पताल



ललित गर्ग

अध्यात्म और मानव कल्याण की दिशा में सराहनीय प्रयासों के लिये श्री माता अमृतानन्दमयी देवी (अम्मा) दुनियाभर में मशहूर हैं। वे सारे विश्व में अपने नि:स्वार्थ प्रेम और करुणा के लिये जानी जाती हैं। उन्होंने अपना जीवन गरीबों तथा पीड़ितों की सेवा व जन साधारण के आध्यात्मिक उद्धार के लिये समर्पित कर दिया है। अपने नि:स्वार्थ प्रेमपूर्ण आश्लेष से, गहन आध्यात्मिक सारसिक्त वचनों से तथा संसार में व्याप्त अपनी सेवा संस्थाओं के माध्यम से अम्मा मानव का उत्थान कर रही हैं, उन्हें प्रेरणा दे रही हैं, उनका संबल बन रही है और समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला रही हैं। इसका एक नवीन एवं प्रेरक उदाहरण है एशिया का सबसे बड़ा प्राइवेट अमृता अस्पताल। जो न केवल दिल्ली-एनसीआर के लोगों के लिये बल्कि देश के तमाम रोगियों के लिये अनुपम तोहफा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फरीदाबाद में लगभग 6,000 करोड़ रुपये की लागत से 133 एकड़ क्षेत्र में बने 2,600 बेड वाले अमृता अस्पताल का उद्घाटन किया। अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस इस अस्पताल का प्रबंधन माता अमृतानन्दमयी मठ की ओर से किया जाएगा। अब तक इसमें कुल 4,000 करोड़ रुपये खर्च किये जा चुके हैं। लगभग 1 करोड़ वर्ग फुट के इस क्षेत्र में न केवल एक बड़ा सुपर-स्पेशियलिटी अस्पताल बल्कि एक फोर स्टार होटल, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, संबद्ध स्वास्थ्य विज्ञान के लिए एक कॉलेज, एक पुनर्वास केंद्र, रोगियों के लिए एक हेलीपैड और कई अन्य सुविधाओं के साथ रोगियों के परिवार के लोगों के लिए 498 कमरों वाला गेस्टहाउस भी होगा। इस देश में चिकित्सा सुविधाओं के लिये तरसते लोगों के लिये यह एक राहत का माध्यम बनेगा।

इस अस्पताल का निर्माण माता अमृतानंदमयी मिशन ट्रस्ट की ओर से किया गया है हालांकि यह निजी क्षेत्र का अस्पताल हैं, लेकिन ट्रस्ट की प्रमुख आध्यात्मिक गुरु मां अमृतानंमयी की जिस तरह से सेवा भावना वाली छवि है, उसे देखते हुए इस अस्पताल का लाभ आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंदों को बेहद रियायती दर पर देने की बात भी कही जा रही है। अस्पताल के रेजीडेंट मेडिकल निदेशक डा.संजीव के सिंह के अनुसार अम्मा यानी माता अमृतानंदमयी के आशीर्वाद से दो साल बाद अस्पताल में बेड की संख्या बढ़कर 750 और पांच साल में एक हजार बेड की हो जाएगी। इसमें 534 क्रिटिकल केयर बेड भी शामिल होंगे। फिर चरण दर चरण इसमें विस्तार करते हुए 2600 बेड का अस्पताल जनता को समर्पित होगा। ट्रस्ट की ओर से पहले से ही 11 बड़े अस्पताल संचालित हैं और इनमें कोच्चि में सबसे बड़ा 1350 बेड का अस्पताल है। अब यह 2600 बेड का अस्पताल होगा।

प्रधानमंत्री मोदी के अनुसार हमारे यहां कहा गया है वसुधैव कुटुंबकम। अम्मा प्रेम, करुणा, सेवा और त्याग की



प्रतिमूर्ति हैं। वो भारत की आध्यत्मिक परंपरा की वाहक है।' यही कारण 1987 में, अपने श्रद्धालुओं के अनुरोध पर, अम्मा विश्व के सभी देशों में भारतीय संस्कृति एवं आध्यात्मिक उन्नयन के कार्यक्रम आयोजित करने लगीं। उनमे निम्न देश शामिल हैं- ऑस्ट्रेलिया, ऑस्ट्रिया, ब्राजील, कनाडा, चिली, दुबई, इंग्लैंड, फिनलैंड, फ्रांस, जर्मनी, होलैंड, आयरलैंड, इटली, जापान, केन्या, कुवैत, मलेशिया, मॉरिशस, रीयूनियन, रशिया, सिंगापुर, स्पेन, श्रीलंका, स्वीडेन, स्विटजरलैंड और संयुक्त राज्य अमेरिका। वे केवल विदेशों में ही नहीं बल्कि भारत के कोने-कोने में भी भ्रमण करते हुए सेवा एवं परोपकार की गंगा को प्रवहमान करती है।

अम्मा के विश्वव्यापी धर्मार्थ मिशन में बेघर लोगों के लिए 100,000 घर, 3 अनाथ आश्रम बनाने का कार्यक्रम और 2004 में भारतीय सागर में सुनामी जैसी आपदाओं से सामना होने की अवस्था में राहत-और-पुनर्वास, मुफ्त चिकित्सकीय देखभाल, विधवाओं और असमर्थ व्यक्तियों के लिए पेंशन, पर्यावरणीय सुरक्षा समूह, मलिन बस्तियों का नवीनीकरण, वृद्धों के लिए देखभाल केंद्र और गरीबों के लिए मुफ्त वस्त्र और भोजन आदि कार्यक्रम सम्मिलित हैं। ये परियोजनाएं उनके द्वारा संस्थापित संगठनों द्वारा संचालित की जाती हैं जिसमे माता अमृतानंदमयी मठ (भारत), माता अमृतानंदमयी सेंटर (संयुक्त राज्य अमेरिका), अम्मा-यूरोप, अम्मा-जापान, अम्मा-केन्या, अम्मा-ऑस्ट्रेलिया आदि शामिल हैं। यह सभी संगठन संयुक्त रूप से एम्ब्रेसिंग द वर्ल्ड (विश्व को गले लगाने वाले) के रूप में जाने जाते हैं। वह समाज में लैंगिक समानता को बढ़ावा देने, सामाजिक उत्थान और समाज के आखिरी इंसान तक के चेहरे पर मुस्कान लाने के लिये प्रयासरत है। वे विश्व आध्यात्मिक गुरु होने के साथ-साथ समाज सुधारक है। महिला होने के नाते वह औरतों के प्रति समाज में हो रहे अत्याचारों से बहुत दुखी हैं और महिला उत्थान के अनेक कार्यक्रम संचालित कर रही है। जिससे महिला सशक्तिकरण हो सके और समाज में उनका मान बढ़ सके। पिछले चार दशकों से भी ऊपर से चलाये जा रहे ये कार्यक्रम न सिर्फ भारत बल्कि विदेशों में भी एक नव क्रांति और नये दर्शन का संचार कर रहे हैं। अमृता अस्पताल श्रृंखला चिकित्सा-जगत में एक क्रांति का शंखनाद है।

जब 2004 में उनसे यह पूछा गया कि उनके धर्मार्थ मिशन का विकास कैसा चल रहा है तो अम्मा ने कहा, सब कुछ सहज रूप से होता है। गरीबों और व्यथित लोगों की दुर्दशा देखकर एक कार्य ही दूसरे कार्य का माध्यम बना। अम्मा प्रत्येक व्यक्ति से मिलती हैं, वे प्रत्यक्ष ही उनकी समस्याओं को देखती हैं और उनके कष्टों को दूर करने का प्रयास करती हैं। लोका: समस्ता: सुखिनो भवन्तु, यह सनातन धर्म के प्रमुख मन्त्रों में से एक है, जिसका अर्थ होता है, इस संसार के सभी प्राणी प्रसन्न और शांतिपूर्ण रहें।' इस मंत्र की भावना को ही अम्मा ने अपने जीवन का लक्ष्य बनाया है। अम्मा की इच्छा है कि उनके सभी शिष्य इस विश्व में प्रेम और शांति के प्रसार के लिए अपना जीवन समर्पित कर दें। अम्मा कहती हैं 'गरीबों तथा पीड़ितों के लिए सच्ची करुणा ही ईश्वर के प्रति सच्चा प्रेम और भक्ति है।' 'मेरे बच्चे उन्हें भोजन कराते हैं जो भूखे हैं, गरीबों की सहायता करते हैं, दुखी लोगों को सांत्वना देते हैं, पीड़ितों को राहत पहुंचाते हैं और सभी के प्रति दानशील हैं।' माता अमृतानंदमयी की सफलता और विकास का रहस्य यही है कि वे न तो अपनी महानता को लादे फिरती हैं और न ही अपने बारे में विशेष सोचती हैं। उनकी महानता की आधारशिला है समर्पण, सेवा, सादगी और विनय। वे समर्पण की प्रतिमूर्ति हैं, विनय का पर्याय हैं। सब कुछ करते हुए भी वे इस भाषा में कभी नहीं सोचती कि मैं कर रही हूं। इस अकर्ता भाव ने उनकी कार्यक्षमता को और अधिक निखारा है, पखारा है।

अम्मा का संगठन, माता अमृतानंदमयी मठ यह दावा करता है कि अम्मा ने इस दुनिया के 29 मिलियन से भी अधिक लोगों को अपने गले से लगाया है। अम्मा का लोगों को गले लगाने का दर्शन ही उनके जीवन का केंद्र है क्योंकि 1970 के उत्तरार्ध से वह लगभग प्रतिदिन ही लोगों से मिलती हैं। इसके साथ ही अम्मा का आशीर्वाद पाने के लिए आने वाले लोगों की संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है, कभी-कभी तो ऐसा भी होता है कि वह लगातार 20 घंटों तक दर्शन देती रहती हैं। 2004 की एक पुस्तक फ्रॉम अम्माश्ज हार्ट, में अंकित संवाद में अम्मा कहती हैं जब तक मेरे ये हाथ जरा भी हिल पाने और मेरे पास आने वाले लोगों तक पहुंच पाने में समर्थ रहेंगे और जब तक मुझमें रोते हुए व्यक्ति के कंधे पर अपना हाथ रखने और पर प्रेम से हाथ फेरने तथा उनके आंसू पोंछने की शक्ति रहेगी, तब तक यह अम्मा दर्शन देती रहेगी। इस नश्वर संसार का अंत होने तक, लोगों पर प्रेम से हाथ फेरना, उन्हें सांत्वना देना और उनके आंसू पोंछना, यही अम्मा की इच्छा है।

माता अमृतानंदमयी का धर्म केवल आत्मकल्याण का ही प्रेरक नहीं बल्कि जनकल्याण का भी अनूठा उदाहरण है। यही कारण है कि अम्मा अपनी साधना के साथ-साथ अनेक परोकाकारी कार्य, रचनात्मक एवं सृजनात्मक गतिविधियां संचालित करती है। वे माता अमृतानंदमयी मठ की संस्थापक और अध्यक्ष, संस्थापक, अमृता विश्वविद्यापीठम विश्वविद्यालय की कुलाधिपति, अमृता इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज अस्पताल की संस्थापक, पार्लियमेंट ऑफ द वर्ल्ड रिलीजन्स, इंटरनैशनल एड्वाइसरी कमेंटी मेंबर द एलिजाह इंटरफेथ इंस्टीट्युट, मेंबर ऑफ द एलिजाह बोर्ड ऑफ वर्ल्ड रिलीजियस लीडर्स और अनेक देशों में माता अमृतानंदमयी मठ की संस्थापक है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शब्दों के अनुरूप 'सही विकास होता ही वह है जो सब तक पहुंचे, जिससे सबको लाभ हो।

# राजनीतिक दलों और शराब माफियाओं का चोली दामन का साथ रहा है

योगेंद्र योगी

शराब एक ऐसा व्यवसाय है, जो दिखने में कानून के अनुसार ही चलता है किन्तु हकीकत में इसमें तीन तरह के माफिया कार्यरत हैं। पहले व्यवसायी वो हैं जो कानूनी तरीके से समूह बनाकर या एकल रूप में राज्यों की आबकारी नीति के मुताबिक शराब की दुकानें या ठेके लेते हैं।

दिल्ली में आप पार्टी के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया एवं अफसरों के खिलाफ केन्द्रीय जांच ब्यूरो ने शराब माफियाओं को फायदा पहुंचाने की नीयत से नई आबकारी नीति में फेरबदल का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज की है। यह पहला मौका नहीं है जब किसी सत्तारुढ़ पार्टी पर शराब माफिया को फायदा पहुंचाने के लिए आबकारी नीतियों में परिवर्तन करने का आरोप लगा है। देश में शायद ही ऐसा कोई राज्य होगा जिसकी सरकारें शराब माफियाओं से प्रभावित नहीं होंगी। दिल्ली के मामले में हालांकि अदालत के फैसले तक ही यह तय हो सकेगा कि वाकई केजरीवाल सरकार ने माफिया के फायदे के लिए नीतियों में बदलाव किया है या नहीं। अलबत्ता राजनीतिक दलों और शराब माफियाओं का चोली दामन का साथ रहा है। देश में ऐसा भी शायद ही कोई राज्य होगा जिसमें नेताओं की शराब के व्यवसाय में भागीदारी नहीं होगी। नेता अपने परिवार के नाम से इस व्यवसाय को चलाते हैं। राजस्थान, उत्तर प्रदेश, पंजाब, तमिलनाडु सहित दूसरे राज्यों में नेताओं पर शराब माफिया होने के आरोप लगते रहे हैं।

शराब एक ऐसा व्यवसाय है, जो दिखने में कानून के अनुसार ही चलता है किन्तु हकीकत में इसमें तीन तरह के माफिया कार्यरत हैं। पहले व्यवसायी वो हैं जो कानूनी तरीके से समूह बनाकर या एकल रूप में राज्यों की आबकारी नीति के मुताबिक शराब की दुकानें या ठेके लेते हैं। इन्हें हर हाल में शराब बिक्री के तौर पर एक निश्चित राशि राज्य को देनी होती है। शराब के ऐसे जायज ठेकेदार सरकार की आबकारी नीति को तोड़ने-मरोड़ने की ताकत रखते हैं। ज्यादातर नेताओं की शराब के ठेके में भागीदारी इसी तरह की होती है। शराब के ऐसे व्यवसायी समय-समय पर राजनीतिक दलों के नेताओं और अफसरों को उपकृत करते रहते हैं, ताकि सरकार की दयादृष्टि उन पर बनी रहे। यह सरकार की मर्जी है कि राज्य में क्षेत्र के हिसाब से शराब के ठेके दिए जाएं या दुकानें आवंटित की जाएं। इसके अलावा तयशुदा शराब की ब्रिकी नहीं करने पर राजस्व को हुए घाटे के बावजूद राज्य सरकार ही ठेकेदारों की गारंटी राशि में छूट देने या नहीं देने का निर्णय करती हैं। दिल्ली की आप सरकार पर भी इसी तरह का आरोप लगाया गया है।

दूसरी तरह के शराब माफिया वो होते हैं जो अपने राज्य में शराब बिक्री के टारगेट पूरा करने के लिए चोरी-छिपे दूसरे राज्यों में शराब की तस्करी करते हैं।

इनमें ज्यादातर वो ही ठेकेदार शामिल होते हैं, जिन्होंने जायज तरीके से शराब का ठेका लिया होता है। ऐसे ठेकेदार खासतौर पर सीमावर्ती राज्यों के जिलों में आबकारी और पुलिस विभाग की मिलीभगत से शराब की तस्करी करते हैं। गुजरात इसका उदाहरण है। गुजरात और बिहार में शराबबंदी लागू है, लेकिन यहां शराब मयसर हो जाती है। राजस्थान के बॉर्डर से लगे जिलों से शराब की तस्करी गुजरात में की जाती है। पिछले दिनों राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने एक चुनावी कार्यक्रम के दौरान गुजरात में आसानी से शराब मिलने का आरोप लगाया था, हालांकि गहलोत ने यह नहीं बताया कि यह शराब आती कहां से है। इस आरोप का गुजरात के मुख्यमंत्री विजय रूपाणी ने खंडन किया था और इसे गुजरात सरकार को बदमान करने की साजिश बताया था।

इन दो तरह के शराब माफियाओं के बाद तीसरी तरह का शराब माफिया क्षेत्र विशेष में कच्ची या देसी शराब का गैरकानूनी कारोबार करता है। यह माफिया देश के लगभग सभी राज्यों में सक्रिय है। यह माफिया विशेष कर गरीब और मजदूर वर्ग के लिए अवैध शराब का उत्पादन करता है। इसकी बनाई हुई शराब की कीमत राज्य में मिलने वाली देसी शराब की कीमत से काफी कम होती है।

## नाइन टू फाइव जिन्दगी की एक पोर्ट्रेट

ऐसा नहीं है कि लोगों में काम के प्रति जवाबदेही नहीं है। रोज प्रात: 5 से 7 बजे के बीच दीवा की शुरुआत तो लोग करते ही है। कभी सड़कों पर बेतरतीब भीड़ को चीरते हुए, कोई युवा समान ओजस्विता के साथ आगे बढ़ता व्यक्ति देखने को मिल ही जाता है। जिसने कंधे पर दफ्तर के फाइल के बोझ और सिर पर घर चलाने की जिम्मेदारी के साथ भागता, हड़बड़ाता हुआ देखने को अवश्य मिल जायेंगे। शहरों के रोजाना का एक दिन उठा लीजिए यह नमूनार्थ उदाहरण आपके सामने सदृश्य दिखाई पड़ेगा। इस हड़बड़ाहट की वजह और दर्द से शासकीय सेवाओं में सेवारत कार्मिकों और अधिकारी वर्ग के जमात को निजात है। ये हाल-ए-बयाँ तो निजी सेवा क्षेत्रों में कार्य करने वाली उस भीड़ की है जो काबिलियत तो रखते हैं। लेकिन जिन्दगी के जद्दोजहद में वर्तमान का आज जला रहे हैं। जिनकी विवशता नहीं प्रात: भागते दौड़ते दफ्तर जाने की मंशा से कहीं ज्यादा जरूरी 9 बजे से एक मिनट पहले उपस्थिति के पंच मशीन पर थम्ब मारने की मजबूरी है। ताकि डेढ़ माह के उपरांत मिलने वाली सैलरी में कटौती से बचा जा सके। क्योंकि जो श्रम विक्रय होती है, उसी से घर के अर्थशास्त्र का ताना बाना बुना जाता है। बच्चे की फीस, महीने भर का राशन, खरीदारी के शौंक, बचे तो भविष्य के लिए थोड़ी सेविंग की परंपरा का निर्वाह किया जाता है। बहरहाल, निजी दफ्तरों के मैनेजमेंट कर्ताओं के उखड़ेपन का सबूत इस बात से भी लगाया जा सकता है कि दफ्तर आने के टाइम का फिक्स है मगर जाने के समय का अंतिम समय के बाद भी वर्कलोड बढ़ाकर देरी कराने का उत्कृष्ट प्रबंधन कराया जाता है। दौड़ते भागते दफ्तर पहुँचते, वरिष्ठ-कनिष्क के बीच मेल-वेल, काम का स्टेटस और मंजूरी के पहले रोक-टोक की बातें आम हो जाती है। कहीं चाटुकारिता तो कहीं मेहनत में कोल्हू के बैल सिद्ध होते कार्मिकों की भीड़ सुबह से शाम तक बस पिसती रहती है। थक हार कर, मन लगे ना लगे मगर टाइम पर काम करके देना है वाली मानसिकता का प्रतिनिधित्व अवश्य करता है। शेष तो दफ्तर से निकलते-निकलते शरीर पूरी तरह से टूट जाता है। पांच बजे से निकले जो घर पहुँचते शाम के सात के पार घड़ी निकल जाती है।

# टोमैटो फ्लू के लक्षण, कारण और उपचार



योगेश कुमार गोयल

विगत कुछ वर्षों से देश में नए-नए वायरस दस्तक देकर लोगों को डरा रहे हैं। कोरोना और मंकीपॉक्स के बाद अब बच्चों में टोमैटो फ्लू के मामले सामने आ रहे हैं, जिसे लेकर स्वास्थ्य मंत्रालय की चिंता बढ़ गई है। भारत में पहली बार 6 मई को केरल के कोल्लम जिले में एक बच्चे में टोमैटो फ्लू की पुष्टि हुई थी और 'लांसेट' जर्नल की हालिया रिपोर्ट के मुताबिक तब से केरल में इसके 82 से अधिक मामले सामने आ चुके हैं, वहीं उड़ीसा में 26 से ज्यादा बच्चे इससे बीमार हो चुके हैं। सभी बच्चों की उम्र 9 साल से कम है और यह वायरल संक्रमण अब केरल तथा उड़ीसा के अलावा तमिलनाडु और कर्नाटक में भी फैल रहा है। केरल में तो हाल के दिनों में टोमैटो फ्लू के मामलों में अचानक वृद्धि दर्ज की गई है। टोमैटो फ्लू के संबंध में विशेषज्ञों का कहना है कि आमतौर पर पांच साल तक के बच्चों को निशाना बनाने वाला यह फ्लू आंतों के वायरस के कारण है, जो वायरस से बचाव के लिए पर्याप्त प्रतिरक्षा प्रणाली होने के कारण व्यस्कों में दुर्लभ होता है। संक्रमण को लेकर प्रारंभिक रिपोर्टों में सामने आया है कि यह एक दुर्लभ प्रकार का वायरल संक्रमण है जबकि कुछ रिपोर्टों में कहा गया है कि यह रेयर इंफेक्शन है, जो डेंगू या चिकुनगुनिया के बाद हो सकता है और यह इनका साइड इफेक्ट भी हो सकता है। हालांकि 'टोमैटो फ्लू' नाम से ऐसा लगता है, जैसे यह टमाटर खाने से होने वाली कोई बीमारी है लेकिन वास्तव में इसका टमाटर से कोई संबंध है ही नहीं। इसे टोमैटो फ्लू नाम इसीलिए दिया गया है क्योंकि इसमें शरीर पर टमाटर के आकार जैसे फफोले हो जाते हैं लेकिन अधिकांश लक्षण दूसरे वायरल इंफेक्शन जैसे ही होते हैं। टोमैटो फ्लू वास्तव में एक वायरल बीमारी है, जिसमें दस साल से कम उम्र के बच्चों को बिना निदान के बुखार का अनुभव होता है। यह बेहद संक्रामक बीमारी है लेकिन अभी इसे लेकर यह स्पष्ट नहीं है कि यह बीमारी कैसे फैलती है। हालांकि विशेषज्ञ इससे बचने के लिए बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षममता मजबूत बनाए रखना तथा हायजीन का खास ख्याल रखना जरूरी बता रहे हैं। अभी तक के अनुभवों के आधार पर विशेषज्ञों का यही कहना है कि टोमैटो फ्लू से बच्चों में जान का खतरा ज्यादा नहीं है लेकिन यह बेहद संक्रामक है। विशेषज्ञों के मुताबिक टोमैटो फ्लू एक तरह की 'हैंड, फुट एंड माउथ' वाली बीमारी है, जिसमें हाथ, पैर और मुंह पर लक्षण दिखते हैं। बच्चों को बुखार आना और उसके बाद त्वचा पर लाल निशान पड़ना इसके प्रमुख लक्षण हैं। इसमें निर्जलीकरण के साथ-साथ हाथ, पैर और मुंह पर बड़े-बड़े दाने होने लगते हैं, जिनका रंग प्राय: टमाटर जैसा लाल होता है और चकत्तों का आकार भी धीरे-धीरे बढ़कर टमाटर जैसा हो जाता है। चिकित्सकों ने टोमैटो फ्लू के चकत्तों के दानों की तुलना मंकीपॉक्स से जबकि बुखार के लक्षणों की तुलना डेंगू, चिकनगुनिया और हाथ, पैर तथा मुंह की बीमारी से की है।

फिलहाल टोमैटो फ्लू को लेकर स्वास्थ्य मंत्रालय चिंतित है और कई राज्यों को अलर्ट पर रखा गया है। इसे खतरनाक बनने से रोकने के लिए अब स्वास्थ्य विभाग द्वारा जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। फ्लू के अन्य मामलों की तरह यह भी संक्रामक है, जो छूने से भी फैलता है, इसीलिए स्वास्थ्य विशेषज्ञों द्वारा सलाह दी जा रही है कि आपके आसपास यदि कोई इस बीमारी से पीड़ित है तो उससे दूरी बनाकर रखें और खासकर बच्चों को ऐसे मरीज के करीब न आने दें अन्यथा बच्चा बड़ी आसानी से इसका शिकार हो सकता है। यदि आपका बच्चा टोमैटो फ्लू की चपेट में आ गया है तो उसे अलग कमरे में रखते हुए उसके निकट सम्पर्क से बचने का प्रयास करें। ऐसे मरीज को 5-7 दिनों तक आइसोलेशन में रखा जाता है। फ्लू को फैलने से रोकने के लिए संक्रमित बच्चे द्वारा उपयोग किए जाने वाले कपड़े, बर्तन तथा अन्य सामान को अलग से साफ करना बेहद जरूरी है। टोमैटो फ्लू का कोई विशिष्ट उपचार नहीं है, इसलिए इसे केवल लक्षणात्मक रूप से प्रबंधित किया जा सकता है। बच्चे को टोमैटो फ्लू हो जाने पर घर के अंदर तथा आसपास साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें। बच्चे के शरीर पर लाल चकत्ते होने पर उसे खुजलाने न दें। विशेषज्ञों के मुताबिक इस बीमारी की सबसे बड़ी समस्या रोगी के शरीर में पानी की कमी हो जाना है। इसलिए शरीर में पानी की कमी को दूर करने के लिए उसे पानी, फलों का जूस, शर्बत इत्यादि पिलाते रहना बहुत जरूरी है। यदि बच्चा तरल पदार्थ नहीं ले रहा है तो ऐसे स्थिति में उसे अस्पताल में भर्ती कराकर ड्रिप लगवाना जरूरी हो जाता है।

टोमैटो फ्लू के प्रमुख लक्षणों में बच्चे को तेज बुखार, निर्जलीकरण, टोमैटो के आकार के लाल रंग के बड़े फफोले, चकत्ते, त्वचा में खराश, शरीर में दर्द, जोड़ों में सूजन, पेट में ऐंठन या दर्द, थकान, जी मिचलाना, उल्टी, दस्त, सामान्य से ज्यादा खांसी, नाक बहना इत्यादि शामिल हैं। यदि बच्चे में उपरोक्त लक्षण दिखाई दें तो बिना विलंब किए डॉक्टर से परामर्श करना चाहिए। यदि बच्चा टोमैटो फ्लू से संक्रमित हो गया है तो डॉक्टर से सम्पर्क करने के अलावा कुछ खास बातों का भी ध्यान रखना जरूरी है। चूंकि इसके बारे में अभी ज्यादा जानकारी उपलब्ध नहीं है, इसलिए बच्चे को टोमैटो फ्लू हो जाने पर कोई भी घरेलू उपाय नहीं अपनाएं अन्यथा किसी विशेषज्ञ की सलाह के बिना उठाए गए ऐसे कदम समस्या को बेहद गंभीर भी बना सकते हैं। चूंकि टोमैटो फ्लू भी चिकनगुनिया, डेंगू और हाथ, पैर तथा मुंह की बीमारी के लक्षणों के समान है, इसलिए इस संक्रामक संक्रमण का इलाज भी इन्हीं के समान माना जा रहा है। टोमैटो फ्लू की अभी तक कोई अलग से दवाई नहीं है बल्कि जो दवाई वायरल संक्रमण होने पर दी जाती है, उसी का इस्तेमाल इसके खिलाफ भी किया जा रहा है। ऐसे मरीज को अलग-थलग रहने, आराम करने तथा खूब सारे तरल पदार्थ पीने और जलन तथा रैशेज से राहत के लिए गर्म पानी के स्पंज की सलाह दी जाती है।

## वजह-बेवजह रूठना

वजह-बेवजह क्यों बार-बार रूठना, छोटी-छोटी बातों पर बंधनों का टूटना, क्यों ना जीवन में समझदारी दिखाएं, शिष्टाचार, प्रेम और स्वाभिमान के साथ हो हमारा उठना।

जीवन में बहुत से कार्य और कर्म है,
जिम्मेदारियों के साथ जी रहे हम हैं,
क्यों हर बात पर शिकायत जताए,
यह जिंदगी तो सिर्फ एक भ्रम है।

खफा ना रहे हर वक्त अपनों के साथ, आक्रोश में ना करें हर वक्त बात, हर एक से शिकवा गिला रखकर
क्यों बिगाड़े हर पल के हालात।

बार-बार नाराजगी जताना बंद करें, स्वयं की मानसिक तनाव से थोड़ा लड़े, हर वक्त लोग और हालात बुरे नहीं होते, कभी-कभी हम होते हैं खुशहाली से परे।

स्वीकृति अपने जीवन में लाएं,
सभी को दिल खोलकर अपनाएं,
कभी कभी रूठना मनाना चलता है,
हर बात पर आंसू ना बहाए और बात
बात पर आवेश में ना आए।।

## शार्ट न्यूज

### बरेली में किसान के बेटे पर जानलेवा हमला, हाथ में लगी गोली, प्रधान पर हमले का आरोप

**बरेली।** बरेली के भुता के शेखापुर गांव में प्रधान और उसके साथियों पर किसान के बेटे पर तमंचे से जानलेवा हमला करने का आरोप है। जानकारी के मुताबिक किसान पर प्रधान और उसके साथियों ने ताबड़तोड़ फायरिंग की। इस घटना में किसान के बेटे के बाए कंधे पर गोली लगी है जिसके बाद उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सीओ और भुता एसओ समेत पुलिस के आला अधिकारियों ने घटना का संज्ञान लिया है। जानकारी के मुताबिक शेखापुर गांव के रहने वाले शिव सिंह का बेटा अनुज (22) शुक्रवार रात को खेत पर गया था। आरोप है कि रात में ही गांव के प्रधान अनिल व अन्य लोगों ने उसे घेर लिया। इस दौरान उन्होंने अनुज पर तमंचे से फायरिंग की जिसमें एक गोली अनुज के बाएं कंधे पर लगी जिससे वो घायल हो गया। फायरिंग होने पर आसपास के लोग दौड़ पड़े। भीड़ को आता देख हमलावर वहां से फरार हो गए। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। पीड़ित के बयान दर्ज किए गए। घायल ने अपने बयान में प्रधान अनिल समेत छह लोगों पर तमंचे से गोली मारने का आरोप लगाया है। मामले की शिकायत के बाद पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। एसओ ने बताया कि मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।

### बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में दवाओं का वितरण

**गाजीपुर।** गंगा के बढ़ते जलस्तर को लेकर अब स्वास्थ्य विभाग भी अलर्ट मोड़ में आ गया है। विभाग की ओर से बाढ़ग्रसित क्षेत्रों में सुविधा बढ़ाने को लेकर तैयारी शुरूर हो गयी है। मुहम्मदाबाद क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित इलाकों में स्वास्थ्य विभाग की ओर से दवाओं का वितरण किया जा रहा है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुहम्मदाबाद के अधीक्षक डा. आशीष राय ने बताया कि बाढ़ प्रभावित इलाकों बाढ़ से संबंधित दवाओं का वितरण किया गया है। वहीं लोगों को सर्तकता बरतने की सलाह दिया जा रहा है। उन्होने ग्रामीणों को बताया कि लोग बांह एवं पैर को ढक कर रखें। ताजे एवं गर्म भोजन का प्रयोग करें। पानी को उबालकर और ठंडा कर कर पिए। मच्छरदानी का प्रयोग करें, जमीन पर ना सोए, बारिश के दौरान उचित स्थान पर रहे। किसी भी आपात स्थिति में 102 और 108 एंबुलेंस को तत्काल फोन करें। इसके अलावा स्थानीय आशा एवं आंगनबाड़ी के संपर्क में रहें। बीपीएम संजीव कुमार ने बताया कि क्षेत्र में कई जगहों पर कैंप लगाकर दवाओं का वितरण किया जा रहा है। इस दौरान खुजली की दवा एंटीडायरियाल, बुखार के साथ ही क्लोरीन के टेबलेट, ओआरएस के पैकेट, जिंक टेबलेट आदि वितरित किया गया। उन्होंने बताया कि कुल 11 बाढ चौकियों की स्थापना हुई है। जहां पर स्वास्थ्य कर्मी आपात स्थिति में मौजूद रहेंगे।

### ग्राम समाधान दिवस, ग्रामीणों की शिकायतों के निस्तारण की अनोखी पहल

सोनभद्र। उत्तर प्रदेश में सोनभद्र के जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने ग्रामीणों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिये प्रत्येक सोमवार को गांव की पंचायत सचिवालय पर ग्राम समाधान दिवस मनाने की पहल की है। सिंह ने शुक्रवार को बताया कि जिले की 80 ग्राम पंचायतों में प्रत्येक सोमवार को सुबह 10 बजे से 12 बजे तक ग्राम समाधान दिवस आयोजित करने का आदेश जारी किया है। इसमें अधिकारी जनता की समस्याओं का तत्काल निस्तारण करेंगे। जिलाधिकारी ने बताया की जनपद की भौगोलिक स्थिति को देखते हुए ग्रामीण जनता की शिकायतों के निस्तारण के लिए यह पहल कारगर साबित होगी। समाधान दिवस पर राजस्व विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पंचायती राज विभाग, कोटेदार, शिक्षा विभाग, जिला कार्यक्रम व अन्य विभागों के अधिकारी जनता की समस्याओं का निस्तारण वहीं पर करेगें। इसके लिए 80 नोडल अधिकारी बनाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस आयोजन से ग्रामीणों की समस्यायें ग्राम पंचायत स्तर पर ही दूर हो सकेंगी। उन्हें ब्लॉक तहसील व कलेक्ट्रेट के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। सिंह ने बताया की ग्राम पंचायत स्तर पर राजस्व, पंचायती राज, ग्राम्य विकास, स्वास्थ्य, राशन, आंगनवाड़ी, शिक्षा आदि विभागों में मुख्य समस्या आती है।

### पिता पुत्र को बंधक बनाकर ट्रैक्टर लूटा

**बरेली।** बरेली में ट्रैक्टर सवार पिता-पुत्र को बदमाशों ने हथियारों के बल पर खेत में बंधक बना लिया। उसके बाद ट्रैक्टर लूट कर फरार हो गए। इस दौरान चार बदमाश रात भर पिता पुत्र को बंधक बनाकर रखे लेकिन सुबह आस-पास के ग्रामीणों को खेत की तरफ आता देख बदमाश पिता-पुत्र को छोड़कर फरार हो गए। शिशगढ़ थाना क्षेत्र के गुलड़िया गांव निवासी गुरुदेव गुरुवार रात अपने बेटे सचिन कुमार के साथ घर लौट रहे थे। दोनों जैसे ही नगरिया कला गांव से आगे ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर पहुंचे। उसी दौरान बीच सड़क चार युवक असलहों से लैस दिखाई दिए। उन्होंने असलहे दिखा कर ट्रैक्टर-ट्रॉली रोक ली। उसके बाद सभी असलहे के बल पर गुरुदेव और उनके बेटे सचिन को खेतों में लेकर चले गए। कुछ देर बाद एक बदमाश ट्रॉली खेत में छोड़कर ट्रैक्टर लेकर वहां से चला गया। इसके बाद तीनों बदमाशों ने पिता-पुत्र को रस्सियों से बांध दिया। करीब 6 घंटे तीनों बदमाश खेत में ही पिता पुत्र को बंधक बना रखा। तड़के 4 बजे जब कुछ ग्रामीण टहलते हुए खेत की तरफ आने लगे तो बदमाशों ने खुद को फंसता देख पिता-पुत्र को वहीं छोड़ कर भाग निकले। कुछ देर बाद खेत पहुंचे ग्रामीणों की नजर बंधक बने पिता-पुत्र पर पड़ी तो उन्होंने दोनों को बंधक मुक्त कराया। जिसके बाद ग्रामीणों को घटना का पता चला। सुबह होने पर पीड़ित ने पुलिस को सूचना दी।

### प्रयागराज में मसाला कारोबारी का मर्डर : दुकान बंद कर बाइक से घर जा रहा था, सड़क पर मिली लाश पड़ी

प्रयागराज। प्रयागराज में एक मसाला कारोबारी अमित जायसवाल की हत्या कर दी गई। अमित गल्ला मंडी नैनी में खाने के मसालों का कारोबार करता था। उसके सिर में गहरा घाव था। सड़क पर पड़ी लाश से कुछ दूर बाइक स्टैंड पर खड़ी मिली। आस-पास के लोगों ने पुलिस से कहा कि उन्होंने गोली चलने की आवाज सुनी थी। मगर, पुलिस घाव देखकर गन शॉट से इनकार कर रही है। फिलहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट कर इंतजार किया जा रहा है। घटना नैनी में अरीवा कंपनी के सामने हुई। रोशन लाल जायसवाल का 25 साल का बेटा अमित जायसवाल नैनी की गल्ला मंडी परिसर में रहता है। परिवार के लोगों ने बताया, गुरुवार रात करीब 10 बजे वो अपनी दुकान बंद करके घर के लिए निकला था। वो बाइक से घर वापस आ रहा था। करीब 11 बजे फोन कर कहा था कि अभी कुछ देर में घर पहुंच जाएगा। परिवार वालों ने बताया, देर रात तक अमित घर नहीं पहुंचा। मोबाइल भी उठना बंद हो गया। इसके बाद उसकी तलाश करने लगे। अरीवा कंपनी के पास एक पान की दुकान के पास अमित बेसुध मिला। सिर से खून रिस रहा था। पास में बाइक मेन स्टैंड पर खड़ी थी।

### यूपी में टोमेटो फ्लू पर एडवाइजरी जारी, बच्चों को सबसे ज्यादा खतरा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने टोमाटो फ्लू, हाथ, पैर और मुंह की बीमारी (एचएफएमडी) पर एक एडवाइजरी जारी की है। इस बीमारी में टोमाटो के आकार के फफोले के लक्षण से पहचाना जाता है। संक्रामक रोग/ वेक्टर जनित रोग विभाग द्वारा राज्य के 75 जिलों के सभी मुख्य चिकित्सा अधिकारियों (सीएमओ) के साथ शेयर की गई एडवाइजरी में लिखा है कि बीमारी के रोकथाम के लिए सबसे अच्छी बात यह है कि आस-पास को उचित तरीके से साफ और स्वच्छ बनाए रखें। एडवाइजरी में कहा गया है कि माता-पिता को अपने बच्चों को बुखार या दाने के लक्षण वाले अन्य बच्चों को गले लगाने या छूने के लिए नहीं कहना चाहिए। यह रोग मुख्य रूप से 10 वर्ष से कम उम्र के बच्चों में होता है, लेकिन वयस्क भी संक्रमित हो सकते हैं। एडवाइजरी में कहा गया है कि टोमाटो फ्लू में अन्य वायरल संक्रमण (बुखार, थकान, शरीर में दर्द और चकत्ते) के समान लक्षण होते हैं, लेकिन यह SARS-CoV2, मंकीपॉक्स, डेंगू या चिकनगुनिया से संबंधित नहीं है।

## बच्चों को खाने में नमक-रोटी दिए जाने के मामले के बाद विधायक प्रतिनिधि ने विद्यालय का निरीक्षण किया







**सोनभद्र।** विधानसभा घोरावल के कंपोजिट विद्यालय गुरेठ में बच्चों को खाने में नमक-रोटी दिए जाने के मामले के बाद विधायक घोरावल डॉ. अनिल मौर्य के निर्देश पर विधायक प्रतिनिधि ने विद्यालय का निरीक्षण किया। विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र मौर्य ने गुरेठ के विद्यालयी निरीक्षण के दौरान बच्चों, अभिभावकों एवं शिक्षकों से बात की और विद्यालय की मूलभूत सुविधाओं व समस्याओं की जानकारी ली। विधायक प्रतिनिधि ने सम्बंधित अधिकारियों को फ़ोन पर व्यवस्थाओं में शीघ्र सुधार करने के निर्देश दिए। विधायक प्रतिनिधि ने कहा कि हमारी भाजपा सरकार, देश के कर्णधारों के बेहतर भविष्य, शिक्षा एवं स्वास्थ्य के लिए तत्पर व जागरूक है। विद्यालय में खाने में बच्चों को हमेशा मीनू के अनुसार ही भोजन दिया जाता है। घटना वाले दिन विद्यालय में खाने में नमक रोटी दिए जाने की समस्या सम्बंधित लोगों के आपसी सामंजस्य में कमी के कारण हो गयी। भविष्य में ऐसी घटना दुबारा न हो इसके लिए निर्देशित किया गया है।

बता दे कि सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमे विद्यालय में बच्चों को खाने में नमक रोटी देने की बात कही गयी थी जिस पर शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने त्वरित संज्ञान लेते हुए जांच कर कार्रवाई की। प्रधानाध्यापक को निलंबित कर दिया गया। वहीं ग्रामीणों ने मामले को आपसी रंजिश का बताया।कुछ मीडियाकर्मियों के जुटने पर ग्राम प्रधान ने बताया कि रसोइयां को उनकी खामियों के कारण पहले ही हटाने की बात हो चुकी थी लेकिन अपने रवैया व कार्यप्रणाली में सुधार लाने की बात कहने पर तब उन्हें आगे काम करने की इजाज़त दी गयी। इस तथ्य पर भी गौर किया जाए तो आपसी सियासत की भी एक बानगी पूरे प्रकरण में पेश होती है। प्रधान ने मीडिया के समक्ष बताया कि गैस सिलेंडर खत्म होने की जानकारी जब उन्हें मिली तो उन्होंने तत्काल मेहनत कर गैस सिलेंडर उपलब्ध करा दिया था। प्रधान के मुताबिक गैस सिलेंडर न होने के आरोप को मिथ्या बताया गया। साथ ही प्रधान का यह बयान भी सामने आया कि मिड डे मिल के बाबत पूरा पैसा प्रधानाध्यापक रुद्र को ही देते थे वे समूचे संचालन भी उन्ही की थी।हालांकि दूसरा पक्ष ने अपने समर्थन में कुछ पहलू बताए। ऐसी खबर दूर-दराज से मिल रही है। यह मुद्दा तब गरम हुआ जब दो दिन पहले नमक रोटी का नाम डालते हुए एमडीएम से संदर्भित एक वीडियो वायरल हुआ। घटना सोमवार की बताई जा रही है जबकि वीडियो वायरल होने के बाद गुरुवार को विधायक डॉ. अनिल कुमार मौर्य के प्रतिनिधि सोनभद्र के गुरेठ परिषदीय विद्यालय पहुँचे साथ में कुछ मीडियाकर्मी भी साथ मे व पहले रहे जिनके सामने प्रधान का उपरोक्त वर्णित पहलु सामने आया बतौर बयान के।

## जौनपुर : अभियान चलाकर अवैध अस्पतालों को किया जा रहा सील

जौनपुर। उत्तर प्रदेश में जौनपुर में अवैध अस्पतालों पर नकेल कसने के लिये जिला प्रशासन ने गैरपंजीकृत अस्पतालों को चिन्हित करना शुरु कर दिया है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डा लक्ष्मी सिंह ने बताया कि जिले में निजी अस्पतालों के पंजीकरण की सूची खंगाली जा रही है, जिसमें बिना पंजीकरण के चल रहे अस्पतालों को चिन्हित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि गैरपंजीकृत तीन नर्सिंग होम को सील किया जा चुका है। इसके अलावा कई अस्पतालों को कागजात प्रस्तुत करने का नोटिस भी दिया गया है। बदलापुर और खेतासराय में निजी अस्पताल को स्वास्थ्य विभाग द्वारा सीज किया गया है। डा सिंह ने कहा कि जिले में स्वास्थ्य विभाग अवैध अस्पतालों के खिलाफ अभियान चला रहा है। जौनपुर में पंजीकृत अस्पतालों की सूची जारी की गयी है। वहीं नॉन प्रैक्टिसिंग अलाउंस लेकर प्राइवेट अस्पतालों में प्रैक्टिस करने वाले सरकारी डाक्टर के खिलाफ भी कार्रवाई की जा रही है। जौनपुर में धड़ल्ले से कई सरकारी डाक्टर निजी अस्पतालों में प्रैक्टिस कर रहे हैं।

डा सिंह ने बताया कि नॉन प्रैक्टिसिंग अलाउंस लेकर डाक्टर अगर प्रैक्टिस कर रहे हैं तो ये अपराध कि श्रेणी में आता है। ऐसे डाक्टरों के खिलाफ भी कार्यवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने बताया कि दो बजे के बाद डाक्टर निजी चिकित्सालय में प्रैक्टिस कर रहे हैं। अस्पताल उनके करीबी या परिजनों के हैं।

## यमुना होगी साफ, प्रदूषण कम करने को आगरा में लगेगा 583 करोड़ रुपये की लागत का सीवेज प्लांट

आगरा। राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (एनएमसीजी), उत्तर प्रदेश जल निगम और मैसर्स विश्वराज पर्यावरण के बीच आगरा के लिए हाइब्रिड वार्षिकी मोड या (एचएएम) के तहत सीवेज उपचार संयंत्रों के विकास के लिए एक त्रिपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। इस परियोजना का उद्देश्य आगरा शहर में मौजूदा सीवरेज समस्याओं का ध्यान रखना है जो यमुना नदी को प्रदूषित करते हैं। परियोजना के कार्यान्वयन के बाद, यह उम्मीद की जाती है कि आगरा शहर से यमुना नदी में अनुपचारित सीवेज का निर्वहन नहीं होगा, जिससे नदी में प्रदूषण भार को कम करने में मदद मिलेगी।



राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के कार्यालय में गुरुवार को हस्ताक्षरित ठेका कुल 582.84 करोड़ रुपये की लागत से दिया गया है। एनएमसीजी ने 177.6 एमएलडी की कुल क्षमता के सीवेज उपचार संयंत्रों के निर्माण के लिए परियोजना को मंजूरी दे दी है, जिसमें अन्य कार्यों जैसे कि अवरोधन और डायवर्सन संरचनाएं विकसित करना, सीवेज पंपिंग स्टेशन संचालन और रखरखाव सहित 15 वर्षों के लिए हैं। एनएमसीजी के महानिदेशक जी अशोक कुमार ने कहा कि यह परियोजना यमुना नदी में किसी भी अनुपचारित अपशिष्ट जल को रोकने के उद्देश्य को प्राप्त करने में एक और मील का पत्थर होगी, जो गंगा नदी की प्रमुख सहायक नदियों में से एक है। वीईपीएल के सीएमडी अरुण लखानी ने कहा कि वीईपीएल हमेशा स्थिरता और पर्यावरण से संबंधित परियोजनाओं में लगा हुआ है। सीवेज उपचार परियोजना का सामाजिक और स्वास्थ्य प्रभाव हम सभी को अच्छी तरह से पता है। लखानी ने कहा कि यह उनके लिए एक बड़ी परियोजना है और स्वच्छ गंगा मिशन में योगदान देगा और इसका उद्देश्य परियोजना को समय पर पूरा करना है।

## टक्कर के बाद आग का गोला बने दो ट्रक, पेट्रोल पंप के सामने हादसे से अफरातफरी

**बाराबंकी।** बाराबंकी में असंद्रा थाना क्षेत्र के नईसड़क तिराहे पर शुक्रवार की सुबह आपस में टक्कर के बाद दो ट्रक आग का गोला बन गए। धमाके के साथ ही देखते ही देखते दोनों ट्रकों में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। ठीक पेट्रोल पंप के सामने हुए हादसे से अफरातफरी मच गई।

सूचना के बाद भी घंटों तक दमकल नहीं पहुंचा तो पूर्व सांसद और अन्य लोगों के प्रयास से किसी तरह आग पर काबू पाया जा सका। पेट्रोल पंप के पास हुए हादसे के बाद अगर आग थोड़ा और भड़कती तो कुछ भी हो सकता था। हादसे में एक ट्रक ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गया है। उसे सीएचसी हैदरगढ़ भेजा गया है। असंद्रा थाना क्षेत्र के नई सड़क तिराहा स्थित भुलभुलिया निवासी पूर्व



सांसद बैजनाथ रावत का गीता पेट्रोल पंप है। शुक्रवार तड़के कानपुर से परचून का समान लादकर रूदौली (अयोध्या) जा रहा ट्रक हैदरगढ़ की ओर से आ रहा था। इसी बीच ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे खड़े दूसरे ट्रक टकरा गया। टक्कर के साथ ही धमाका हुआ और ट्रक के केबिन में आग फैल गई। इसकी आवाज सुनकर लोग दौड़ पड़े।

इससे पहले कि लोग कुछ कर पाते दोनों ट्रक धू-धू करके जलने लगे। पेट्रोल पंप के पास विकराल हुई आग ने दहशत फैला दी। सूचना पर पेट्रोल पंप मालिक पूर्व सांसद बैजनाथ रावत और उनका भतीजा आकाश रावत भी पहुंचे और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। इसके साथ ही आग बुझाने का प्रयास करने लगे। आकाश रावत का कहना है कि सूचना के डेढ़ घंटे बाद भी दमकल गाड़ी नहीं पहुंची। तब तक यहां के समरसेबल पंप से आग पर काबू पाया गया।

आग लगने की घटना में लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। ट्रांसपोर्ट व परचून का सामान भी जलकर राख हो गया। अंसद्रा पुलिस ने मौके पर पहुंचकर असंद्रा थाना क्षेत्र अकोहरी निवासी घायल ट्रक ड्राइवर जगदीश यादव को सीएचसी हैदरगढ़ में भर्ती कराया है।

## मधुमक्खियों के हमले में घायल हुई महिला की इलाज के दौरान मौत

बाराबंकी। उत्तर प्रदेश के बाराबंकी में मधुमक्खियों के हमले में घायल हुई महिला की इलाज के दौरान मौत हो गयी है। पुलिस ने बताया कि कुर्सी कोतवाली क्षेत्र के महमूदपुर बनौगा गांव निवासी कमला देवी (57) पत्नी कंधाई कल खेत में काम करने के बाद शाम के समय घास लेकर अपने घर आ रही थी। इसी बीच रास्ते में मधुमक्खियों के झुंड ने महिला पर हमला बोल दिया। जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो कर खेत मे गिरकर तडफने लगी। खेतों मे काम कर रहे किसानो की सूचना पर पहुंचे परिजनों ने आनन फानन में महिला को इलाज के लिए लखनऊ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान देर रात महिला की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

## रायबरेली : गंगा जल लेने जा रहे कांवरिए को गोली मारी

एजेंसी

शिवगढ़। थाना क्षेत्र में गुरुवार की रात चंदापुर मोड़ के पास बाराबंकी जिले के कांवरिए को गोली मार दी गई। घायल कांवरिए को साथियों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। बाराबंकी के लोनी कटरा थाना क्षेत्र के कान्हूपुर गांव निवासी पूर्व प्रधान के बेटे संत प्रसाद रावत अपने चार पांच साथियों के साथ डलमऊ गंगाजल लेने जा रहे था।

वह रात करीब 9:30 बजे जैसे ही चंदापुर मोड़ के पास पहुंचे कि पीछे से आए बाइक सवार उनकी पीठ पर गोली मारकर भाग निकले।

गोली लगते ही संत प्रसाद लहूलुहान होकर गिर गया। यह देख उसके साथियों में हड़कंप मच गया। आनन फानन में लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया जहां से गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। साथियों का कहना है कि उसके गांव के ही दो लोगों ने उसे गोली मारी हैद्य सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष राकेश चंद्र आनंद ने तहरीर के आधार पर गांव के ही दो व्यक्तियों को नामजद करते हुए संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी।

सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर अमित कुमार सिंह ने बताया कि गंभीर हालत में एक युवक को रात में अस्पताल लाया गया था।

उसकी पीठ में कई छोटे-छोटे घाव थे। प्राथमिक उपचार के दौरान कई छर्रे निकाल दिए गए हैं। इसके बाद घायल को उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

## इंस्पेक्टर के खिलाफ दुष्कर्म के आरोप में मामला दर्ज, निलंबित

बरेली। उत्तर प्रदेश में बरेली के थाना इज्जतनगर के इंस्पेक्टर क्राइम क्रांतिवीर सिंह के खिलाफ थाना कैंट में दुष्कर्म के आरोप में मामला दर्ज कर लिया गया है, साथ ही उसे निलंबित भी कर दिया गया है।

बरेली के एसएसपी सिद्धार्थ अनुरुद्ध पंकज ने शुक्रवार को पत्रकारों को बताया कि महिला की ओर से दी गयी तहरीर के आधार पर थाना इज्जतनगर के इंस्पेक्टर क्राइम क्रांतिवीर सिंह के खिलाफ थाना कैंट में रिपोर्ट दर्ज करायी गयी है। इंस्पेक्टर क्रांतिवीर सिंह को निलंबित कर दिया गया है। इंस्पेक्टर पर दुष्कर्म का आरोप लगाने वाले युवती ने अपनी शिकायत में बताया कि पति से चल रहे विवाद के मामले में वह शाहजहांपुर कोतवाली गई थी। उस समय क्रांतिवीर दरोगा कोतवाली में तैनात था ।उससे मुलाकात हुयी थी और उसने ही उनके मामले की जांच की थी। क्रांतिवीर ने खुद को अविवाहित बताकर उसे फंसा लिया और शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाए। इतना ही नहीं 24 फरवरी 2021 को क्रांतिवीर उसे लेकर बरेली कचहरी लेकर आया और फिर फर्जी शादी का प्रमाण पत्र बनवाया। इसके बाद आरोपी कैंट स्थित अपने आवास पर ले गया और फिर दुष्कर्म किया।

## दिव्यांग ई-रिक्शा चालक को मारी गोली

सहारनपुर। सहारनपुर के नकुड़ में गुरुवार की देर शाम को एक बुजुर्ग मदन वाल्मीकि को गोली मार दी गई। वो दिव्यांग हैं। ई-रिक्शा चलाते थे। वो अपने पत्नी को नकुड़ से दवाई दिलाकर गांव वापस लौट रहे थे। दिव्यांग की कमर में गोली लगी है। जिससे वो घायल हो गया। पुलिस ने उन्हें सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से उसे चंडीगढ़ हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। मदन वाल्मीकि गुरुवार रात को टावर रोड के पेट्रोल पंप के सामने पहुंचे। पीछे से बुलेट पर आए 2 बदमाशों ने ई-रिक्शा रुकवाई। पहले मदन की लात-घूसों से पिटाई कर दी। फिर दिव्यांग की पत्नी के विरोध करने और शोर मचाने पर बदमाश ने बुजुर्ग की कमर में गोली मार दी।

## औरैया में सीआईएसएफ भर्ती दौड़ के दौरान गश खाकर गिरे युवक, एक की मौत, तीन गंभीर

**औरैया।** औरैया में गैस अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (गेल) में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) की भर्ती के लिए आयोजित दौड़ के दौरान एक उम्मीदवार की मौत हो गई। तीन अन्य की हालत बिगड़ गई है। तीनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अभ्यर्थियों के लिए पांच किलोमीटर की दौड़ पूरी करनी थी। इसी दौरान गिरने से एक उम्मीदवार की जान चली गई।

अभ्यर्थी की पहचान गौतमबुद्ध नगर निवासी 22 वर्षीय गौरव के रूप में हुई है। तीन अन्य मेरठ के निखिल पवार, घाटमपुर कानपुर के रंजीत और सुखपुरा बलिया के सतीश यादव हैं। तीनों का दिबियापुर के अस्पताल में इलाज चल रहा था। बताया जाता है कि दौड़ के दौरान सभी पॉलिटेक्निक रोड पर गिर गए।

अंचल अधिकारी सदर सुरेंद्र नाथ यादव ने कहा कि मृतक के परिवार को सूचित कर दिया गया है और अन्य का इलाज किया जा रहा है।

एक ग्रुप में 75 लड़कों ने 5 किलोमीटर की दौड़ में भाग लिया था। सभी को कनही का पुरवा वाली सड़क पर दो फेरों में 5 किलोमीटर की दौड़ पूरी करनी थी।

आधी दौड़ के बीच पॉलिटेक्निक रोड पर पहुंचते ही एक लड़का अचानक गिर गया। पीछे आ रहे 10 युवक भी उसके ऊपर गिर गए। इससे एक युवक की जीभ कट गई। एक के सिर और दूसरे के हाथ में चोट आई है। युवक की मौत का कारण हीट स्ट्रोक माना जा रहा है। तेज धूप होने के कारण उसे चक्कर आया था।

सीआईएसएफ में 24 हजार फायर कांस्टेबल के लिए यह भर्ती प्रक्रिया चल रही थी।

26 अगस्त से 7 सितम्बर तक चलने वाली इस भर्ती प्रक्रिया में पहले दिन 250 अभ्यर्थियों की दौड़ होनी थी। 75-75 अभ्यर्थियों का बैच बनाया गया था। भर्ती में कुल 20473 अभ्यर्थी शामिल हैं।

## योगी सरकार 50 एकड़ में नवंबर से बनाएगी इत्र पार्क

लखनऊ। योगी सरकार आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर इत्र पार्क का निर्माण कर रही है। 57 एकड़ पर बनने वाला यह इत्र पार्क कन्नौज के छोटे कारोबारियों के लिए ऐसा मंच होगा, जहां वो सरकार की ओर से मिलने वाली सुविधाओं के जरिए न सिर्फ अपने उत्पादों का निर्माण कर सकेंगे, बल्कि उसे वैश्विक स्तर पर पहचान भी दिला पाएंगे।

इस इत्र पार्क के जरिए सरकार का उद्देश्य है कि यहां जो इंडस्ट्रीज छोटे-छोटे स्केल पर घरों या दुकानों से काम कर रही हैं, उन्हें निकालकर एक ऐसी



जगह पर लाया जाएगा जहां उन्हें एडवांस मशीनरी के साथ सामान्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

इसका उद्घाटन नवंबर के अंत तक होने की संभावना है। तब तक इसका प्रथम चरण पूर्ण हो जाएगा। पहले चरण में 30 एकड़ पर निर्माण होगा, जबकि दूसरे चरण में बाकी 27 एकड़ पर पार्क का निर्माण किया जाएगा।

कन्नौज के छोटे इत्र कारोबारी अपने घरों से काम कर रहे हैं। इत्र पार्क में उन्हें प्लॉट उपलब्ध कराए जाएंगे। यहां पर वो अपने उत्पादों को बड़े स्तर पर प्रदर्शित कर पाएंगे। इसके अलावा छोटे कारोबारी आमतौर पर कोयले या लकड़ी का इस्तेमाल कर परफ्यूम बनाते हैं, जिसके चलते प्रदूषण होता है। ऐसे में उद्योग को बचाने के लिए जरूरी है कि इसका निर्माण गैस पर हो और ये सुविधा इत्र पार्क में उपलब्ध होगी। इसके साथ ही यहां कॉमन फैसिलिटी लैब भी रहेगी, जिसके जरिए कारोबारी अपने उत्पाद का सर्टिफिकेट भी हासिल कर सकेंगे। इत्र पार्क में नए प्रोडक्ट डेवलपमेंट की भी सुविधा मिल सकेगी। ये पार्क थीमेटिक पार्क होगा। जो लोग एक्सप्रेस-वे से गुजरते हैं या बाहर से आते हैं, उन्हें दिखाया जाएगा कि इत्र कैसे बनता है।

इसके साथ ही टूरिस्ट्स को कॉमन फैसिलिटी सेंटर (सीएफसी) ले जाया जाएगा, ताकि वो उत्पादों को खरीद भी सकें।

## बागपत में भूतपूर्व सैनिक की हत्या

बागपत। उत्तर प्रदेश में बागपत के चांदीनगर थाना क्षेत्र में एक भूतपूर्व सैनिक की हत्या किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि चांदीनगर थानाक्षेत्र में ढिकोली के एक 65 वर्षीय भूतपूर्व सैनिक वीरेंद्र ढाका पुत्र बलवीर की हत्या कर दी गयी है, जिसका शव आज खट्टा फहलादपुर के जंगल में खेत में पड़ा मिला। मृतक गुरुवार की सुबह घर से खेत के लिए गया था। मृतक के बेटे ने दो लोगो पर हत्या करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। तहरीर में बताया गया कि वीरेंद्र सुबह घर से खेत के लिए निकला था ।देर शाम तक वीरेंद्र के घर न लौटने पर परिजनों से उसे खोजना शुरू किया और उसका शव आज खट्टा प्रहलादपुर के जंगल में सुखबीर के ज्वार के खेत से सुबह बरामद किया गया। शरीर में चोटों के निशान थे, जिसके बाद आशंका जतायी जा रही है कि पीटकर उसकी हत्या की गयी। ग्रामीणों के अनुसार वीरेन्द्र को गुरुवार को खटटा प्रहलादपुर के दो व्यक्तियों के साथ देखा गया था। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के बेटे मुनेश ने खट्टा फहलादपुर के दो लोगो पर हत्या का शक जताते हुए तहरीर दी है।थाना प्रभारी नितिन पाडेय ने बताया कि मृतक शराब का आदी था।

## शार्ट न्यूज

### विदेशी मुद्रा भंडार 6.7 अरब डॉलर घटकर 564.05 अरब डॉलर पर



मुंबई। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण भंडार, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में कमी आने से देश का विदेशी मुद्रा भंडार 19 अगस्त को समाप्त सप्ताह में 6.7 अरब डॉलर घटकर लगातार तीसरे सप्ताह गिरता हुआ 564.05 अरब डॉलर रह गया। इसके पिछले सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार में 2.24 अरब डॉलर की कमी आई और यह घटकर लगातार दूसरे सप्ताह गिरता हुआ 570.74 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 19 अगस्त को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 5.8 अरब डॉलर की गिरावट लेकर 501.21 अरब डॉलर रह गयी। इस अवधि में स्वर्ण भंडार भी 70.4 करोड़ डॉलर घटकर 39.91 अरब डॉलर पर आ गया। इसी तरह आलोच्य सप्ताह एसडीआर 14.6 करोड़ डॉलर की कमी हुई और यह घटकर 17.98 अरब डॉलर पर रहा। इस अवधि में आईएमएफ के पास आरक्षित निधि 5.8 करोड़ डॉलर की गिरावट लेकर 4.93 अरब डॉलर पर आ गई।

### रुपया आठ पैसे उछला

मुंबई। दुनिया की प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर के गिरने और घरेलू शेयर बाजार में तेजी की बदौलत आज अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया आठ पैसे उछलकर 79.84 रुपये प्रति डॉलर हो गया। पिछले कारोबारी दिवस रुपया छह पैसे टूटकर 79.92 रुपये प्रति डॉलर रहा था। शुरुआती कारोबार में रुपया पांच पैसे सुधरकर 79.87 रुपये प्रति डॉलर पर खुला। सत्र के दौरान बिकवाली से समर्थन पाकर यह 79.81 रुपये प्रति डॉलर के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया जबकि लिवाली के दबाव में 79.94 रुपये प्रति डॉलर के निचले स्तर तक टूट गया। अंत में पिछले दिवस के 79.92 रुपये प्रति डॉलर की तुलना में आठ पैसे मजबूत होकर 79.84 रुपये प्रति डॉलर पर पहुंच गया। विश्लेषकों के अनुसार, अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के अध्यक्ष जेरोम पॉवेल के होने वाले वक्तव्य से पहले दुनिया की प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर टूट गया। इससे रुपये को बल मिला है। निवेशक श्री पॉवेल के वक्तव्य में आसमान छूती महंगाई को नियंत्रित करने के लिए मौद्रिक नीति में सख्ती के संकेत की उम्मीद कर रहे हैं।

### 22 एमएसएमई समेत 32 कंपनियों ने किये आवेदन

नयी दिल्ली। आत्मनिर्भर भारत के अनुरूप दूरसंचार उपकरण निर्माण के लिए ठोस कदम उठाये जा रहे हैं। सरकार को डिजाइन आधारित पीएलआई योजना के लिए 32 आवेदन प्राप्त हुए हैं। दूरसंचार क्षेत्र में उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना 2021 में शुरू की गई थी। पीएलआई योजना के तहत वर्त्तमान में कुल 31 कंपनियां विभिन्न दूरसंचार उपकरणों का निर्माण कर रही हैं। दूरसंचार निर्माण में संपूर्ण मूल्य-श्रृंखला को बढ़ावा देने के लिए, डिज़ाइन आधारित पीएलआई योजना को जून, 2022 में लॉन्च किया गया था। इसके तहत भारत में डिज़ाइन किए गए उत्पादों के लिए मौजूदा प्रोत्साहनों के अलावा 1 प्रतिशत का अतिरिक्त प्रोत्साहन प्रदान किया। कुल 32 कंपनियों (22 एमएसएमई, 5 गैर-एमएसएमई घरेलू और 5 वैश्विक) ने आवेदन जमा किए हैं। इन 32 में से 17 कंपनियों द्वारा डिजाइन आधारित निर्माताओं के रूप में आवेदन किये गए हैं। 18 नई कंपनियों ने आवेदन जमा किए हैं। भारत दूरसंचार और नेटवर्किंग उपकरणों के लिए डिजाइन तथा विनिर्माण के प्रमुख केंद्र के रूप में उभरने की ओर अग्रसर है।

### सोना 435 और चांदी 259 रुपये सस्ती

मुंबई। वैश्विक बाजार में कीमती धातुओं में आई गिरावट के दबाव में आज घरेलू सर्राफा बाजार में सोना 435 रुपये प्रति दस ग्राम और चांदी 259 रुपये प्रति किलोग्राम सस्ती हो गई। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सोना हाजिर 0.71 प्रतिशत टूटकर 1745.99 डॉलर प्रति औंस पर आ गया। इसी तरह अमेरिका सोना वायदा 0.34 प्रतिशत गिरकर 1751.80 डॉलर प्रति औंस रह गया। इस दौरान चांदी हाजिर 0.78 प्रतिशत की गिरावट लेकर 19.13 डॉलर प्रति औंस बोली गई। देश के सबसे बड़े वायदा बाजार एमसीएक्स में सोना 435 रुपये गिरकर 51267 रुपये प्रति दस ग्राम और सोना मिनी 352 रुपये उतरकर 51276 रुपये प्रति दस ग्राम पर रही। इसी तरह चांदी 259 रुपये कमजोर होकर 55130 रुपये प्रति किलोग्राम और चांदी मिनी 314 रुपये की सस्ती होकर 56690 रुपये प्रति किलोग्राम बोली गयी।

### अमेरिका ने 26 चीनी उड़ानों को किया निलंबित

वाशिंगटन। अमेरिकी परिवहन विभाग ने कहा कि अमेरिका ने चीनी वाहक द्वारा संचालित 26 यात्री उड़ानों को निलंबित कर दिया क्योंकि बीजिंग की विमानन एजेंसी ने कोरोना वायरस (कोविड-19) के प्रसार को कम करने के लिए अमेरिका की कई उड़ानों को स्थगित कर दिया था। विभाग ने गुरुवार को अपने एक आदेश में कहा, हमें जनहित में एक और संशोधन की आवश्यकता है, जिससे चीनी वाहक की निर्धारित सेवाओं को सीमित किया जा सके। हमने 26 यूएस से चीन यात्री उड़ानों को निलंबित करने का निर्णय लिया है। परिवहन विभाग ने कहा कि एयर चाइना लिमिटेड, चाइनीज ईस्टर्न एयरलाइंस, चाइना सदर्न एयरलाइंस और ज़ियामेन एयरलाइंस के लिए पूरे सितंबर में लॉस एंजिल्स अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से प्रस्थान करने वाली संयुक्त 26 उड़ानों को निलंबित कर दिया गया।

### पुलिस को अडानी तट की सुरक्षा करने का निर्देश

कोच्चि। केरल उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को पुलिस से विझिंजम अंतर्राष्ट्रीय बंदरगाह के लिए पुलिस सुरक्षा सुनिश्चित करने को कहा जहां चर्च समर्थित मछुआरे आजीविका के मुद्दों से संबंधित मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं और निर्माण कार्य में बाधा डाल रहे हैं। न्यायाधीश अनु सीवारमन ने यह निर्देश अडानी विझिंगजम बंदरगाह प्राइवेट लिमिटेड और उसकी सहयोगी कंपनी होव इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट द्वारा उनकी सम्पतियां और उनके कर्मचारियों की सुरक्षा को लेकर दायर याचिका पर विचार करने के बाद जारी किए। अदालत ने जवाबदेहों के जारी नोटिस में थाना प्रभारी और पुलिस आयुक्त को क्षेत्र में कानून एवं व्यवस्था को बनाए रखने के लिए कहा। इससे पहले मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने विधानसभा में कहा कि विझिंगम में बंदरगाह निर्माण गतिविधियों में किसी की आजीविका को नुकसान नहीं होगा। उन्होंने लोगों की वास्तविक समस्याओं का हल निकालने के लिए सरकार के प्रतिबंद्व होने का आश्वासन देते हुए कहा कि प्रदर्शन कर रहे मछुआरों से विचार विमर्श किया जा सकता है। इस बीच चर्च के पादरियों के समर्थन से मछुआरे परियोजना स्थल के सामने लगातार विरोध करते रहे। अडानी समूह ने निर्माण गतिविधियां को अस्थाई रुप से रोक दिया है।

### वर्तमान आर्थिक स्थिति की रिजर्व बैंक के केन्द्रीय बोर्ड ने की समीक्षा

नयी दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक के केन्द्रीय बोर्ड ने आज देश की वर्तमान आर्थिक स्थिति की समीक्षा करने के साथ ही वैश्विक एवं घरेलू चुनौतियों के बीच वर्तमान वैश्विक भू राजनैतिक संकट के प्रभाव का आंकलन किया।रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास की अध्यक्षता में जयपुर में हुयी 597 वीं बैठक में यह समीक्षा की गयी। इसके साथ ही बोर्ड ने रिजर्व बैंक के परिचालन के विभिन्न क्षेत्रों पर भी विचार विमर्श किया। इसके साथ ही स्थानीय बोर्ड की कार्यप्रणाली और गतिविधियों पर चर्चा की गयी।

# धातु क्षेत्र चक्रीय अर्थव्यवस्था के मॉडल में सबसे आगे रहे: सिंधिया

नयी दिल्ली। केन्द्रीय इस्पात और नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने शुक्रवार को कहा कि प्राकृतिक संसाधनों की सीमा को देखते हुए यह महत्वपूर्ण है कि दुनिया इन दुर्लभ संसाधनों का उपयोग करने के लिए पर्यावरण और आर्थिक रूप से व्यवहार्य तरीके ढूंढे।

श्री सिंधिया धातुओं की प्रकृति और उसके व्यापक इस्तेमाल के मद्देनजर धातु उद्योग को सर्कुलर इकोनॉमी (पुनर्चक्रण पर आधारित अर्थव्यवस्था के) के मॉडल में सबसे आगे रहने का आह्वान किया। उन्होंने इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मेटल्स की दिल्ली शाखा द्वारा आज आयोजित सर्कुलर इकोनॉमी और संसाधन दक्षता पर एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, 'हर आर~ रिड्यूस, रिसाइकल, रीयूज, रिकवर, रिडिजाइल और रीमैन्यूफैक्चर, छह आर (किफायत, पुनर्चक्रमण, पुनर्प्रयोग, पुनर्प्राप्ति और पुनर्विनिर्माण) के सिद्धांत का पालन करते हुए धातु क्षेत्र को धातुओं की प्रकृति के अलावा उसके व्यापक इस्तेमाल के मद्देनजर सर्कुलर इकोनॉमी मॉडल में सबसे आगे रहने की जरूरत है।



सम्मेलन में सेल की अध्यक्ष सोमा मंडल, एसएमएस समूह के भारत और एशिया प्रशांत क्षेत्र के सीईओ उलरिच ग्रीनर पच्टर, एमआईडीएचएएनआई के सीएमडी डॉ. एस.के. झा, आईआईएम, दिल्ली चैप्टर के अध्यक्ष डॉ. मुकेश कुमार तथा खनिज और धातु क्षेत्र के प्रतिनिधि मौजूद थे।

श्री सिंधिया ने कहा कि दुनिया भर में आम सहमति बन गई है कि सर्कुलर इकोनॉमी संसाधनों के संरक्षण का एकमात्र तरीका है। हमें यह समझना चाहिए कि टेक-मेक-डिस्पोज यानी संसाधनों को लो, सामान बनाओं और इस्तेमाल कर के फेंकों वाले मॉडल वाली एक दिशा में चलने वाली अर्थव्यस्था मानवता का भविष्य नहीं हो सकती है इस्पात मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले वर्ष 15 अगस्त के अपने संबोधन में सर्कुलर इकोनॉमी मिशन की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया था। सिंधिया ने कहा कि धातु उद्योग ऊर्जा का बड़े पैमाने पर उपयोग करने वाला उद्योग है और इस प्रकार बड़े पैमाने पर कार्बन उत्सर्जन का कारण बनता है, जो वैश्विक समुदाय के लिए एक बड़ी चुनौती है, इसलिए हमें शून्य कार्बन उत्सर्जन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए नई तकनीकों को अपनाना होगा। उन्होंने कहा , हम सभी इस बात से सहमत हैं कि आज दुनिया में टेक्नोलॉजी का वर्चस्व है, कुछ भी बेकार नहीं है और सभी तथाकथित कचरे को उपयुक्त प्रौद्योगिकी को अपनाकर धन सृजन के लिए संसाधनों में बदला जा सकता है।

# भारत, स्वीडन के बीच स्वस्थ विमानन प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सहयोग का करार

नयी दिल्ली। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) और स्वीडन की समकक्ष एजेंसी एलएफवी एयर नेविगेशन सर्विसेज ने शुक्रवार को उत्सर्जन को कम करने वाली नयी पीढ़ी की विमानन प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सहयोग के करार पर हस्ताक्षर किए।

यहां राजीव गांधी भवन में एएआई कार्यालय में हुए इस समझौते के तहत भारतीय विमानन क्षेत्र के कई भागीदार इस करार के तहत मिल कर और अगली पीढ़ी की स्वस्थ विमानन प्रौद्योगिकी के विकास और संचालन में प्रमाणिक क्षमताओं के साथ स्वीडन के सहयोग से विमानन के दक्ष समाधानों की खोज करेंगे। बयान में कहा गया है कि इस करार से दोनों देशों के बीच विमानन विशेषज्ञता और प्रौद्योगिकी के द्विपक्षीय आदान-प्रदान का रास्ता आसान होगा। भारतीय कंपनियां स्वीडिश नवाचार और विशेषज्ञता का लाभ उठाते हुए विकास की गति बढ़ाएंगी। करार के तहत कंपनियां आपसी हित के विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग कर सकती हैं।

आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार इस करार पर एएआई के श्री एम सुरेश (सदस्य, एयर नेविगेशन सर्विसेज) और एलएफवी स्वीडन के उप महानिदेशक मैग्नस कोरेल ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर दोनों देशों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ भारत में स्वीडन के राजदूत एच.ई क्लास मोलिन और स्वीडन में भारत के राजदूत एच.ई. तन्मय लाल मौजूद थे।

विज्ञप्ति के अनुसार इस करार के तहत दोनों पक्षों ने एक दूसरे के साथ विमानन क्षेत्र के बारे में नयी जानकारियों और प्रौद्योगिकी का आदान-प्रदान , दोनों एजेंसियों के बीच प्रगाढ़ और मैत्रीपूर्ण संबंध को बढ़ावा देने, विमानपत्तनों के लिए प्रौद्योगिकी सहयोग बढ़ाने ,

विमानन क्षेत्र के सुरक्षित, सुनिश्चित, पारिस्थितिकी की दृष्टि से स्वस्थ और कुशल विकास को मजबूत आधार प्रदान करने में सहयोग और द्विपक्षीय और अंतर्राष्ट्रीय व्यापार संवर्धन में सकारात्मक योगदान करने का लक्ष्य रखा है।

भारत में स्वीडन के राजदूत क्लास मोलिन ने कहा, ''पहले से जारी भारत-स्वीडन सहयोग के साथ अब इस नए करार से नागरिक उड्डयन क्षेत्र में स्वास्थ्य, नवप्रवर्तनकारी , ऊर्जा की बचत करने वाले क्षेत्र में सहयोग का विस्तार होगा मैं इस एमओयू से स्वीडन और भारत विमानन क्षेत्र में जलवायु परिवर्तन की दृष्टि से दक्ष समाधानों के विकसित करने के अधिक अवसर मिलने की संभावनाओं से उत्साहित हूं।

स्वीडन में भारत के राजदूत तन्मय लाल ने कहा, ''भारत-स्वीडन साझेदारी नई ऊंचाई छू रही है। भारत के कोने-कोने को जोड़ते क्षेत्रीय विमान सेवा के मद्देनजर इस करार का महत्व और बढ़ जाता है।''

इस करार के तहत एएआई और एलएफवी दोनों हवाई यातायात प्रबंधन, नियंत्रण,दूरस्थ हवाई अड्डा प्रबंधन और यातायात नियंत्रण, विमानन क्षेत्र डिजाइन और नियोजन विमानपत्तन डिजाइन और अवसंरचना, डिजिटलाइज्ड विमानपत्तन और विमानन, क्षमता विकास और प्रशिक्षण, स्वस्थ विमानपत्तन और विमानन, पायलटों के लिए कार्य प्रक्रियाएं तथा अधिक व्यापक बनाने के प्रयास जैसे क्षेत्रों में आपसी सहयोग सुनिश्चित करेंगी।

दोनों देशों के हित के विशेष क्षेत्रों को प्राथमिकता देने और सहयोग बढ़ाने के लिए एक संयुक्त कार्य समूह की संरचना की जाएगी।

# ईकॉम एक्सप्रेस की व्हाट्-वर्ड्स के साथ साझेदारी

नयी दिल्ली। लॉजिस्टिक्स कंपनी ईकॉम एक्सप्रेस ने व्हाट्3वर्ड्स के साथ साझेदारी की है ताकि कंपनी की इनोवेटिवलोकेशन टेक्नॉलजी के माध्यम से ज्यादा सही पतों के साथ डिलीवरी वाले अपनी मंजिल पर पहुंच सके। कंपनी ने आज जारी बयान में कहा कि हर दिन 20 लाख डिलीवरियाँ कर रही यह कंपनी इस साझेदारी के साथ रोजाना डिलीवरियों में परिवर्तन लाएगी। जब डिलीवरियों की बात आती है, ई-कॉमर्स कंपनियाँ अक्सर देखती हैं कि असफल डिलीवरी सम्पूर्ण ग्राहक अनुभव पर काफी असर करती हैं। भारत की लास्ट-माइल असफल डिलीवरियों की समस्या का उपाय ढूँढना महत्वपूर्ण है जो ज्यादातर गलत लोकेशन डाटा के कारण होती हैं। अपनी डिलीवरियों में और सुधार लाने के लिए, ईकॉम एक्सप्रेस भारत के एक प्रमुख लास्ट-माइल डिलीवरी सेवा प्रदाता ने व्हाट्3वर्ड्स की इनोवेटिव लोकेशन टेक्नॉलजी के साथ साझेदारी की है ताकि, केवल 3 शब्दों से भारत के किसी भी 3 मीटर के वर्ग तक सटीकता से डिलीवरी पहुँच जा सके।

अब ईकॉम एक्सप्रेस के ग्राहक सटीक पतों और उपभोक्ताओं के अच्छे डिलीवरी अनुभव के लिए अपने चेक-ऑऊट पन्नों पर व्हाट्3वर्ड्स की फील्ड को जोड़ सकते हैं। व्हाट्3वर्ड्स लोकेशन के बारे आमूल परिवर्तन ला रहा है और इसने दुनिया को 3 मीटर के वर्गों में बाँटा है और हर एक वर्ग को एक अनूठे तीन शब्दों की पहचान दी है। 3 शब्दों के पते सटीक जगहों को ढूँढने पहुँचने के साथ आप व्हाट्3वर्ड्स के आईओएस निःशुल्क एंड्रॉयड ऐप या ऑनलाइन मैप पर खोज सकते हैं। यह टेक्नॉलजी कई उद्योगों में इस्तेमाल की जा रही है जैसे मोटर वाहन, नेविगेशन, यात्रा, लॉजिस्टिक्स ई-कॉमर्स यह 51 भाषाओं में उपलब्ध है जिसमे 12 दक्षिण एशियाई भाषाएँ हैं – हिंदी, मराठी, तमिल, तेलुगू, बंगाली, कन्नड़, नेपाली, गुजराती, मलयालम, पंजाबी और ओड़िया है।

# स्मार्टकार्डिया ने लॉन्च किया 7 लीड कार्डिएक मॉनिटरिंग पैच

नयी दिल्ली। मेडटेक कंपनी स्मार्टकार्डिया ने भारत में अपने 7-लीड कार्डिएक मॉनिटरिंग पैच, 7एल पैच को पेश किया है।

कंपनी ने आज जारी बयान में कहा कि इस अत्याधुनिक पैच मॉनिटर में मेडिकल वियरेबल टेक्नोलॉजी के साथ एआई का संयोजन किया गया है, जिससे यह रिमोट मॉनिटरिंग के माध्यम से मरीज के बारे में पूर्वानुमेय और व्यक्तिगत जानकारी प्रदान करता है।

7एल पैच को स्मार्टकार्डिया के एआई प्लैटफॉर्म के द्वारा ट्रैक किया जाता है। इसे अनेक कार्डियोलॉजिस्ट और कार्डिएक तकनीशियनों द्वारा विश्लेषित लाखों ईसीजी से विकसित किया गया है। यह कार्डियोलॉजिस्ट स्तरीय शुद्धता पर महत्वपूर्ण अरिदमिया की वास्तविक-समय में पहचान करता है। यह प्लेटफॉर्म चिकित्सकों के लिए एक रियल-टाइम डैशबोर्ड भी प्रस्तुत करता है जिससे वे किसी भी घटना पर पूर्णतः प्रकट ईसीजी को देख सकते हैं और मरीज की अवस्था में गिरावट की शीघ्र पहचान कर सकते हैं। 7एल पैच एक ही अति लघु यूनिट से चिकित्सीय सटीकता के साथ विविध मानदंडों की माप करता है जिनमें सात लीड इलेक्ट्रोकार्डियोग्राम (ईसीजी), हृदय की गति, नाड़ी की गति, श्वसन की गति, ऑक्सीजन संतृप्तता (एसपीओ2), त्वचा का तापमान, गतिविधि और शारीरिक मुद्रा सम्मिलित हैं।

# अधिकांश इंटरनेट यूजर आनॅलाइन निजता और सुरक्षा को लेकर चिंतित

नयी दिल्ली। इंटरनेट के बढ़ते उपयोग के बीच फटाफट इमेज शेयरिंग करना बहुत ही खतरनाक साबित हो रहा है क्योंकि इससे उपयोगकर्ताओं की निजता के साथ ही उनकी सुरक्षा को लेकर भी गंभीर चिंतायें व्यक्त की जा रही है। इमेज शेयरिंग की वजह से फोटो शॉप कर अपलोड किये जाने का खतरा भी बढ़ रहा है।

इसी तरह के एक सर्वेक्षण में शामिल अधिकांश करीब 70 प्रतिशत स्कूली बच्चों ने माना है कि इन गतिविधियों के कारण उनकी आनॅलाइन निजता के साथ ही सुरक्षा भी खतरे में पड़ रही है।

बच्चों के लिए साइबर सुरक्षा पर केंद्रित भारतीय स्टार्टअप रैंगा और डिज्नी स्टार इंडिया ने 'रेस्पोंसिबल डिजिटल सिटीजनशिप एंड ऑनलाइन सेफ्टी' पर किये गये एक सर्वेक्षण रिपोर्ट में खुलासा हुआ है। यह सर्वे भारत में जनवरी से अप्रैल 2022 के बीच स्कूल जाने वाले बच्चों के बीच कराया गया था। कुल मिलाकर कक्षा 9 से कक्षा 12 के 842 छात्रों ने इसमें भाग लिया। इस रिपोर्ट का मकसद सेफ्टी टूल्स के साथ युवा ऑनलाइन यूजरों की दक्षता का आकलन करना, और सीखने के उनके पसंदीदा माध्यम की पहचान करना था।

रिपोर्ट में कहा गया है कि इसमें शामिल 84 प्रतिशत यूजरों को फेक न्यूज ऑनलाइन का सामना करना पड़ा। स्कूली छात्रों से संबंधित रिपोर्ट में पाया गया कि सबसे बड़ा खतरा यूजरों द्वारा इमेज की अंधाधुंध शेयरिंग की वजह से पैदा हो रहा है। छात्रों ने यह भी खुलासा किया कि कक्षा में भले ही साइबर धमकी और गलत सूचनाओं जैसे विषयों पर चर्चा की जाती है, लेकिन असल जिंदगी में बदलाव लाने के लिए इन पर गंभीरता से विचार किए जाने की जरूरत है। रिपोर्ट में कहा गया है, 'विषयों पर चर्चा की जाती है, लेकिन इन पर अमल नहीं होता है। इसलिए इनका वास्तविक असर नहीं होता।'

यूजरों ने उन विशेष विषयों की सूची बनाई है जिन्हें वे अपने स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल कराना चाहते हैं, जिनमें लीगल प्रोटेक्शन, इंटरनेट प्राइवेसी और साइबर वेलनेस मुख्य रूप से शामिल हैं। बेहद महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि 70 प्रतिशत यूजर अपनी ऑनलाइन निजता और सुरक्षा को लेकर चिंतित थे। फोटो के गलत इस्तेमाल के साथ साथ उन्होंने दूसरों द्वारा उनके फर्जी प्रोफाइल बनाए जाने, या प्रोफाइल के गलत इस्तेमाल करने, बगैर अनुमति के स्क्रीनशॉट लेने, अनुचित विजुअल एवं टेक्स्चुअल कंटेंट, और चैट रूम में गैर-जरूरी संपर्क (चाहे यह सोशल नेटवर्किंग साइट हो या ईमेल के जरिये) को लेकर भी चिंताएं जाहिर कीं।

रिपोर्ट में कहा गया है कि करीब 90 प्रतिशत छात्रों का मानना है कि इंटरनेट से उन्हें अपना दायरा बढ़ाने में मदद मिली है। उनका कहना है कि वे नए विषय सीखने और रचनात्मक अभिव्यक्ति के लिए वैश्विक तौर पर वेब इस्तेमाल करना पसंद करते हैं।

यह अभियान भारत के युवाओं के लिए डिजिटल क्षेत्र सुरक्षित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसमें उन तौर तरीकों पर भी प्रकाश डाला गया जो उपयोगकर्ताओं को अपने ऑनलाइन अनुभव बढ़ाने के लिए जरूरी हैं।

इसके अलावा, इसमें उन क्षमताओं के विकास के लिए जरूरी संसाधनों की पहचान पर जोर दिया गया जिनसे सुरक्षित इंटरनेट इस्तेमाल की गारंटी दी जा सकती है।

# महंगाई का रोजगार पर दबाव नहीं

बेंगलुरू। जॉब साइट इनडीड ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा कि महंगाई बढ़ने के बावजूद भी नौकरी करने वालों की आजीविका तथा खर्च के ऊपर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ा है और वह इससे बिल्कुल भी चिंतित नहीं हैं। इस साल हायरिंग में 29 फीसद की बढोतरी दर्ज की गयी है।

इनडीड ने अपनी तिमाही हायरिंग ट्रैकर रिपोर्ट में यह दावा करते हुये कहा कि हर 10 में से 6 नौकरी करने वालों का कहना है कि वे इससे बहुत ज्यादा प्रभावित नहीं हुए हैं।

जिस प्रकार नौकरी करने वालों की सोच है उसी प्रकार 89 प्रतिशत नियोक्ता भी यही सोचते हैं कि महंगाई का नौकरियां देने तथा कर्मचारियों को उचित भुगतान देने में उन्हें कोई भी समस्या नहीं है।

इनडीड के हायरिंग ट्रैकर से यह भी पता चला है की अप्रैल से जून 2022 तक नियोक्ताओं ने नौकरी देने में 29 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। इस तिमाही में नौकरी करने वाले लोगों में से 37 प्रतिशत ने नई नौकरी के लिए आवेदन किया है जोकि पिछली तिमाही में 46 प्रतिशत था।

इनडीड इंडिया के विक्रय प्रमुख शशि कुमार ने कहा, आईटीए हेल्थकेयर, ई.कॉमर्स जैसे क्षेत्रों का विकास जारी रहेगा और 5जी के आने के साथ ही हम अगली आने वाली तिमाही में टेलीकॉम सेक्टर में नौकरियों में तेजी से वृद्धि देखेंगे। भारत में जॉब मार्केट लगातार तेजी से वृद्धि कर रहा है और लगातार विकसित भी हो रहा हैए यह देखना दिलचस्प होगा कि आने वाले भविष्य में भारत किस प्रकार अपने लोगों को काम प्रदान करेगा तथा विकास की गति पर आगे बढ़ता रहेगा।

रिपोर्ट में कहा गया है कि महंगाई बढ़ने के कारण कंपनियों को अपने कर्मचारियों को विभिन्न स्तर पर सहायता देने में कोई भी समस्या नहीं है चाहे कर्मचारी अपने खर्चों के लिए फुल टाइम या पार्ट टाइम अथवा कांट्रेक्चुअल कार्य करना चाहे। ज्यादातर कर्मचारी 63 प्रतिशत फुल टाइम काम करना पसंद करते हैं जबकि 26 प्रतिशत कर्मचारी पार्ट टाइम तथा 11 प्रतिशत कर्मचारी कांट्रेक्चुअल तरीके से काम करना चाहते हैं। हालांकि यदि नियोक्ता पक्ष के हिसाब से देखा जाए तो यह अंतर बहुत ज्यादा नहीं है क्योंकि इस तिमाही के दौरान 19 प्रतिशत से अधिक नियोक्ताओं ने उन कर्मचारियों को काम पर रखा जोकि कॉन्ट्रैक्ट के तहत काम करना चाहते थे।

### पेट्रोल-डीजल की कीमतों में स्थिरता जारी

नयी दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तेल की कीमतों के फिर से 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंचने के बीच घरेलू स्तर पर आज भी पेट्रोल और डीजल के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आज लंदन ब्रेंट 1.72 प्रतिशत बढ़कर 101.05 डॉलर प्रति औंस पर और अमेरिकी क्रुड 1.42 प्रतिशत चढ़कर 93.83 डॉलर प्रति औंस बोला गया। घरेलू स्तर पर तेल विपणन करने वाली कंपनी भारत पेट्रोलियम के अनुसार, घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर यथावत है। पिछले दो महीने से अधिक समय से तेल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है।

# अदाणी एग्री फ्रेश ने हिमाचल में खरीदा 7500 टन सेब

एजेंसी

शिमला। अदाणी एग्री फ्रेश लिमिटेड (एएएफएल) ने हिमाचल प्रदेश में मात्र 10 दिनों में 7500 टन सेब की खरीद की है।

मार्डर्न स्टोरेज की सुविधाओं से लैस अदाणी एग्री फ्रेश के हिमाचल प्रदेश के सेब बाजार में प्रवेश करने के बाद सेब के बेहतर दाम मिलने से सेब उत्पादकों का रुझान एएएफएल के प्रति बढ़ा है। एएएफएल ने तीन स्थानों पर खरीद शुरू की है।

हिमाचल प्रदेश देश का सबसे बड़ा सेब उत्पादक है, यहां सालाना आठ से 10 लाख टन सेब का उत्पादन होता है।

एएएफएल के हिमाचल प्रदेश के सेब बाजार में प्रवेश करने से भारत और विदेशों में हिमाचल के सेब के लिए बाजार का विस्तार किया है। खराब मौसम और पहाड़ी राज्य में भूस्खलन की घटनाओं ने हालांकि सेब के परिवहन पर प्रतिकूल प्रभाव डाला है, लेकिन एएएफएल सहित निजी कंपनियों द्वारा खरीद जारी रही है। पिछले कुछ वर्षों से, किसानों ने कई कारणों से निजी खरीद कंपनियों का पक्ष लेना शुरू कर दिया है, जिसके पीछे बेहतर मूल्य, बेहतर भुगतान प्रक्रिया और आसान व्यापार प्रक्रिया शामिल है।

अदाणी एग्री फ्रेश के प्रवक्ता ने इस उपलब्धि पर कहा, हमने अगस्त के मध्य में अपनी खरीद शुरू होने के पहले दो दिनों के भीतर 2,000 टन सेब की खरीद की थी और परिवहन के साथ चुनौतियों के बावजूद आपूर्ति दिन-ब-दिन बढ़ रही है। किसान संगठित प्लेयर्स की ओर आकर्षित होते हैं क्योंकि हम उन्हें उनकी उपस्थिति में सेब की छंटाई के अलावा समय पर भुगतान के साथ व्यापार की उचित शर्तों की पेशकश करते हैं। बाकी साल हम किसानों को खाद, कीटनाशक, ओलावृष्टि और कृषि के लिए जरूरी अन्य चीजें कम कीमत पर उपलब्ध कराकर उनके साथ अपने संबंधों को पोषण प्रदान करते हैं।

हिमाचल प्रदेश की स्थानीय मंडियों में सेब की खरीद, जून के अंत या जुलाई के आरंभ में शुरू होती है, लेकिन प्राइवेट प्लेयर के अगस्त के मध्य या देर तक इंतजार करते हैं और बेहतर कीमतों की पेशकश कर रहे हैं। इस साल, एएएफएल ने पिछले साल की तुलना में चार रुपये प्रति किलोग्राम अधिक की पेशकश करते हुए 15 अगस्त को खरीद शुरू की थी। राज्य में सेब की सभी किस्मों की बंपर फसल के साथ उच्च कीमतें, किसानों के लिए मंडियों के बजाय प्राइवेट कंपनियों को चुनने का अतिरिक्त कारण बन गई हैं।

अदाणी एग्री फ्रेश ने हिमाचल प्रदेश के रामपुर, रोहडू और सैंज में तीन नियंत्रित वातावरण भंडारण सुविधाएं स्थापित की हैं ताकि सेब को सही तापमान, ऑक्सीजन और आर्द्रता वाले बड़े एयरटाइट रेफ्रिजेरेटेड कमरों में रखा जा सके।

# कार्टून नेटवर्क और पोगो का स्कूल आउटरीच कार्यक्रम

नयी दिल्ली। कार्टून नेटवर्क और पोगो देश में सबसे बड़े स्कूल आउटरीच कार्यक्रम लेकर आ रहा है जिसमें 13 शहरों के लगभग 1,100 स्कूलों के 10 लाख से अधिक बच्चे भाग लेंगे। इस कार्यक्रम का 15वां संस्करण इसी सप्ताह शुरू हो रहा है।

कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि कार्टून नेटवर्क और पोगो 13 शहरों के लगभग 1,100 स्कूलों के 10 लाख से अधिक बच्चों को शामिल करेंगा। अगले कुछ हफ्तों में, एससीपी मुंबई, नई दिल्ली (दिल्ली, गुड़गांव, नोएडा और गाजियाबाद), बेंगलुरु, चेन्नई, कोयंबटूर, हैदराबाद, कोलकाता, पुणे, अहमदाबाद और सूरत में आयोजित की जाएगी।

इस साल की थीम बी यू है जो कार्टून नेटवर्क के नए ब्रांड प्रॉमिस रीड्रा योर वर्ल्ड और पोगो की फ्रेंडशिप और फन पर आधारित है। विभिन्न शहरों में चल रहे इस संस्करण के अंतर्गत ऑफलाइन स्कूल का अनुभव ओर अच्छा बना देंगे क्योकि उन्हें अपने एनिमेटेड दोस्तों के और करीब होने का मौका मिलेगा।

चैनल प्रत्येक स्कूल में 45 मिनट के सत्र की मेजबानी करेंगा, जिसमें मनोरंजक और इंटरैक्टिव गेम्स सहित कई गतिविधियां होंगी, प्रत्येक स्कूल संपर्क कार्यक्रम (एससीपी) की थीम के साथ एक एवी, कुछ स्कूलों में शुभंकरों का दौरा, प्रायोजक गतिविधियों का नेतृत्व किया, और बहुत सारे पोगो और कार्टून नेटवर्क गुडी बैग गिफ्ट के रूप में रहेंगे।

वार्नर ब्रदर्स डिस्कवरी के दक्षिण एशिया के किड्स क्लस्टर के प्रमुख उत्तम पाल सिंह ने कहा, हम अपने स्कूल संपर्क कार्यक्रम के तहत, पहले से कहीं अधिक बड़े और बेहतर संस्करण के साथ पूरे भारत के स्कूलों में वापस जा रहे हैं। वार्षिक स्कूल जुड़ाव पहल हमारी फैन-फर्स्ट रणनीति का एक अनिवार्य हिस्सा है, जिससे बच्चों को अपने एनिमेटेड दोस्तों के करीब होने का मौका मिलता है। हम हमेशा अपने दर्शकों के साथ एक अनोखे तरीके से जुड़ना चाहते हैं और इस साल दोनों चैनलों की थीम मस्ती, थ्रिल और रोमांच के एक नए स्तर का अनुभव करवाएगी।

## शार्ट न्यूज

### यूएस ओपन में पहले दौर में कोविनिक से भिड़ेंगी सेरेना

न्यूयॉर्क। यूएस ओपन में महिला एकल के पहले दौर के मैच में सेरेना विलियम्स को सोमवार (29 अगस्त) मोंटेनेग्रो की डंका कोविनिक से भिड़ेंगी। इस सीजन का फाइनल ग्रांड स्लैम टूर्नामेंट 29 अगस्त से शुरू हो रहा है। इस महीने की शुरुआत में विलियम्स ने यूएस ओपन के बाद सन्यास लेने की घोषणा की थी। विलियम्स 23 बार की ग्रैंड स्लैम खिताब विजेता है। छह बार के यूएस ओपन चैंपियन का सामना पहली बार दुनिया के 80वें नंबर के खिलाड़ी कोविनिक से होगा। मोंटेनिग्रिन (27) वर्ष 2016 में कैरियर की 46 वें स्थान पर पहुंच गई और पिछले साल चार्ल्सटन में डब्ल्यूटीए टूर खिताब जीतने वाली वह अपने देश की पहली महिला बनीं। इस वर्ष जनवरी में कोविनिक ने ऑस्ट्रेलियन ओपन में एम्मा राडुकानू को हराकर किसी स्लैम के तीसरे दौर में पहुंचने वाली पने देश की पहली महिला बनीं। इस टूर्नामेंट के विजेता का सामना या तो नंबर 2 एनेट कोंटेविट या रोमानिया की जैकलीन क्रिस्टियन से होगा। विश्व की नंबर एक खिलाडी पोलैंड की इगा स्विएटेक शीर्ष पर हैं और पहले दौर में उनका सामना इटली की जैस्मीन पाओलिनी से होगा। टर्नामेंट में विजेता का सामना या तो 2018 के चैंपियन अमेरिका के स्लोएन स्टीफंस या बेल्जियम के ग्रीट मिन्नेन से होगा।

### विश्व एथलेटिक्स 2023 की समय सारणी जारी

बुडापेस्ट। विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2023 के आयोजकों ने शुक्रवार को हंगरी की राजधानी में बुडापेस्ट के 14 स्टेडियम में 19-27 अगस्त 2023 तक होने वाली प्रतियोगिताओं की समय सारणी जारी की है। विश्व एथलेटिक्स 2023 का कार्यक्रम 10 दिवसीय के बजाय अब नौ दिनों का होगा, जैसा कि यह पिछले पांच वैश्विक चैंपियनशिप में भी हुआ था। सभी ट्रैक और मैदान में प्रतियोगिता का फाइनल शाम के सत्र में खेले जाएंगे, जिसमें पहले दिन से ही कम से कम चार फाइनल प्रतिदिन निर्धारित कराये जाएंगे। प्रतियोगिता में जैसे 100 मीटर और 200 मीटर, 800 मीटर और 1500 मीटर, 1500 मीटर और 5000 मीटर, 5000 मीटर और 10,000 मीटर, 20 किमी और 35 किमी रेस वॉक, महिलाओं की लंबी कूद और ट्रिपल जंप और महिलाओं की 200 मीटर और 400 मीटर की दौड़ होंगी। हाल की प्रमुख चैंपियनशिप में मिश्रित और सिंगल- 4 गुना 400 मीटर फ़ाइनल दोनों ओर आयोजित किए जाते हैं ताकि एथलीटों को रिले और व्यक्तिगत दौड़ दोनों में भाग लेने की अनुमति मिल सके।

### 'नम्बर एक बनो और दूसरा सर्वश्रेष्ठ कुछ नहीं' : वीरेन रसकिन्हा

नयी दिल्ली। भारतीय हॉकी टीम के पूर्व कप्तान वीरेन रसकिन्हा ने गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट (जीआईटीएएम) हैदराबाद परिसर विश्वविद्यालयी 'चेंजमेकर्स' श्रृंखला में भाग लेते हुए छात्रों के साथ बातचीत करते हुए नम्बर एक बनो बनो और दूसरा सर्वश्रेष्ठ कुछ नहीं'(बी द बेस्ट एंड नॉट द सेकेंड बेस्ट...) के मंत्र को दोहराया। हॉकी में वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के लिए 2005 का अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित रसकिन्हा ने कहा कि खेल सभी को टीम निर्माण, समानता, अनुशासन, समावेश, दृढ़ता, सम्मान और निष्पक्षता जैसे मूल्यों को सिखाने का एक उत्कृष्ट साधन है। हॉकी के पूर्व कप्तान रसकिन्हा ने मुंबई की गलियों में अपने बड़े होने के दिनों के बारे में बात करते हुए कहा कि उन्होंने 1996 के अटलांटा ओलंपिक में लिएंडर पेस की जीत को अपने जीवन का सबसे अतिसंवेदनशील बिंदु करार दिया। उन्होंने कहा, मैं अभी किशोरावस्था में था। यह मेरी प्रेरणा का क्षण था और तभी से मेरे मन में भारत के लिए खेलने की चाह जगी और मेरी इच्छा भारतीय हॉकी टीम की कप्तानी करने की जगी था और ओलंपिक में खेलना चाहता था। मैं खुशनसीब हूं कि मैंने ये सब पाया। रसकिन्हा 2004 में एथेंस ओलंपिक टीम के सदस्य थे। रसकिन्हा ने 2008 में 28 साल की उम्र में मैनेजमेंट की पढ़ाई करने के लिए अंतरराष्ट्रीय हॉकी छोड़ दी थी। वह अब ओलंपिक गोल्ड केस्ट के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी हैं।

### एशिया कप में प्लेइंग इलेवन में कार्तिक की जगह पंत को लेना चाहिए : सबा करीम

नयी दिल्ली। पूर्व क्रिकेटर एवं वरिष्ठ चयन समिति के पूर्व सदस्य सबा करीम ने कहा कि वह एशिया कप के लिए टीम इलेवन में दिनेश कार्तिक की जगह ऋषभ पंत को खिलाना पसंद करेंगे। विराट कोहली और के. एल. राहुल रविवार को पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप अभियान की शुरुआत से पहले भारत की प्लेइंग इलेवन में वापसी करने के लिए पूरी तरह से फिट हैं, इसका मतलब है कि विकेटकीपर के लिए केवल एक बल्लेबाज के लिए जगह बची है, जिसमें पंत और कार्तिक में से एक को चुनना होगा। सबा करीम ने कहा, मेरे प्लेइंग 11 में, मैं केवल एक विकेटकीपर बल्लेबाज को जगह दूंगा, क्योंकि यदि मैं के एल राहुल और विराट कोहली को टीम में रखता हूँ तो मेरे पास दिनेश कार्तिक और ऋषभ पंत में से केवल एक खिलाड़ी को लेने का विकल्प है। उन्होंने कहा, मैं पंत को टीम में रखना पसंद करूंगा क्योंकि पंत की मौजूदगी भारतीय टीम के लिए विशेष है और पंत का इस एशिया कप में भी कुछ शानदार प्रदर्शन देखना चाहता हूँ। जून में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारतीय टी 20 टीम में वापसी के बाद से कार्तिक अंतिम पांच ओवर में अच्छा प्रदर्शन करते आ रहे हैं। राजकोट की मुश्किल पिच पर 27 गेंदों में 55 रन और त्रिनिदाद में वेस्टइंडीज के खिलाफ 19 गेंदों में 41 रन की नाबाद पारी खेलना कार्तिक का उम्दा प्रदर्शन है जिससे भारत को फायदा हुआ है।

### जम्मू तवी गोल्फ टूर्नमेंट में देश भर के 126 गोल्फर लेंगे भाग

जम्मू। जम्मू के तवी नदी के तट पर मैदानी इलाकों में स्थित अंतरराष्ट्रीय स्तर का 18-होल जम्मू तवी गोल्फ कोर्स सात सितंबर से शुरू होने वाले पांच दिवसीय पेशेवर गोल्फ टूर्नामेंट (पीजीटीआई) में पूरे देश के 126 गोल्फर हिस्सा लेंगे। जम्मू तवी गोल्फ कोर्स (जेटीजीसी) के सचिव मानव गुप्ता ने प्रतिष्ठित टूर्नामेंट से पहले की तैयारियों और सुविधाओं के बारे में जानकारी साझा करते हुए 'यूनीवार्ता' से विशेष बातचीत में कहा कि यह कार्यक्रम यहां पेशेवर तथा उभरते गोल्फरों के लिए गेम चेंजर होने जा रहा है। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल एवं जम्मू तवी गोल्फ कोर्स के अध्यक्ष मनोज सिन्हा ने हाल ही में जम्मू तवी गोल्फ अकादमी के उद्घाटन के अवसर पर जम्मू में पीजीटीआई स्तर के टूर्नामेंट की मेजबानी की घोषणा की। श्री गुप्ता ने बताया, जम्मू तवी गोल्फ कोर्स 1400 कनाल में फैले अंतरराष्ट्रीय मानक का 18-होल कोर्स है और पीजीटीआई (भारत में पेशेवर गोल्फ के लिए नियंत्रक निकाय) टीम ने निरीक्षण के बाद आयोजन स्थल को फिट घोषित किया और आयोजन के लिए हरी झंडी दिखा दी। उन्होंने कहा, अंतरराष्ट्रीय स्तर के इस टूर्नामेंट की मेजबानी करना जेटीजीसी के लिए किसी विशेषाधिकार से कम नहीं है।

### चिराग-सात्विक की जोड़ी ने विश्व चैम्पियन को चखाया हार का स्वाद

टोक्यो। भारत की शीर्ष बैडमिंटन जोड़ी चिराग शेट्टी और सात्विक साईराज रंकीरेड्डी शुक्रवार को विश्व के दूसरे नंबर के खिलाड़ी ताकुरो होकी और जापान के यूगो कोबायाशी को पराजित करके जीत का परचम लहराना जारी रखा और अब वे सेमीफाइनल में टोक्यो ओलंपिक कांस्य पदक विजेता मलेशियाई जोड़ी आरोन चिया और सोह वूई यिक से भिड़ेंगे। विश्व की सातवें नंबर की भारतीय जोड़ी ने खिताब के प्रबल दावेदारों और गत चैम्पियन होकी और कोबायाशी को सवा घंटे की अवधि में 24-22, 15-21, 21-14 से हराकर पुरुष युगल का पदक हासिल कर लिया। वर्ष 2011 में महिला युगल बैडमिंटन में ज्वाला गुट्टा और अश्विनी पोनप्पा की जीत के बाद अनुशासन में भारत का दूसरा विश्व चैंपियनशिप पदक है। चिराग-सात्विक की जोड़ी की इस जीत के साथ भारत के लिए यह 13वां पदक है।

# एसपीएन को यूएस ओपन का एक्सक्लूसिव टेलीविजन व डिजिटल अधिकार मिला

मुंबई 26 अगस्त (वार्ता) सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया (एसपीएन) ने शुक्रवार को अगस्त 2022 से यूएस ओपन का प्रसारण करने के लिए त्रिवर्षीय समझौता पर हस्ताक्षर किया है, जिससे इस ब्रॉडकास्टर को 2022-24 के बीच वैश्विक खेल का विशेष मीडिया अधिकार (टीवी और डिजिटल) प्राप्त हुआ है। यूएस ओपन के 2022 रिप्ले को भारतीय उपमहाद्वीप - पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश, नेपाल, भूटान और मालदीव में एसपीएन के खेल चैनलों पर प्रसारित किया जाएगा। मैच को उनके ओटीटी प्लेटफॉर्म सोनीलिव पर लाइवस्ट्रीम किया जाएगा।

इस वर्ष का अंतिम ग्रैंड स्लैम, 2022 यूएस ओपन, 29 अगस्त 2022 से 11 सितंबर 2022 तक होगा। 2022 में ऑस्ट्रेलियन ओपन और रोलैंड-गैरोस के सफलतापूर्वक प्रसारण के बाद, सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया उस सफलता को दोहराना चाहता है।

विशेष टूर्नामेंट के 142वें एडिशन का लाइव कवरेज 29 अगस्त 2022 को एसपीएन के खेल चैनलों पर रोजाना शाम 7:30 बजे शुरू होगा। भारत में पहली बार ब्रॉडकास्टर सोनी सिक्स, सोनी टेन 2 (अंग्रेजी), सोनी टेन 3 (हिंदी), और सोनी टेन 4 (तमिल और तेलुगु) चैनलों पर चार भाषाओं में इस विशाल टूर्नामेंट का प्रसारण करेगा, जिसकी शुरुआत सिंगल्स क्वार्टर फाइनल मैचों (6 सितंबर 2022 को और उसके बाद) के साथ होगी।




ग्रैंड स्लैम के लाइव कवरेज में सोनी स्पोर्ट्स का टेनिस के लिए प्रमुख लाइव स्टूडियो शो - एक्स्ट्रा सर्व शामिल होगा। सुहैल चंढोक इस शो को होस्ट करेंगे। इस शो में भारतीय टेनिस के दिग्गज विजय अमृतराज, भारत के पूर्व नंबर-वन टेनिस खिलाड़ी सोमदेव देववर्मन और भारत के डेविस कप खिलाड़ी पुरव राजा शामिल होंगे। क्वार्टर फाइनल से क्षेत्रीय भाषा में कमेंट्री भी शुरू की जाएगी। सबसे पुरानी टेनिस चैंपियनशिप में से एक, यूएस ओपन टेनिस सीजन का समापन कोर्ट पर कड़ी प्रतिस्पर्धा और स्टैंडों में ग्लैमरस उपस्थितियों के साथ करेगा। मौजूदा चैंपियन और दुनिया के नंबर एक डेनियल मेदवेदेव के यूएस ओपन में वापसी के रूप में प्रतियोगिता धमाकेदार होगी। फ्लशिंग मीडोज, न्यूयॉर्क के कोर्ट पर अन्य खिलाड़ियों के साथ-साथ राफेल नडाल, डेनियल मेदवेदेव, सेरेना विलियम्स, इगा स्विएटेक, और एनेट कोंटेविट के बीच मुकाबला देखने को मिलेगा।

29 अगस्त 2022 से सोनी सिक्स और सोनी टेन 2 चैनलों पर यूएस ओपन 2022 का लाइव कवरेज होगा, इसके बाद 6 सितंबर 2022 से सोनी टेन 2 (अंग्रेजी), सोनी टेन 3 (हिंदी) तथा सोनी टेन 4 (तमिल और तेलुगू) चैनल पर क्वार्टरफाइनल का लाइव कवरेज प्राप्त होगा।

## पाकिस्तान को लगा एक और बड़ा झटका, वसीम जूनियर एशिया कप से हुए बाहर




नई दिल्ली। एशिया कप 2022 के शुरू होने से पहले पाकिस्तान को एक और बड़ा झटका लगा है। टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद वसीम जूनियर लेफ्ट साइड में खिंचाव के कारण एशिया कप से बाहर हो गए हैं। बुधवार को पाकिस्तान के अभ्यास सत्र में गेंदबाजी करते समय उन्हें चोट लग गई थी। टीम के मेडिकल स्टाफ ने उनका निरीक्षण किया और दुबई में एमआरआई स्कैन से इसकी पुष्टि हुई। 28 अगस्त को भारत के खिलाफ अपने अभियान का आगाज करने से पहले टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद वसीम जूनियर का चोटिल होना पाकिस्तान के लिए अच्छी बार नहीं है। इससे पहले टीम के तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी भी चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। मोहम्मद वसीम जूनियर के रिप्लेसमेंट के तौर पर हसन अली को टीम में शामिल किया जाएगा। अभी इवेंट टेक्निकल कमेटी की मंजूरी मिलने का इंतजार है। तेज गेंदबाज वसीम ने पिछले साल जुलाई में वेस्टइंडीज के खिलाफ डेब्यू किया था। इसके बाद से उन्होंने अब तक 11 ञ्च20ढ्ढ मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 15.88 की औसत और 8.10 की इकॉनमी से 17 विकेट लिए हैं। मार्च में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू सीरीज में भी वसीम ने शानदार प्रदर्शन किया था। उन्होंने तीन वनडे मैचों में 5 विकेट लिए थे। पाकिस्तान का ये दूसरा तेज गेंदबाज एशिया कप से बाहर हुआ है। इससे पहले टीम के स्टार तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी घुटने की चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हुए थे। अफरीदी के रिप्लेसमेंट के रूप में मोहम्मद हसनैन को टीम में जगह मिली है। हसनैन हारिस रऊफ, शाहनवाज दहानी और नसीम शाह के साथ तेज गेंदबाजी का भार संभालेंगे। अफरीदी श्रीलंका के खिलाफ सीरीज में चोटिल हुए थे।

### इंडिया वर्सेस पाकिस्तान प्रतिद्वंद्विता पर बोले वीरेंद्र सहवाग

# मैदान पर चाहे जो हो, वहां से बाहर हम बड़े-छोटे भाई जैसे

नई दिल्ली। क्रिकेट में जब भी प्रतिद्वंद्विता की बात होती है, तब भारत बनाम पाकिस्तान मैच का जिक्र जरूर होता है। जब दोनों टीमें एक-दूसरे के खिलाफ खेलने उतरती हैं, तो पूरी दुनिया को एक हाई वोल्टेज मैच की उम्मीद होती है। टीम इंडिया के पूर्व क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग खुद पाकिस्तान के खिलाफ काफी मैच खेल चुके हैं। वीरू ने पाकिस्तान में भी मैच खेले हैं और मुल्तान टेस्ट में तो तिहरा शतक भी ठोका है। वीरेंद्र सहवाग का मानना है कि भारत और पाकिस्तान के खिलाड़ियों में प्रतिद्वंद्विता मैदान तक ही सीमित रहती है और मैदान के बाहर सब बदल जाता है। स्टार स्पोर्ट्स के यूट्यूब चैनल पर सहवाग ने कहा, मुझे जो लगता है कि जब भारत और पाकिस्तान की टीमें मैदान पर होती हैं, तो यह मुश्किल मैच होता है। हर कोई अपना बेस्ट देता है। अगर कोई इंडिया से है, तो वह अपनी टीम को जीत दिलाने के लिए खेलता है और अगर कोई पाकिस्तान से है, तो वह भी यही करता है। जब हम मैच खत्म करते हैं और होटल लौटते हैं, तो हम साथ में समय बिताते हैं। हमारे बीच काफी प्यार रहता है। सहवाग ने आगे कहा, कुछ लोग कहते हैं कि भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव है, या फिर भारत और पाकिस्तान के खिलाड़ियों के बीच लड़ाई है। लेकिन मैं कहना चाहता हूं कि ऐसा कुछ भी नहीं है। आप मैदान पर टक्कर देखते हैं, लेकिन मैदान से बाहर हम दोस्त हैं, हम ऐसे बर्ताव करते हैं, जैसे बड़े-छोटे भाई आपस में करते हैं।

# द हंड्रेड में चमकीं स्मृति मंधाना, तूफानी पारी खेल टीम को दिलाई बड़ी जीत

एजेंसी

साउथम्पटन। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की उपकप्तान स्मृति मंधाना ने द हंड्रेड में तूफानी बल्लेबाजी कर सुर्खियां बटोरी हैं। मंधाना के शानदार अर्धशतक की मदद से सदर्न ब्रेव ने ट्रेंट रॉकेट्स को 10 विकेट से हराकर टूर्नामेंट के नॉकआउट चरण में अपनी जगह पक्की की। मंधाना ने 31 गेंदों पर 57 रन बनाए जिसमें नौ चौके और दो छक्के भी शामिल हैं। ट्रेंट रॉकेट्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 100 गेंदों पर 8 विकेट के नुकसान पर 88 रन बनाए। सदर्न ब्रेव के लिए लॉरेन बेल ने 20 गेंदों पर 10 रन देकर चार विकेट। लॉरेन के इस लाजवाब परफॉर्मेंस की वजह से सदर्न की मैच पर पकड़ मजबूत की।

मंधाना ने शुरू से ही आक्रामक रवैया अपनाया। उन्होंने पहली गेंद पर ही चौका जड़ा और केवल 30 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया। इसके बाद उन्होंने विजयी छक्का भी लगाया।

सदर्न ब्रेव का लीग स्टेज में आखिरी मुकाबला 31 अगस्त को नॉर्दन सुपरचार्जर्स से होगा।




# मंगोलिया और जापान में राजनाथ सिंह के पग-पग पर रहेगी ड्रैगन की नजर

**बीजिंग।** सीमा पर तनाव के बीच दूसरे देशों से बन रहे भारत के रिश्तों पर चीन करीबी नजर रख रहा है। इसी कड़ी में मंगोलिया और जापान दौरे पर जा रहे भारतीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के पग-पग पर उसकी नजर रहेगी। चीन से आ रहे बयानों से स्पष्ट है कि वह भारत-जापान के बीच बढ़ती दोस्ती का बिल्कुल भी हिमायती नहीं है। बता दें कि भारत और जापान के बीच 8 सितंबर को टू प्लस टू की दूसरे राउंड की वार्ता होने वाली है। इसमें भारत और जापान के विदेश व रक्षा मंत्री शामिल होंगे। इससे पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मंगोलिया के दो दिवसीय दौरे पर जाने वाले हैं। 6 सितंबर को होने वाले इस मीटिंग में राजनाथ सिंह की वहां के राष्ट्रपति से मुलाकात होगी। इसके अलावा मंगोलियन राष्ट्रपति ने राजनाथ सिंह के सम्मान में भोज का भी आयोजन किया है।



#### भारत-जापान दोस्ती के पक्ष में नहीं ड्रैगन

भारतीय रक्षामंत्री के जापान दौरे से पहले चीन की सरकारी मीडिया ने भी बयान जारी किया है। इसमें कहा गया है कि उच्च स्तरीय बैठक की आड़ में इन दोनों देशों को किसी तीसरे देश को निशाना नहीं बनाना चाहिए। एक चीनी ऑब्जर्वर ने सरकारी समाचार पत्र ग्लोबल टाइम्स से कहा कि बीते कुछ साल में भारत और जापान के बीच नजदीकी बढ़ी है। खासतौर पर पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे के कार्यकाल में यह ज्यादा देखने को मिला था। इसके पीछे क्षेत्र में चीन के शांतिपूर्ण विकास को रोकने का मकसद हो सकता है। वहीं सिंघुआ यूनिवर्सिटी में राष्ट्रीय रणनीति संस्थान के शोध विभाग के निदेशक क्विन फेंग ने कहा कि सीमा पर दोनों देशों के बीच तनाव के बाद भारत में कुछ संकीर्ण मानसिकता के लोग चीन को सुरक्षा के लिए चुनौती मानते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे ही भारतीय अमेरिका और जापान के साथ दोस्ती को बढ़ावा देते हैं। इसके पीछे उनका मकसद चीन पर नियंत्रण रखना होता है। चीन को इससे सतर्क रहना चाहिए।

#### मंगोलिया के साथ रिफाइनरी पर चर्चा

मंगोलिया के साथ बातचीत के दौरान यहां भारत के सौजन्य से बन रही रिफाइनरी पर चर्चा होने की उम्मीद है। यह मंगोलिया की सबसे बड़ी रिफाइनरी है और इसे 1.2 बिलियन डॉलर की लागत से तैयार किया जा रहा है। उम्मीद जताई जा रही है कि यह रिफाइनरी 2025 तक बनकर तैयार हो जाएगी। मंगोलिया के डोर्नोगोबी प्रांत में इसके निर्माण के बाद यहां की 75 फीसदी जरूरतें पूरी हो सकेंगी। इसके अलावा राजनाथ सिंह छह सितंबर को एक साइबर सिक्योरिटी सेंटर का भी उद्घाटन करेंगे। इस साइबर सिक्योरिटी सेंटर को बनाने में भारत ने मंगोलिया के रक्षा मंत्रालय की मदद की है।

#### 2015 में साइन हुआ था एमओयू

साल 2015 में चीन के दौरे के बाद पीएम मोदी मंगोलिया पहुंचे थे तब दोनों देशों के बीच इसको लेकर एक एमओयू पर दस्तखत हुए थे। इसके मुताबिक भारत मंगोलिया के रक्षा मंत्रालय के लिए साइबर सिक्योरिटी ट्रेनिंग सेंटर स्थापित करेगा। साथ ही इसके लिए लोगों को ट्रेनिंग भी देगा। मोदी के इस दौरे में ही भारत-मंगोलिया के द्विपक्षीय संबंधों और रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने संबंधी बातें हुई थीं। भारतीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह मंगोलिया के रक्षा मंत्री गुरसेद सैखानबायार और पार्लियामेंट स्पीकर गोम्बोजाव जांदांश्तार से भी मिलेंगे। इसके बाद राजनाथ सिंह 7 सितंबर को टोक्यो के लिए रवाना होंगे। चीन और रूस के बाद मंगोलिया भारत को अपना तीसरा और आध्यात्मिक पड़ोसी मानता है।

### न्यूजीलैंड में मंकीपॉक्स से बचाव के पुख्ता इंतजाम

वेलिंगटन। न्यूजीलैंड में वैश्विक महामारी मंकीपॉक्स वायरस से निपटने के लिए टेकोविरिमैट दवा तैयार की जा चुकी है, जिसको सितंबर के अंत से मुफ्त में वितरित किए जाने की उम्मीद है। स्वास्थ्य मंत्री आयशा वेराल ने शुक्रवार को बताया कि न्यूजीलैंड सरकार मंकीपॉक्स की दवा टेकोविरिमैट सबसे पहले इस वायरस से ग्रस्ति मरीजों को प्राथमिकता दी जाएगी और इस दवा के माध्यम से इस संक्रमण के प्रसार को रोकने में भी सफल रहेंगे। उन्होंने कहा, अभी तक न्यूजीलैंड में मंकीपॉक्स का कोई सक्रिय मामला नहीं पाया गया, लेकिन हमें इस घातक बीमारी से निपटने के लिए तैयार रहना है।

## बंबीहा गैंग के 'सदस्य' की फिलीपींस में गोली मारकर हत्या

एजेंसी

नई दिल्ली। फिलीपींस में गुरुवार को देविंदर बंबीहा गैंग के साथ कथित संबंध रखने वाले एक पंजाबी व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मोगा के एसएसपी गुलनीत सिंह खुराना के अनुसार, मंदीप सिंह धालीवाल (33), उर्फ परधान, मोगा जिले के लोपो का रहने वाला था और उसके खिलाफ 2020 में स्मालसर पुलिस स्टेशन में शस्त्र अधिनियम का मामला दर्ज किया गया था। एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि मंदीप ने विदेशों में बंबीहा गैंग की गतिविधियों को आसान बनाया था और कुछ गैंगस्टरों से पूछताछ के दौरान उसका नाम सामने आया था। फिलीपींस की समाचार रिपोर्टों में कहा गया है कि मेट्रो मनीला के नवोतास में दो अज्ञात लोगों ने एक भारतीय की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने कहा कि वह व्यक्ति सुबह करीब 11.20 बजे बरंगे एनबीबीएन में रोड 10 के दक्षिण की ओर जाने वाली गली में काली मोटरसाइकिल से जा रहा था। उसी समय एक संदिग्ध ने पीठ में तीन बार उसे गोली मारी।

रिपोर्ट के मुताबिक, घटना के बाद एक ऑडियो क्लिप वायरल हुआ है। इसमें एक व्यक्ति को यह कहते हुए सुना जा सकता है कि जगरूप रूपा और मनप्रीत मन्नू की हत्याओं का बदला लेने के लिए गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई और गोल्डी बराड़ के आदेश पर मनदीप को गोली मारी गई। बता दें कि जिसका ऑडियो वायरल हो रहा है उसका नाम शार्पशूटर दीपक मुंडी बताया जा रहा है। यह वही शार्पशूटर है जो सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड में फरार चल रहा है। बता दें कि सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड के बाद आरोपी रूपा और मन्नू को अमृतसर के पास पुलिस ने एनकाउंटर में मार गिराया था। पुलिस के अनुसार बिश्नोई और बराड़ ही मूसेवाला की हत्या के मास्टरमाइंड हैं।

पुलिस अधिकारी ने कहा, हालांकि, दीपक मुंडी के ऑडियो की प्रामाणिकता की पुष्टि नहीं हुई है।

### टेक्सास में चार भारतीय महिलाओं पर नस्ली हमले

टेक्सास। अमेरिका के टेक्सास में अमेरिकी मूल की एक महिला ने चार भारतीय महिलाओं पर हिंसक नस्लवादी हमले किये हैं और अपशब्द कहते हुए उन्हें 'वापस जाने' के लिए कहा है। इस संबंध में एक वीडियो सामाने आया है जो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। पुलिस के ट्वीट और वीडियो के अनुसार पुलिस ने हमलावर महिला को कल हमला और 'आतंकवादी धमकी' के आरोप में गिरफ्तार किया। यह वीडियो तब से वायरल हो गया है। वीडियो में आरोपी महिला अपशब्द बोलती है और भारतीय महिलाओं को भारत वापस जाने के लिए कहती नजर आ रही है। यह घटना बुधवार रात की है, जिसे टेक्सास के डलास में एक पार्किंग में अंजाम दिया गया। वायरल वीडियो में बातचीत के अनुसार यह घटना प्लानो में उस समय हुई जब भारतीय दोस्तों का एक समूह एक रेस्तरां से बाहर आया था। आरोपी महिला वीडियो में खुद को मैक्सिकन-अमेरिकी बताती और भारतीय-अमेरिकी महिलाओं के समूह पर हमला करती दिख रही है। महिला वीडियो में ''मैं तुम भारतीय से नफरत करती हूं।

### अर्जेंटीना के राष्ट्रपति ने कहा, मिली जान से मारने की धमकी

ब्यूनस आयर्स। अर्जेंटीना के राष्ट्रपति अल्बर्टो फर्नांडीज ने गुरुवार को कहा कि उन्हें जान से मारने की धमकी मिली है और उन्होंने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। राष्ट्रपति ने डेस्टेप रेडियो के साथ एक साक्षात्कार में कहा,' मुझे जान से मारने की धमकी मिली है। पुलिस काम कर रही है, । फर्नांडीज के अनुसार, वह मामले के विवरण में नहीं जाएंगे क्योंकि वह जांच में हस्तक्षेप नहीं करना चाहते हैं। हाल ही में अर्जेंटीना बढ़ती मुद्रास्फीति पर बढ़ते नागरिक असंतोष से जूझ रहा है। प्रदर्शनकारी वेतन और बेरोजगारी लाभ बढ़ाने के लिए सरकारी कार्रवाई की मांग करते हैं क्योंकि देश में आर्थिक संकट के कारण लगभग 40 प्रतिशत आबादी गरीबी रेखा से नीचे चली गई है।

### नासा ने गैर-सौरीय ग्रह वातावरण में कार्बन डाइऑक्साइड का पता लगाया

लॉस एंजेलिस। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी 'नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन(नासा) को पहली बार सौर मंडल के बाहर किसी ग्रह के वातावरण में कार्बन डाईऑक्साइड की मौजूदगी का स्पष्ट सबूत मिला है। नासा की ओर से जारी बयान के मुताबिक गैस के विशालकाय ग्रह का 700 प्रकाश वर्ष दूर सूर्य जैसे तारे की परिक्रमा करने से ग्रह की संरचना और गठन में महत्वपूर्ण जानकारी मिलती है। नासा ने कहा कि जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप से कार्बन डाइऑक्साइड के संबंध में ऐसा पहली बार स्पष्ट सबूत मिला है। इस खोज से यह भी साफ होता है कि भविष्य में इस टेलीस्कोप से छोटे चट्टानी ग्रहों के पतले वातावरण में कार्बन डाइऑक्साइड का पता लगाना और उसको मापना संभव हो सकता है। बयान में कहा गया है कि इससे पहले हबल , स्पिट्जर अंतरिक्ष सहित कई दूरबीनों से ग्रह के वायुमंडल में जल वाष्प, सोडियम और पोटेशियम की मौजूदगी का पता चला था। नासा ने कहा,' जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप' की बहतरीन इन्फ्रारेड संवेदनशीलता से अब इस ग्रह पर भी कार्बन डाइऑक्साइड की पुष्टि हुई है।

### तेल के लिए त्राहिमाम के बीच भारी मात्रा में इसे जलाकर नष्ट करने की रिपोर्ट

लंदन। यूक्रेन पर इस वर्ष 24 फरवरी को रूसी हमले के कुछ माह से पाइपलाइन के जरिए प्राकृतिक गैस का निर्यात बंद किये जाने के बाद गैस को बड़े पैमाने पर जलाकर नष्ट करने की रिपोर्ट है और इससे आर्कटिक की बर्फ को गंभीर नुकसान का खतरा है। एक स्वतंत्र विश्लेषण के अनुसार, रूस बड़ी मात्रा में प्राकृतिक गैस को जला रहा है जिससे आर्कटिक की बर्फ को बड़े पैमाने पर क्षति हो सकती है। बीबीसी न्यूज़ के साथ साझा किए गए विश्लेषण के अनुसार, रिस्टैड एनर्जी ने अध्ययन किया है कि हर दिन लगभग 4.34 मिलियन क्यूबिक मीटर गैस को जलाया जा रहा है। सेंट पीटर्सबर्ग के उत्तर-पश्चिम में पोर्टोवाया में एक नए तरल प्राकृतिक गैस (एलएनजी) संयंत्र से लपटें आ रही हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि गैस पहले जर्मनी को निर्यात की गई होगी।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं , ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

# ब्रोकली की खेती
## कर किसान कमाएं अधिक मुनाफा





ब्रोकली गोभीय वर्गीय सब्जियों के अंतर्गत एक प्रमुख सब्जी है। यह एक पौष्टिक इटालियन गोभी है। जिसे मूलतः सलाद, सूप, व सब्जी के रूप में प्रयोग किया जाता है। ब्रोकली दो तरह की होती है - स्प्राउटिंग ब्रोकली एवं हेडिंग ब्रोकली। इसमें से स्प्राउटिंग ब्रोकली का प्रचलन अधिक है। हेडिंग ब्रोकली बिलकुल फूलगोभी की तरह होती है, इसका रंग हरा, पीला अथवा बैंगनी होता है। हरे रंग की किस्म ज्यादा लोकप्रिय है। इसमें विटामिन, खनिज लवन (कैल्शियम, फास्फोरस एवं लौह तत्व) प्रचुरता में पाये जाते हैं।

पौष्टिकता से भरपूर होने के कारण गर्भवती महिलाओं के लिए अधिक फायदेमंद है। देश के बड़े शहरों में इसकी अत्यधिक मांग होने के कारण इसकी खेती पर्वतीय क्षेत्रों में विशेषकर हिमाचल प्रदेश में बड़े पैमाने पर की जाने लगी है। उत्तराखंड में भी इसकी लोकप्रियता बढ़ रही है। इसका बाजार भाव अधिक होने के कारण किसानों को अधिक आय प्रदान कर सकती है। अधिक मुनाफा देने के कारण किसान समाधान इसकी जानकारी लेकर आया है।

### खेत की तैयारियां



ब्रोकोली के लिए दुमट अथवा बलुई - दुमट मिटटी वाली भूमि सर्वोतम मणि जाती है। अधिक अम्लीय भूमि इसके लिए अच्छी नहीं होती है। भूरी मिटटी एवं उपजाऊपन वाले खेत भी इसकी खेती हेतु उपयुक्त होते हैं, किन्तु उनमें जल निकास का उचित प्रबंध होना चाहिए। खेत में पानी रुकना नहीं चाहिए अन्यथा पौधों की बढवार रुक जाती है और पौधे पीले पड़कर सड़ने लग जाते हैं। खेत की तैयारी के लिए दो जुताई पर्याप्त होती हैं, जिसमें अच्छी साड़ी गोबर की खाद दो कुन्तल प्रति नाली की दर से मिलाकर रोपाई हेतु भली - भंति तैयार करना चाहिए।

### बीज बुवाई का समय

अच्छे शीर्षों के निकलने एवं विकास के लिए 12 - 16 डिग्री सेन्टीग्रेट तापमान उपयुक्त होता है। अतः बीज की बुवाई एवं रोपाई के समय का निर्धारण उचित तापमान तथा क्षेत्र विशेषकर एवं वातावरणीय प्रस्थिति को ध्यान में रखते हुये किया जाना चाहिए।

निचले पर्वतीय क्षेत्र - सितम्बर अन्त से अक्तूबर
मध्य पर्वतीय क्षेत्र - मध्य अगत से सितम्बर
वेमौसमी खेती हेतु नवम्बर से मध्य जनवरी
ऊँचे पर्वतीय क्षेत्र - मार्च अथवा अप्रैल

### बीज दर

ब्रोकोली के लिए 400 - 500 ग्राम बीज प्रति हैक्टेयर (8 - 10 ग्राम प्रति नाली) पर्याप्त होता है।

### पौधशाला की तैयारी

जमीन से 15 सेमी. उठी हुयी नर्सरी की क्यारी में अच्छी साड़ी हुयी गोबर / कम्पोष्ट खाद तथा 50 - 60 ग्राम प्रति वर्गमीटर की दर से सिंगल सुपर फास्फेट मिलाकर भूमि की तैयारी करनी चाहिए। पौधशाला में भूमिगत कीटों एवं व्याधियों से बचाव के इए यह उपाय अपनायें।

क्यारी में 5 ग्राम थायरम प्रति वर्गमीटर की दर से अच्छी प्रकार मिलाकर 5 - 7 सेमी. की दुरी पर 1.5 - 2 सेमी. गहरी कतारें निकालें। तत्पश्चात कवकनाशी 10 ग्राम ड्राईकोडर्मा या एक ग्राम कार्बेन्डाजिम अथवा 2.5 ग्राम थाइरम प्रति किलोग्राम बीज के हिसाब से शोधित बीज की बुवाई करें तथा जमने तक हल्की सिंचाई फव्वारे द्वारा करें। अधिक वर्ष से बचाव हेतु नर्सरी की क्यारी को घासफूस की छपर अथवा पालीथीन शीट से ढकने का प्रबन्ध रखना चाहिए। बेमौसमी खेती हेतु पौध पालीहाउस अथवा पालिटनल के अन्दर तैयार करनी चाहिए। पालीहॉउस अथवा पालीटनल के अन्दर भी पौधशाला में जड़ों में तापमान आवश्यकता से कम होने पर पालीहाउस में हीटर लगा दें। इससे बीजों का जमाव शीघ्र होने में मदद मिलेगी।

### रोपाई

रोपाई हेतु 25 - 30 दिन की पौध उपयुक्त होती है। अतः पौध तैयार होने पर रोपाई शीघ्र करें। रोपाई से पूर्व नत्रजन की आधी मात्रा तथा फास्फोरस एवं पोटाश की पूरी मात्रा और 500 ग्राम थीमेट प्रति नाली की दर से खेत में छिड़क कर अच्छी तरह खेत तैयार कर लें। उसके बाद कतार से कतार की दूरी 45 - 50 सेमी. तथा पौध की दुरी 45 - 50 सेमी. रखते हुये पौध रोपाई कर हल्की सिंचाई करें। यदि कुछ पौधे मर गये हों अथवा बढवार अच्छी न हो तो उनके स्थान पर नई पौध की पुन : रोपाई एक हफ्ते के अन्दर कर दें। रोपाई के एक माह बाद शेष आधी नत्रजन मात्रा छिड़क कर पौधों के चारों तरफ मिटटी चढायें।

### खाद या उर्वरक

उर्वरको का प्रयोग मृदा परीक्षण के आधार पर करना उपयुक्त रहता है। अच्छी उपज के लिए प्रति हैक्टेयर 15 - 20 टन गोबर / कम्पोष्ट खद, 100 किलोग्राम नत्रजन, 100 किलोग्राम फास्फोरस तथा 50 किलोग्राम पोटाश का प्रयोग किया जाना अनुकूल होता है।

### खरपतवार नियंत्रण

शुरू के डेढ़ से दो माह तक खेत से खरपतवार निकलते रहें जिससे पौधों की बढवार अच्छी हो सके। इसके लिए आवश्यकतानुसार दो से तिन निराई - गुडाई पर्याप्त होगी।

### जड़ विगलन

इस रोग के कारण रोपाई के उपरान्त कुछ पौधों की बढ़वार रुकी हुई दिखायी पड़ती है। पौधों को उखाड़कर देखने पर पत्ता चलता है कि इनकी जड़ें गलकर केवल एक तार की तरह हो गई हैं। इसकी रोकथाम के लिए बीज उपचार आर्द्रगलन रोग जैसा करें, रोपाई के समय पौध को दावा के घोल में डुबोकर लगायें तथा रोग के लक्षण खेत में दिखाई देने पर कार्बेन्डाजिम का 0.1 प्रतिशत की दर (एक ग्राम / लीटर पानी) से घोल बनाकर पौधों की जड़ों के पास छिड़काव करें तथा उचित फसलचक्र भी अपनायें।

कलि पर्णचिती रोग व मृदुल आसिता :-

इस रोग के कारण पत्तियों पर काले या भूरे धब्बे दिखाई देते हैं। इसके नियंत्रण हेतु मैंकोजेब 2.5 ग्राम प्रति लीटर पानी की दर से पौधों में छिड़काव करें।

### कीट नियंत्रण

माहू :- इस कीट के व्यस्क तथा शिशु दोनों ही मुलायम पत्तियों से रस चूसकर पौधों को हानि पहुंचाते हैं। पत्तियां पिली पद कर सूखने लगती हैं। प्रकोप अधिक होने पर गोभी के शीर्षों में भी माहू दिखायी पड़ते हैं। इसके नियंत्रण हेतु एजेडारेकटीन 1 - 2 मिली. अथवा इमिडाक्लोप्रिड 0.3 मिली. प्रति लीटर पानी में घोल बनाकर छिड़काव करें।

### गोभी की तितली

यह एक सफ़ेद रंग की तितली हैं, जिसके पीले रंग के अंडे गुच्छे में पत्तियों के पिछ्ली स्थ पर बहुतायत में दिखाई पड़ते हैं। अंडो से निकलने वाली शुरुआती अवस्था से ही पत्तियों को भरी मात्रा में क्षति पहुंचती हैं। इसके नियंत्रण हेतु सबसे अंडों को चुनकर नष्ट कर दें फिर नियंत्रण हेतु इंडोसल्फान 35 ई.सी.का 2 मिली. अथवा इंडोक्साकार्ब 14.5 ई.सी. का 0.2 मिली. या बैसिलस थुरिंजीयेन्सिस का 1.5 - 2.0 ग्राम दवा प्रति लीटर पानी में घोल बनाकर छिड़काव करें।

### फसल की कटाई

ब्रोकोली के शीर्ष की कटाई शीर्ष की कलियों के खुलने से पहले ही की जाती है। शीर्ष को 10 - 20 से.मी. तने (डंठल) के साथ काट लिया जाता है। इसके पश्चात् निचले पत्तों के कक्षों से नई कोपलें निकलती है जिनमे छोटे - छोटे शीर्ष बनते हैं। इन्हें भी समय - समय पर काट लेना चाहिए।

### उपज

ब्रोकोली की औसत उपज 150 - 200 कुन्तल प्रति हैक्टेयर (3 - 4 कुन्तल प्रति नाली) है।

### अनुमोदित किस्में

#### के.टी.एस.- 1:-

इस किस्म के शीर्ष हरे रंग के कोमल डंठल युक्त होते हैं, जिनका औसत वजन 200 - 300 ग्राम होता है और रोपाई के लगभग 80 - 90 दिनों बाद काटने योग्य हो जाता है। मुख्य शीर्ष काटने के कुछ दिनों बाद छोटे - छोटे शीर्ष शाखाओं की तरह मुख्य भाग के रूप में पत्तियों के कक्षों से निकलते हैं उन्हें भी काटकर उत्पादन को बढ़ाया जा सकता है।

#### पालक समृद्धि

यह किस्म भी हरे शीर्ष वाली स्प्राउटिंग ब्रोकोली किस्म है। जिसका शीर्ष भाग बड़ा एवं लम्बे कोमल डंठल युक्त होता है। प्रत्येक शीर्ष का औसत वजन 25- - 300 ग्राम होता है। मुख्य शीर्ष को काटने के बाद छोटे - छोटे शीर्ष पत्तों के कक्षों से निकलते हैं। यह किस्म 85 - 90 दिनों में रोपाई के बाद कटाई योग्य हो जाती है। इसमें येलो आई रोग एवं ब्रैक्टिंग विकार के लिए प्रतिरोधिता पायी जाती है।

#### एन.एस.- 50

यह मध्यम अवधि में तैयार होने वाली संकर किस्म है। इनके हेड गठीले, समरूप एवं गुम्बदाकार होते हैं। यह किस्म कैट आई से रहित है। इसके पौधे मृदुरोमिल आसिता एवं काला सडन रोग के प्रति सहनशील है। इसका बीज नामधारी मार्क से बाजार में मिलता है।

#### ब्रोकोली संकर - 1:

इसकी परिपक्वता रोपाई के 60 - 65 दिन बाद होती है। इसके शीर्ष हरे रंग के गठीले होते हैं, जिसका औसत वजन 600 - 800 ग्राम होता है। इसके बीज राष्ट्रीय बीज निगम द्वारा किसानों को उपलब्ध कराये जाते हैं।

#### टी.डी.सी. - 6:

इसके शीर्ष हरे रंग के होते हैं, जिसका औसत वजन 600 - 800 ग्राम होता है। इसकी फसल रोपाई के 65 - 70 दिन बाद तैयार हो जाती है। इसकी बुवाई दर 300 - 350 ग्राम प्रति हैक्टेयर अनुमोदित की गयी है। इस प्रजाति के बीज उत्तराखंड तराई बीज निगम, पंतनगर द्वारा किसानों को उपलब्ध कराये जाते है।

### रोग नियंत्रण

इस फसल में बीमारियों का प्रकोप अधिक नहीं होता है किन्तु रोपाई के बाद कुछ कीटों एवं व्याधियों का प्रकोप हो सकता है।

#### आर्द्रपतन

पौध जमीन की स्थ से गलकर मरने लगती है। इसके उपचार एवं रोकथाम के लिए निम्न उपाय अपनाने चाहिए।

भूमि में जल निकास का उचित प्रबन्ध करें।

नर्सरी का स्थान ऊँची जगह पर चुने एवं हर वर्ष बदलते रहें।

कार्बेन्डाजिम एक ग्राम प्रति किलोग्राम बीज की दर से बीजोपचार कर बुवाई करें अथवा जैविक विधि से बीज उपचार हेतु ट्राइकोडर्मा विरिडी (4 ग्राम प्रति किलोग्राम बीज) अथवा ट्राइकोडर्मा हरजियानम 10 ग्राम प्रति किलोग्राम बीज अथवा 25 ग्राम ट्राइकोडर्मा एवं 2.5 किलोग्राम गोबर की खाद में मिलाकर प्रति नाली की दर से पौधशाला की मिटटी में मिलायें।

नर्सरी में बीज की घनी बुवाई न करें और बुवाई कतारों में करें।

पौधशाला को सौर्यकरण द्वारा निर्जिविकरण करें।

बुवाई के 10 दिन बाद कार्बेन्डाजिम की 1 ग्राम दवा प्रति लीटर पानी की दर से घोल बनाकर क्यारियों को तर करें तथा पुः 15 - 20 दिन बाद इसी दावा के घोल से क्यारी को ट्र कर लें।

# चीकू की आधुनिक खेती कैसे करें?

चीकू की खेती भारत के आंध्रप्रदेश, गुजरात, महारष्ट्र, कर्नाटक तथा तमिलनाडु राज्यों में की जाती है। हाल के वर्षों में इसकी खेती अलग - अलग राज्यों में होने लगी है। इसकी खेती में कम लगत में अधिक मुनाफे के कारण तेजी से लोकप्रिय हो रही है। इस फल के लिए एक खास बात यह है की इसकी खेती के लिए कम सिंचाई के साथ - साथ रख - रखाव आसान है। सबसे बड़ी बात है की इसकी अधिक मांग रहने से बाजार आसानी से उपलब्ध हो जाता है। लेकिन उन्नत तरह से खेती करने से चीकू का उत्पादन अधिक होता है।



### उन्नत किस्में

बड़े फल तथा पतले छिलके के साथ गुदा मीठा अच्छे चीकू का पहचान है इसलिए इसकी उन्नत किस्मों का अधिक ध्यान रखना जरुरी है। चीकू की उन्नत किस्में क्रिकेट बाल, कलि पत्ती, भूरी पत्ती, पी.के.एम.1, डीएसएच - 2 झुमकिया, आदि किस्में अति उपयुक्त है। क्रिकेट की बाल, कालीपट्टी, कलकत्ता राउंड, कीर्तिभारती, द्वारापुड़ी, पाला, पीकेएम -1, जोनावालासा ढ्ढ और ढ्ढ्ढ, बैंगलोर, वावी वलसा आदि परन्तु उत्तरभारत में बारहमासी किस्म ज्यादा फेमस है।

### पौध प्रवर्धन

चीकू की पौध बीज तथा कलम, भेट कलम से तैयार की जाती है लेकिन व्यवसायिक खेती के लिए किसान को शीर्ष कलम, तथा भेंट कलम विधि द्वारा तैयार पौधों को ही बोना चाहिए। पौध तैयार करने की सबसे उपयुक्त समय मार्च - अप्रैल है।

### पौधों की रोपाई

पौधों की रोपाई वर्ष ऋतू में उपयुक्त रहती है। पौधों की रोपाई से पहले पौधों के लिए जड़ों को तैयार जरुर कर लेना चाहिए। इसके लिए गर्मी के दिनों में ही 7 - 8 मी. दुरी वर्गाकार विधि से 90 से.मी. गहरा आकार के गड्ढे तैयार कर लेना चाहिए। गड्ढों को भरते समय मिट्टी के साथ लगभग 30 किलोग्राम गोबर की अच्छी तरह सड़ी खाद, 2 किलोग्राम करंज की खली एवं 5 - 7 कि.ग्रा. हड्डी का चुरा प्रत्येक गद्दे में डालकर भर देना चाहिए। पौधों को बोने के बाद जड़ों में मिट्टी भरकर थाला बना लें।

### खाद एवं उर्वरक का उपयोग

पेड़ों में समय - समय पर खाद देते रहना चाहिए, जिससे पौधों का विकास 10 वर्षों तक होता रहे। पोधों के रोपाई के एक वर्ष बाद 4 - 5 टोकरी गोबर की खाद, 2 - 3 कि.ग्रा. अरण्डी / करंज की खली एवं 50:25:25 ग्रा. एन.पी.के. प्रति वर्ष डालते रहना चाहिए। यह मात्रा 10 वर्ष तक बढ़ाते रहना चाहिए तत्पश्चात 500:250:250 ग्रा. एन.पी.के. की मात्रा प्रत्येक वर्ष देना चाहिए। इस बात का विशेष ध्यान रखना चाहिए की खाद और उर्वरक का उपयोग केवल जून तथा जुलाई में ही करना चाहिए। खाद सीधे जड़ में नहीं डालें बल्कि इसके लिए पौधे से दूर एक नाली बना लें उस नाली से खाद का घोल बनाकर दें।

### सिंचाई

बरसात के मौसम में सिंचाई की जरुरत नहीं पड़ती है लेकिन गर्मी के मौसम में 7 दिन पर तथा सर्दी के मौसम में 15 दिन पर सिंचाई करने से पौधों में फल तथा फूल अच्छे लगते है।

### पौधों की देख रेख तथा काट छांट

चीकू के पौधों को विशेष रूप से सर्दी के मौसम में पाले से बचाना जरुरी रहता है। यह खास ध्यान पौधों की रोपाई के 3 वर्ष तक रखने की जरुरत है। इसके लिए छोटे पौधों को बचाने के लिए पुआल या घास के छप्पर से इस प्रकार ढक दिया जाता है कि वे तीन तरफ से ढके रहते हैं और दक्षिण - पूर्व दिशा धूप एवं प्रकाश के लिए खुली रहती है। पौधों की रोपाई के समय मूल वृत्त पर निकली हुई टहनियों को काटकर साफ कर देना चाहिए। पेड़ का क्षत्रक भूमि से 1 मी. ऊँचाई पर बनने देना चाहिए। जब पेड़ बड़ा हो जाता है, तब उसकी निचली शाखायें झुकती चली जाती है और अन्त में भूमि को चुने लगती है तथा पेड़ की ऊपर की शाखाओं से ढक जाती है। इस शाखाओं में फल लगने भी बंद हो जाते हैं। इस अवस्था में इन शाखाओं को छीलकर निकाल देना चाहिए।

### पुष्पन एवं फलन

शीर्ष कलम तथा भेंट कलम के द्वारा तैयार पौधों में 2 वर्षों के बाद फूल एवं फल आना आरम्भ हो जाता है। इसमें फल साल में 2 बार आते है। पहली फ़रवरी से जून तक और दूसरा सितम्बर से ऑक्टोबर तक। फूल लगने से लेकर फल पककर तैयार होने में लगभग चार महीने लग जाते हैं। चीकू के पौधों से फल को गिरने से रोकने के लिए फूल के समय जिबरेलिक अम्ल के 50 से 100 पी.पी.एम. अथवा फल लगने के तुरंत बाद प्लैनोफिक्स 4 मिली./ली. पानी के घोल का छिड़काव करने से फलन में वृद्धि एवं फल गिरने में कमी आती है।

### रोग एवं कीट नियंत्रण

चीकू की पौधों में एक विशेषता यह रहती है की इस पर रोगों तथा कीटों का प्रकोप कम होता है। इसके बाबजूद भी पर्ण दाग रोग तथा कलि बेधक, तना बेधक, पत्ती लपेटक एवं मिलीबग आदि कीटों का प्रभाव देखा जाता है। इसके नियंत्रण के लिए मैंकोजेब 2 ग्रा./ लीटर तथा मोनोक्रोटोफास 1.5 मिली./ लीटर के घोल का छिड़काव करना चाहिए।

### उपज

चीकू में रोपाई के दो वर्ष फल मिलना प्रारम्भ हो जाता है। जैसे - जैसे पौधा पुराना होता जाता है। उपज में वृद्धि होती जाती है। एक 30 वर्ष पेड़ से 25,00 से 3,000 तक फल प्रति वर्ष हो जाते हैं।





CMYK CMYK CMYK CMYK